दैनिक भास्कर | शेखपुरा | पटना, रविवार 08 अक्टूबर, 2017 | 3


## बीएड में नामांकन प्रक्रिया अंतिम चरण में, 15 को होगी परीक्षा

- इस कॉलेज में अब जल्द ही पठन- पाठन का कार्य शुरू हो जाएगा
- बीएड कोर्स के लिए 9 व डीएलईडी कोर्स के लिए 14 अक्टूबर तक नामांकन फॉर्म भरा जाएगा

सिटी रिपोर्टर | शेखपुरा

जिले के एकमात्र बीएड कॉलेज व शेखपुरा [illegible] ओनामा में स्थित साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग में नामांकन की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। जिले में इस कॉलेज की स्थापना के बाद अब जल्द ही इसमें पठन- पाठन का कार्य भी शुरू हो जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए कॉलेज के चेयरमैन अंजेश कुमार ने बताया कि बीएड कोर्स के लिए 9 अक्टूबर तक एवं डीएलईडी कोर्स के लिए 14 अक्टूबर तक नामांकन फॉर्म भरा जाएगा। इस तिथि तक छात्र एडमिशन ले लें।



साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग

### दोनों कोर्स के लिए कॉलेज को 100-100 सीट

दोनों कोर्स हेतु कॉलेज को 100 -100 सीट की मान्यता प्राप्त है। नामांकन फॉर्म भरे जाने के बाद 15 अक्टूबर को दोनों कोर्स के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा कॉलेज में ही ली जाएगी। इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों का ही नामांकन किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जिले में कॉलेज की स्थापना के पश्चात बेहतर शिक्षा व्यवस्था मुहैया कराने के प्रति वे पूरी तरह कटिबद्ध रहेंगे। चूंकि यह सत्र पहले ही पूरे बिहार में लेट हो चुका है, फिर भी 2 वर्षीय इस कोर्स को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। आगामी 1 नवंबर से कॉलेज में कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। [illegible] है कि इस कॉलेज को आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित किया गया है। बता दें कि बीएड कोर्स के लिए 9 अक्टूबर तक एवं डीएलईडी कोर्स के लिए 14 अक्टूबर तक नामांकन फॉर्म भरा जाएगा

## सांईं टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में नामांकन के लिए तिथि घोषित

- ओडीएल के तहत नामांकन के लिए आ रहे हैं विद्यार्थी
- जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को मिल रहा है शिक्षा ऋण

**बरबीघा.** जिले के पहले शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के रूप में स्थापित होने वाला सांईं टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज अपने यहां नामांकन के लिए अंतिम तिथि घोषित कर चुका है. महाविद्यालय के निदेशक अंजेश कुमार ने बताया की विभिन्न पाठ्यक्रमों में आगामी 15 नवंबर तक नामांकन लिया जाएगा. सरकारी एवं निजी विद्यालयों में अप्रशिक्षित शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण की अनिवार्यता को देखते हुए सरकारी घोषणा के अनुसार चलाया जा रहा ओडीएल कार्यक्रम में सांईं टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में राज्य के विभिन्न जिलों से विद्यार्थियों ने नामांकन कराया है.

अंजेश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण के अन्य विधाओं में नामांकन के लिए जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को सरकार के द्वारा आरंभ किया गया शिक्षा ऋण भी विद्यालय के सहयोग से दिलवाने का प्रयास किया जा रहा है.

यह भी बताया कि एनसीटीई एवं अन्य जगहों से मान्यता प्राप्त इस महाविद्यालय में विशेषज्ञ शिक्षकों के माध्यम से निर्धारित मानक के अनुरूप प्रशिक्षण की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई है. जिससे नामांकित छात्र-छात्राओं को शिक्षक बनकर समाज में अपना उत्कृष्ट यो[redacted] की प्रेरणा मिलेगी.

SAI COLLEGE OF TEACHER'S TRAINING
Recognized by ERC, NCTE Bhubaneswar & Affiliated to Munger University, Munger & BSEB, Patna
SH-83, "SAI DHAM" AT+PO-ONAMA, VIA-BARBIGHA (SHEIKHPURA)-811101
Email-Id- scott.nirman@gmail.com, Website - www.sctt.org.in
Contact: 8292705636, 7004053664

# डीएलएड के लिए साईं टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में जांच परीक्षा



जांच परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राएं।

सिटी रिपोर्टर | शेखपुरा

जिले के एकमात्र बीएड कॉलेज व शेखोपुरसराय प्रखंड अंतर्गत ओनामा में स्थित साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग में डीएलएड कोर्स के लिए नामांकन को लेकर जांच परीक्षा आयोजित की गई। इस दौरान चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच अभ्यर्थियों की परीक्षा कराई गई। जानकारी देते हुए कॉलेज के चेयरमैन अंजेश कुमार ने बताया कि बीएड एवं डीएलईडी कोर्स के लिए कॉलेज को 100- 100 सीट की मान्यता प्राप्त है। उन्होंने बताया कि डीएलएड को लेकर कुल 128 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 105 अभ्यर्थियों को जांच परीक्षा के लिए बुलाया गया। जिसमें 88 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। द्वितीय चरण की प्रक्रिया के तहत 16 से 29 अक्टूबर तक अभ्यर्थियों का आवेदन लिया जाएगा तथा 30 को प्रवेश से पूर्व परीक्षा ली जाएगी। इस परीक्षा में उत्तीर्ण करने वाले छात्र छात्राओं का ही इस कोर्स के लिए कॉलेज में नामांकन किया जा सकेगा। वर्तमान में बिहार में कुल ढाई लाख प्राथम्कि शिक्षक की नियुक्ति लंबित है। इसका सबसे बड़ा मुख्य कारण यह है कि बिहार में प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी की संख्या मात्र महज लगभग 10 हजार ही है।

## एक नजर

### जांच परीक्षा में शामिल हुए 88 छात्र-छात्राएं

बरबीघा : प्राथमिक शिक्षक बनने के लिए सरकार द्वार बीएड/डीएलएड अनिवार्य किए जाने के बाद इसमें नामांकन के लिए लोगों में होड़ सी लग गई है । इसके लिए जिले के एक मात्र बीएड/डीएलएड कॉलेज के रूप में साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा बरबीघा में नामांकन लेने के लिए लोग जुट गये हैं । किन्तु इस कॉलेज में प्रसारित सौ सीट डीएलएड द्वारा निर्धारित है । लेकिन प्रथम चरण में नामांकन हेतु 128 आवेदन आ चुके हैं । जिसके तहत कॉलेज की ओर से 105 लोगों को नामांकन पूर्व परीक्षा के लिए बुलाया गया । इस जांच परीक्षा में 88 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया । कॉलेज अध्यक्ष अंजेश कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में बिहार में लगभग 2 लाख 50 हजार प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति लंबित है । इसका मुख्य कारण बिहार में प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी की श्रेणी में मात्र 10 हजार के करीब है । इसी को ध्यान में रखकर इस प्रशिक्षक कॉलेज की स्थापना शेखपुरा जिला के बरबीघा के ओनामा में की गई है । डीएलएड में नामांकन हेतु आवेदन की तिथि 16 से 29 अक्टूबर तक लिया जाएगा । जबकि 30 को जांच परीक्षा ली जाएगी ।

# SAI COLLEGE OF TEACHER'S TRAINING

Recognized by ERC, NCTE Bhubaneswar & Affiliated to Munger University, Munger & BSEB, Patna

SH-83, "SAI DHAM" AT+PO-ONAMA, VIA-BARBIGHA (SHEIKHPURA)-811101

Email-Id- scott.nirman@gmail.com, Website - www.sctt.org.in

Contact: 8292705636, 7004053664


## दो सौ से अधिक छठव्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण

**बरबीघा.** ईश्वर एक है, लेकिन संसार के समस्त क्षेत्र में मौजूद हैं. वह सभी जरूरतमंदों के सामने स्वयं उपस्थित नहीं हो सकता, इसलिए एक दूसरे की मदद के लिए इंसान को बनाया है. इसलिए इंसानों को अपनी भूमिका समझनी चाहिए. उक्त बातें बरबीघा वारिसलीगंज पथ पर अवस्थित सांईं टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के डायरेक्टर अंजेश कुमार ने लोक आस्था से जुड़े चार दिवसीय महापर्व छठ व्रत के दूसरे दिन अपने पैतृक भूमि मेहुस गांव में आयोजित छठ व्रत पूजन सामग्री वितरण समारोह के उपरांत पत्रकारों के बीच कही. उनके सह ग्रामीण व कांग्रेस नेता कंचन कुमार ने कहा कि सांईं टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के बैनर तले आयोजित इस वितरण समारोह में 200 से अधिक छठ व्रत करने वाली जरूरतमंद महिला श्रद्धालुओं के बीच फल फूल व वस्त्र आदि पूजन सामग्री का वितरण किया गया है.

## बीएड कॉलेज प्रशासन द्वारा छठ व्रतियों के बीच फल एवं पूजन सामग्री वितरित

**शेखपुरा** | ओनामा स्थित बीएड कॉलेज साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग द्वारा छठ व्रतियों के बीच फल एवं पूजन सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान कॉलेज के निदेशक अंजेश कुमार ने कॉलेज के सीमावर्ती गांव के साथ -साथ अपने पैतृक गांव सदर प्रखंड अंतर्गत मेहूंस में भी कार्यक्रम का आयोजन कर सामग्री का वितरण किया। कहा कि बेहतर शिक्षा मुहैया कराने के साथ-साथ कॉलेज प्रशासन सामाजिक कार्यों में भी बढ़ चढ़कर लगातार अपनी भागीदारी निभाता रहेगा। मौके पर उनके साथ कंचन कुमार, निरंजन कुमार, रामानुज कुमार, अजय कुमार, रमेश कुमार आदि मौजूद थे।

## छठ व्रतियों के बीच सूप नारियल व पूजा सामग्री का वितरण

**शेखपुरा।** मंगलवार के दिन साईं कॉलेज टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा ,शेखोपुरसराय की ओर से 251 छठ वर्तियों के बीच सूप नारियल एवं पूजा सामग्री का वितरण किया गया। यह




पूजा सामग्रियों को वितरित करते चेयरमैन व अन्य।

वितरण मेहूस ग्राम मे मुसहरी टोला कोयला तर एवं उत्तर टोला में जरूरतमंद गरीब छठ वर्तियों के बीच किया गया । साथ ही 50 -50 रुपये का आर्थिक सहयोग भी सभी सूप पर दिया गया । पूजा सामग्री का वितरण विगत 5 वर्षो से किया जा रहा है ।वितरण का कार्यक्रम साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग के चेयरमैन अंजेश कुमार एवं उनके लड़के अमन अमित के माध्यम से किया गया साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता कंचन कुमार प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष शेखपुरा रामानुज कुमार मनोज कुमार एवं गोपेश कुमार ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।


पटना, रविवार 17.12.2017 प्रभात खबर 04


### ब्रीफ न्यूज



सेमिनार को संबोधित करते साईं टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के निदेशक .

## स्टूडेंट्स कार्ड योजना की दी गयी जानकारी

**बरबीघा.** [illegible]

## सामाजिक जागरूकता के लिए लगा शिविर

# साईं टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में डीएलएड की कक्षा शुरू

## आदर्श शिक्षक बनने के लिए अनुशासन जरूरी



बैच शुरू होने से पूर्व शिक्षक व प्रशिक्षणार्थी।

सिटी रिपोर्टर | शेखपुरा

जिले के ओनामा स्थित साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग में डीएलएड के प्रथम सत्र 2017-19 के प्रथम बैच की विधिवत शुरुआत की गई। कॉलेज के शिक्षक व प्रशिक्षणार्थियों ने बैच शुरू होने से पूर्व एक बार फिर एक दूसरे से रू-ब-रू हुए। कॉलेज के निदेशक अंजेश कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को कड़ी मेहनत की बदौलत अपने लक्ष्य तक पहुंचने के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने अनुशासन बनाए रखने की अपील की। अनुशासन के बगैर अपने मुकाम तक पहुंचना काफी मुश्किल है। ऐसे में प्रशिक्षण हासिल कर एक आदर्श शिक्षक बनने के लिए अनुशासन का पालन जरूरी है। कॉलेज में शुरू हुए डीएलएड की कक्षा को लेकर प्रशिक्षणार्थियों में भी खासा उत्साह दिखा। निदेशक अंजेश ने बताया कि जिले के एकमात्र इस टीचर्स प्रशिक्षण संस्थान में टेक्नोलॉजी आधारित प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गई है। तकनीकी कारणों से 1 जुलाई के बदले 1 नवंबर से कक्षा का प्रारंभ किया गया है। एनसीटीई के नियमानुसार प्रतिवर्ष 200 दिन कक्षा के अनुसार जून 2018 तक पूरा करना अनिवार्य है। इस बात को ध्यान में रखकर 8 माह में ही 200 दिन कक्षा कार्य पूरा किया जाना है। ऐसे में संस्थान ने निर्णय लिया है कि अवकाश के दिनों में भी कक्षा का संचालन किया जाएगा।

# साईं डी.एलएड कॉलेज में शैक्षणिक सत्र की शुरुआत



सत्र की शुरुआत में संस्थान के चेयरमैन के साथ छात्र-छात्राएं • जागरण

जागरण संवाददाता, शेखपुरा : जिले के अंबारी में स्थित साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग में बुधवार को शैक्षणिक सत्र की शुरुआत की गई। यह सत्र 2017-19 की शुरू की गई है। शैक्षणिक सत्र की विधिवत शुरुआत कॉलेज के चेयरमैन अंजेश कुमार ने किया। इस अवसर पर नामांकित प्रशिक्षणार्थियों ने हिस्सा लिया। कॉलेज के चेयरमैन अंजेश कुमार ने इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को कॉलेज की लाइब्रेरी तथा कंप्यूटर लैब का फायदा उठाने की सलाह दी। बताया गया कि पहले पढ़ाई की शुरुआत जुलाई महीने से ही शुरू होनी थी। मगर कुछ तकनीकी वजहों से पहली नवंबर से पढ़ाई शुरू की गई। अंजेश ने जिला के इस संस्थान को जिला ही नहीं आस-पास के इलाके का आदर्श टीचर ट्रेनिंग संस्थान बनाने में प्रशिक्षणार्थियों से सहयोग करने की अपील की तथा संस्थान का अनुशासन को पालन करने की भी सलाह दी। अंजेश ने बताया कि यह संस्थान एनसीटीइ के मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है तथा योग्य शिक्षकों को तैनात किया गया है।

**SAI COLLEGE OF TEACHER'S TRAINING**

Recognized by ERC, NCTE Bhubaneswar & Affiliated to Munger University, Munger & BSEB, Patna

SH-83, "SAI DHAM" AT+PO-ONAMA, VIA-BARBIGHA (SHEIKHPURA)-811101

Email-Id- scott.nirman@gmail.com, Website - www.sctt.org.in

Contact: 8292705636, 7004053664

## कल लगेगा स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के लिए कैंप

बरबीघा : शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा के परिसर में विधार्थियों की सुविधा के लिए स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए कॉलेज में अध्ययनरत अथवा नये नामांकन जो बीएड एवं डीएलएड में कराना चाहते हैं, उनके लिए आयोजित किया जा रहा है। इस आशय की जानकारी देते हुए साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग के चेयरमैन अंजेश कुमार एवं डिप्टी चेयरमैन रमेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के 7 निश्चय योजना अंतर्गत यह एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसमें टेक्निकल अथवा उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए इच्छुक छात्र-छात्राओं जिनकी उम्र 25 वर्ष तक है वे इस योजना से लाभ उठा सकते हैं। चेयरमैन अंजेश कुमार ने बताया कि अबतक इस विधालय में अध्यनरत खगड़िया, भागलपुर एवं मुंगेर जिले के 8 छात्र-छात्राओं को स्टुडेन्ट क्रेडिट कार्ड का लाभ प्राप्त हो चुका है। शेखपुरा जिले के जो भी छात्र-छात्राएं इसका लाभ लेना चाहते है वे इस कैम्प में भाग लेकर आवेदन दे सकते हैं। शिविर में जिला प्रशासन के संबंधित अधिकारी डीपीओ योजना, स्कीम मैनेजर विकास कुमार, लीना कुमारी, कोर्डिनेटर सुरज कुमार व बैंक के पदाधिकारियों के अलावा कॉलेज के लोग उपस्थित रहेंगे।

---

**DainikBhaskar.com**
16, Dec | Sheikhpura Bhaskar
PAGE 3

## स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को लेकर कैंप का आयोजन



टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में आयोजित कैम्प

सिटी रिपोर्टर | शेखपुरा

शेखपुरा जिले के ओनामा स्थित साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग परिसर में स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को लेकर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शिवचंद बैठा द्वारा किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रेनिंग कॉलेज के निदेशक अंजेश कुमार ने किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के सात निश्चय योजना के तहत स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से लाभ प्राप्त करने वाले संबंधित छात्र -छात्राओं की विवरणी प्रस्तुत की गयी। इस दौरान 30 छात्र-छात्राओं को क्रेडिट कार्ड का लाभ लेने हेतु चयनित किया गया। योजना के संबंध में जानकारी देते हुए एएमएस विकास कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री की इस योजना के तहत 4 लाख रुपए तक का लोन किसी भी 25 वर्ष तक की आयु वाले स्टूडेंट जो इंटरमीडिएट उत्तीर्ण है, उनको उच्च शिक्षा हेतु दिया जा सकता है तथा इसकी गारंटी बिहार सरकार लेती है।

उच्च शिक्षा अंतर्गत बीएड एवं डीएलएड कोर्स भी आता है। जिसके लिए स्टूडेंट को पूरी फीस एवं हॉस्टल खर्च भी मुहैया कराया जाएगा। स्टूडेंट की पढ़ाई पूरी हो जाने के 1 वर्ष बाद किस्त की राशि वापसी का प्रावधान है। मौके पर निदेशक अंजेश कुमार ने कहा के सरकार की यह योजना छात्र छात्राओं के बेहतर भविष्य में अहम भूमिका निभा रही है।

---

## स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड से संवर सकता विद्यार्थियों का भविष्य



स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड शिविर में उपस्थित पदाधिकारी

**संवाद सूत्र, बरबीघा:** विद्यार्थियों को उच्चर शिक्षा में सहयोग करने को ले ओनामा साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग परिसर में छात्र क्रेडिट कार्ड योजना हेतु शिविर लगाया गया। इस शिविर का उद्घाटन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी योजना एवं लेखा शिवचन्द्रर बैठा द्वारा किया गया। जबकि अध्यक्षता साईं कॉलेज ऑफ टीचर्सट्रेनिंग ओनामा के अध्यक्ष अंजेश कुमार ने की। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए एएमएस विकास कुमार ने बताया कि मुखमंत्री के सात निश्चय योजना के तहत स्टुडेन्ट कार्ड के तहत जरूरतमंद छात्र-छात्राओं की पढ़ाई-लिखाई के लिए राशि उपलब्ध कराई जाती है।

इससे विधार्थी अपने भविष्य को संवार सकते हैं। इन्होंने इस योजना के संबंध में विस्तृत रूप से उपस्थित छात्र-छात्राओं को जानकारियां दी और इससे अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। इस शिविर में साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा शेखपुरा में नामांकित लगभग 100 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति थी, जिसमें लगभग 30 छात्र-छात्राओं को स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड हेतु योग्य पाया गया। विकास कुमार द्वारा बताया गया कि इस योजनाके तहत किसी भी विधार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिए 4 लाख रूपये तक का लोन दिया जाता है। जिनकी उम्र 25 वर्ष तक हो और वे इंटरमीडिएट उत्तीर्ण हों। उनकों उच्च शिक्षा हेतु लोन के रूप में राशि दी जाती है, इसकी गारंटी बिहार सरकार लेगी।

**विद्यार्थियों को उच्चतर शिक्षा में सहयोग करने के लिए ओनामा साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग में लगाया गया शिविर**

उच्च शिक्षा के अंतर्गत बीएड एवं डीएलएड कोर्स भी आता है, जिसके लिए स्टु डेन्टच को पूरी फीस एवं हॉस्टल खर्च भी मुहैया कराया जाता है। इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी शिवचन्द्र बैठा ने योजना के बारे में पूरी जानकारी देने के बाद विद्यार्थियों से इस योजना से लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर ट्रेनिंग कॉलेज के उपाध्यक्ष रमेश कुमार, डीआरसीसी के जय कोरमा, राजनाथ, रामप्रवेश के अलावा साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग के कर्मी भी उपस्थित थे।

# SAI COLLEGE OF TEACHER'S TRAINING

Recognized by ERC, NCTE Bhubaneswar & Affiliated to Munger University, Munger & BSEB, Patna

SH-83, "SAI DHAM" AT+PO-ONAMA, VIA-BARBIGHA (SHEIKHPURA)-811101

Email-Id- scott.nirman@gmail.com, Website - www.sctt.org.in

Contact: 8292705636, 7004053664


अच्छी पहल | दहेज व बाल विवाह के खिलाफ मुहिम में शामिल हुए विद्यार्थी, नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर दूर रहने की दिलाएंगे संकल्प

# कुरीतियों के प्रति अब विद्यार्थी लाएंगे जागरुकता

सिटी रिपोर्टर | शेखोपुरसराय

दहेज एवं बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के खात्मे के लिए सरकार जहां लगातार अभियान चला रही है, वहीं इन सबके बीच अब छात्र-छात्राएं भी नुक्कड़ नाटक से आम लोगों को इन कुरीतियों के प्रति जागरूक करेंगे। इस अभियान को सफल बनाने के लिए शेखोपुरसराय प्रखंड अंतर्गत ओनमा स्थित साईं टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज ने अपनी पहलकदमी तेज कर दी है। मानव श्रृंखला से पहले लगातार चलने वाले इस कार्यक्रम को लेकर खाका तैयार कर लिया गया है। साई कॉलेज ओनमा के सभागार में मानव श्रृंखला में आम भागीदारी की सफलता को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कॉलेज के निदेशक अन्जेश कुमार ने की।

### कॉलेज की छात्र छात्राएं लोगों को करेंगे जागरूक

बाल विवाह एवं दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ कॉलेज के छात्र- छात्राएं आम लोगों को जागरूक करेंगे। इसके लिए कॉलेज के छात्र- छात्राएं विभिन्न क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक में अपनी भागीदारी निभाकर लोगों के बीच संदेश देंगे। कॉलेज के निदेशक अंजेश कुमार ने बताया कि इस दौरान आर्ट टीचर विश्वजीत प्रसाद की अगुवाई में छात्र-छात्राओं का जत्था ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच अपने कला के माध्यम से कुरीतियों के दुष्परिणामों को बताएंगे। मौके पर उपाध्यक्ष रमेश कुमार, सहायक प्रोफेसर रामानुज प्रसाद सिंह, अमित कुमार, प्रियंका कुमारी, रविंद्र कुमार, रघुवीर प्रसाद समेत अन्य उपस्थित थे।



बैठक में शामिल लोग।

### मानव शृंखला के लिए भी करेंगे अपील

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल विवाह एवं दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूक करने के साथ-साथ आगामी 21 जनवरी को आयोजित होने वाले मानव शृंखला में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने को लेकर भी आम लोगों से अपील की जाएगी। व अपनी भागीदारी निभाने के प्रति जागरूक करेंगे। आगामी 21 जनवरी को किसी भी हाल में सड़कों पर निकल इस मानव शृंखला को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया जाएगा।

कराया. साथ ही चार एएनएम को भी ... योजना है कि कालाजार पर पूरी तरह ... प्रक्रिया शुरू कर दी है.

# महोत्सव के रूप में मनेगी मानव शृंखला

**बरबीघा.** सदियों से भारतीय समाज में चली आ रही बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों का 21वीं सदी के भारत में अब कोई स्थान नहीं रहना चाहिए. इसीलिए राज्य सरकार के द्वारा इसके विरुद्ध जन जागरूकता के लिए प्रस्तावित 21 जनवरी के मानव श्रृंखला में साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग के नामांकित छात्र-छात्राओं के द्वारा न केवल महत्वपूर्ण भागीदारी की जाएगी, बल्कि नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक गोष्ठी का आयोजन कर इस दिवस को एक महोत्सव का रूप दिया जाएगा. उक्त बातें साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग के चेयर पर्सन अंजेश कुमार ने गुरुवार को कॉलेज परिसर में आयोजित बैठक के उपरांत पत्रकारों को दिया. बैठक के दौरान विद्यालय प्रबंधन से जुड़े पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए अंजेश कुमार ने कहा कि महावीर चौक से शेखोपुरसराय वाले रूट में सीतारामपुर, कुतुबचक, ओनमा आदि गांव के रास्ते पर महाविद्यालय के नामांकित छात्र-छात्राओं के द्वारा शतप्रतिशत उपस्थिति दिखाते हुए मानव श्रृंखला का निर्माण करना है. बैठक में कॉलेज के उपाध्यक्ष रमेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक रामानुज प्रसाद सिंह, प्रभारी प्राचार्य कमलाधर मिश्रा, सहायक प्राध्यापक रविंद्र कुमार, अमित कुमार, विश्वजीत कुमार, अस्मिता कुमारी, प्रियंका कुमारी, राजाराम आदि लोग उपस्थित थे.



बैठक को संबोधित करते चेयरपर्सन अंजेश कुमार.

# SAI COLLEGE OF TEACHER'S TRAINING

Recognized by ERC, NCTE Bhubaneswar & Affiliated to Munger University, Munger & BSEB, Patna

SH-83, "SAI DHAM" AT+PO-ONAMA, VIA-BARBIGHA (SHEIKHPURA)-811101

Email-Id- scott.nirman@gmail.com, Website - www.sctt.org.in

Contact: 8292705636, 7004053664


# कई शिक्षण संस्थानों में भी मनायी गई स्वामी विवेकानंद की 155 वीं जयंती

सिटी रिपोर्टर | शेखोपुरसराय/बरबीघा।



स्वामी विवेकानंद की चित्र पर माल्यर्पण करते लोग।

साईं कॉलेज ऑफ टीचर ट्रेनिंग कॉलेज ओनामा मैं स्वामी विवेकानंद की 155 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के अध्यक्ष अन्जेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं राष्ट्रगान से किया गया।

तत्पश्चात मुख्य अतिथि के रुप में प्रतिनियोजित प्राधिकारी सुनील कुमार सिन्हा एवं अजीत कुमार के द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री रामानुज सिंह, अस्मिता कुमारी, राजाराम, रविंद्र कुमार, कमलाधर मिश्रा, अमित कुमार, विश्वजीत कुमार, प्रियंका कुमारी एवं छात्र-छात्राओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

वही बरबीघा में भी निजी व सरकारी विद्यालय में धूमधाम से स्वामी विवेकानंद की 155 भी जयंती मनाई गई।

शेखपुरा जागरण

# जयंती पर याद किए गए विवेकानंद

## कई शिक्षण संस्थानों में युवा दिवस के रूप में मनाई गई जयंती, निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन

संवाद सूत्र, बरबीघा : बरबीघा के विभिन्न स्थानों पर स्वामी विवेकानंद की 155वीं जयंती मनाई गई। ओनामा स्थित साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग के सभागार में स्वामी की जयंती समारोह आयोजित कर मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता कॉलेज के अध्यक्ष अंजेश कुमार ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना व राष्ट्रीय गान से किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दंडाधिकारी सुनील कुमार सिन्हा, चेयरमैन अंजेश कुमार व रमेश कुमार ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्जवलित करने के बाद स्वामी विवेकानन्द की तैल चित्र पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर लिखे गये निबंधों की प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों को उनके उद्देश्यों और आदर्शों पर चल कर इस देश को अपनी सभ्यता और संस्कृति से जोड़ने का भी प्रयत्न किया। इस समारोह में प्राध्यापक रामानुज सिंह, स्मिता कुमारी, राजाराम, रवीन्द्र कुमार, कमलाधर मिश्रा, अमित कुमार, विश्वजीत कुमार, प्रियंका कुमारी आदि लोगों ने भी अपना विचार व्यक्त किया। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में भी स्वामी विवेकानन्द की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संजीत प्रभाकर, जिला उपाध्यक्ष हीरालाल सिंह, मंडल अध्यक्ष सुबोध सिंह आदि लोगों ने स्वामी विवेकानन्द की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए उनके विचारों के बारे में चर्चा की। आदर्श कोचिंग सेंटर में भी स्वामी विवेकानन्द की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस मौके पर अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक राजकुमार प्रसाद सिंह ने स्वामी जी को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। श्रद्धानंद स्मारक कुशल युवा प्रोग्राम सेन्टर में युवा दिवस के रूप में स्वामी विवेकानन्द की जयंती मनाई गई।



दीप प्रज्वलित कर स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाते कॉलेज के प्राचार्य व अन्य लोग

### धूमधाम से मनाई गई विवेकानंद की जयंती

जागरण संवाददाता, शेखपुरा : शुक्रवार को जिला में स्वामी विवेकानंद की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। विवेकानंद की जयंती मनाने के लिए कई स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विद्यार्थी परिषद, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा नेहरू युवा केंद्र द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़ा कार्यक्रम शहर के सिनेमा रोड स्थित के सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अलावा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारत सेवक समाज, भारत विकास परिषद के लोग भी एक साथ जुटे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रमुख राधेश्याम ने की। इसमें भगवान दास गुप्ता, अभय कुमार, चंदन कुमार, सुमित कुमार आदि भी शामिल हुए। आरडी कॉलेज में अलग से राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। इसमें डॉ. सत्यनारायण सिंह, प्रो. राहुल, प्रो. बद्री लाल, प्रो. राजेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भी हिस्सा लिया। विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल लोगों ने युवाओं को अपने भीतर की उर्जा तथा सोच को समाज को सकारात्मक दिशा देने में इस्तेमाल करने की अपील की। वक्ताओं ने इस अवसर पर युवाओं तथा छात्र-छात्राओं के भीतर विवेकानंद जैसा ओज पैदा करने का आह्वान किया। अलग-अलग कार्यक्रमों में लोगों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर फूल-माला चढ़ाकर उन्हें याद किया।

आंदोलन किया जाएगा। मिटाने के लिए राजाराम मोहन राय ने इस रानी, संजू कुमारी आदि मौजूद थे।

## इंटर प्रैक्टिकल की परीक्षा शुरू



प्रायोगिक परीक्षा का जायजा लेते अधिकारी

**जागरण संवाददाता, नालंदा :** साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा बरबीघा में गुरुवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच इन्टमीडिएट विज्ञान एवं कला संकाय की प्रायोगिक परीक्षा पहले दिन सम्पन्न हुई। कॉलेज के निदेशक अंजेश कुमार ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला स्तर से दो मजिस्ट्रेट सुनील कुमार सिन्हा एवं सविता आर्या पर्यवेक्षिका के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात किए गए। आज की सम्पन्न परीक्षा में संजय गाँधी स्मारक महिला महा विद्यालय भौतिकी विज्ञान के 193 छात्राओं, कला संकाय में इसी महाविद्यालय के होमसाइंस में क्रमांक 01 से 90 तक के छात्राओं ने आज प्रथम दिन परीक्षा में हिस्सा लिया। इसी तरह से तैलिक बालिका उच्च विद्यालय के 48 छात्राओं ने भूगोल विषय की प्रायोगिक परीक्षा में भाग ली। 12 जनवरी को तैलिक बालिका उच्च विद्यालय रौल कोड 86023 के क्रमांक 1800001 से 18010090 तक प्रथम पाली में एवं क्रमांक 18010091 से 18010181 तक द्वितीय पाली ली जाएगी। इसी प्रकार प्रथम पाली में कला संकाय में टाउन उच्च विद्यालय बरबीघा के रौल कोड 86022 क्रमांक 1803000 से 18030044 तक गृह विज्ञान तथा संजय गाँधी स्मारक महिला महा विद्यालय शेखपुरा के रौलकोड 8604 भूगोल की परीक्षा द्वितीय पाली में ली जाएगी।

## प्रायोगिक परीक्षा में उमड़े परीक्षार्थी

- दर्जनभर परीक्षार्थियों की रही अनुपस्थिति
- अनुपस्थित परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र लेगा बाद में निर्णय



साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग परिसर में प्रायोगिक परीक्षा में शामिल छात्राएं.

**बरबीघा.** ओनामा स्थित साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग परीक्षा केंद्र पर घने कोहरे व भीषण ठंड में भी प्लस टू की जारी प्रायोगिक परीक्षा में परीक्षार्थियों का हुजूम उमड़ पड़ा. कॉलेज के अंजेश कुमार ने बताया कि मौसम के बिगड़े हालात के बावजूद विज्ञान संकाय के कुल 194 परीक्षार्थियों में कुल छह परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. जबकि गृह विज्ञान जैसे कला संकाय के विषयों में कुल 64 परीक्षार्थियों में एक छात्रा अनुपस्थित रही. कमोबेश यहीं स्थिति क्षेत्र के एकमात्र अंगीभूत महाविद्यालय एसकेआर कॉलेज में भी देखने को मिली. 40 के अनुपात में ग्रुप डिवीजन कर विभिन्न विद्यालयों के परीक्षार्थियों को दो-दो पालियों में प्रायोगिक परीक्षा के लिए आमंत्रित किया गया है. अंजेश कुमार ने बताया कि ग्रुप डिवीजन की पर्ची को महाविद्यालय परिसर में जहां सूचना के लिए चिपकाया गया है. वहीं अत्याधुनिक सूचना के द्वारा तथा संबंधित विद्यालय के प्रधानों के माध्यम से परीक्षार्थियों को प्रायोगिक परीक्षा की तिथि की सूचना दी जा चुकी है. इसीलिए केवल निश्चित परीक्षार्थियों का हुजूम ही परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हो रहा है. साईं कालेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग को पहली बार परीक्षा केंद्र के रूप में शिक्षा प्रशासन द्वारा उसके उचित प्रबंधन एवं संसाधनों की उपलब्धता के कारण निर्धारित किया गया है. परीक्षा नियंत्रक रामानुज सिंह ने बताया कि प्रायोगिक परीक्षा के मौखिक प्रश्नों के लिए आंतरिक एवं बाह्य मूल्यांकनकर्ता की प्रतिनियुक्ति की गई है. जबकि चेयर पर्सन अंजेश कुमार ने बताया कि प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी के मौजूदगी में कदाचार मुक्त वातावरण में प्रायोगिक परीक्षा का संचालन किया जा रहा है.

## परीक्षा को केंद्राधीक्षकों के साथ बैठक



प्रायोगिक परीक्षा को ले बैठक करते ट्रेनिंग कॉलेज के अधिकारी व शामिल शिक्षक

**संवाद सूत्र, बरबीघा :** 11 से 25 जनवरी तक होने वाली इंटर प्रायोगिक परीक्षा को लेकर मंगलवार को साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा में केंद्राधीक्षकों के साथ बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता कॉलेज के चेयरमैन अंजेश कुमार ने की। बताया गया कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना द्वारा प्रायोजित इंटर की प्रायोगिक परीक्षा के लिए साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग में केन्द्र बनाया गया है। इसमें लगभग 1300 परीक्षार्थी होंगे।

इसमें साइंस के लगभग 1000 और आर्ट्स के करीब 300 विद्यार्थी शामिल होंगे। कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने और परीक्षार्थी को छोड़ किसी भी बाहरी व्यक्ति को केंद्र के अंदर आने पर रोक लगाई जा रही है। परीक्षा ओएमआर शीट पर लिए जाएंगे जो कि छात्र-छात्राओं के लिए प्रथम प्रयोग है। [illegible] परीक्षा में प्रयोग [illegible] किया गया है। यह केन्द्र संजय गांधी महिला कॉलेज शेखपुरा, तैलिक बालिका प्लस-2 उच्च विद्यालय बरबीघा, [illegible] टाउन उच्च वि. बरबीघा, [illegible] विद्यालय कटारी के परीक्षार्थियों के लिए स्थापित किया गया है।

बैठक में साईं कॉलेज के उपाध्यक्ष [illegible] कुमार, केंद्राधीक्षक [illegible] सिन्हा, सह प्राध्यापक रामानुज सिंह, [illegible] कुमार, अमित कुमार, [illegible] कुमार, [illegible] कुमारी, अनुज कुमार [illegible] सिन्हा, [illegible] गिरी, [illegible] कुमार, [illegible] उपस्थित थे।

## ओएमआर सीट भरने का दिया गया प्रशिक्षण

**जागरण संवाददाता, शेखपुरा :** इस साल होने वाली बिहार बोर्ड की मैट्रिक तथा इंटर परीक्षा में इस्तेमाल होने वाले ओएमआर शीट के लिए मंगलवार को प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण बिहार बोर्ड के तत्वाधान में शिक्षा विभाग ने आयोजित किया। शेखपुरा के [illegible] हाई स्कूल में आयोजित इस प्रशिक्षण में जिला के सभी हाई स्कूलों तथा प्लस टू स्कूलों के हेडमास्टर शामिल हुए। इस प्रशिक्षण सत्र में मैट्रिक तथा इंटर की परीक्षा के लिए जिला में बनाए गए परीक्षा केंद्रों के केंद्राधीक्षक को विशेष तौर पर बुलाया गया था। बोर्ड द्वारा नियुक्त मास्टर ट्रेनर [illegible] तथा [illegible] कुमार ने ओएमआर शीट भरने का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में [illegible] [illegible] शामिल हुए। प्रशिक्षण में आये हेडमास्टरों को बोर्ड से आयी ओएमआर शीट का डमी भी उपलब्ध कराया गया। इसी डमी ओएमआर शीट से छात्र-छात्राओं को स्कूलों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस बाबत मास्टर ट्रेनर ने बताया कि मैट्रिक तथा इंटर की परीक्षा में इस ओएमआर शीट का [illegible] इस बात से [illegible] जा सकता है कि इसकी शुद्धता पर ही परीक्षार्थी का रिजल्ट निर्भर करता है। बताया गया कि विषयों का [illegible] में भी इसी ओएमआर शीट का इस्तेमाल किया जाएगा। साथ ही परीक्षा के दौरान वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का [illegible] ओएमआर शीट पर ही देना है। [illegible] [illegible]

## कदाचार मुक्त हुई प्रायोगिक परीक्षा

**बरबीघा :** सांई कॉलेज टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा में तीसरे दिन स्वच्छ वातावरण में कदाचारमुक्त प्रायोगिक परीक्षा ली गई। सर्द मौसम एवं घने कोहरे के बीच भी छात्र एवं छात्रों की उपस्थिति काफी अधिक रही आज संजय गांधी महिला महाविद्यालय शेखपुरा के भौतिकी की 194 छात्राओं में मात्र 05 अनुपस्थित रही । गृहविज्ञान की 64 छात्राओं में से मात्र 01 अनुपस्थित रही । उसी प्रकार भूगोल के 54 में से 03 अनुपस्थित रहे। संगीत के 09 छात्र-छात्रा उपस्थित हुए। कॉलेज के निदेशक अंजेश कुमार एवं प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी ने बताया कि प्रायोगिक परीक्षा के लिए आंतरिक एवं वाह्य परीक्षक तैनात कर कदाचार मुक्त एवं पारदर्शी रूप से मौखिक एवं प्रायोगिक परीक्षा ली जा रही है । पहले ही समाचार पत्र एवं सोशल मीडिया के माध्यम से परीक्षा तिथि की जानकारी दे दी गयी थी। जिसके कारण अनावश्यक रूप से कोई भी विद्यार्थी केंद्र पर नहीं जुट पा रहे हैं।

# SAI COLLEGE OF TEACHER'S TRAINING

Recognized by ERC, NCTE Bhubaneswar & Affiliated to Munger University, Munger & BSEB, Patna
SH-83, "SAI DHAM" AT+PO-ONAMA, VIA-BARBIGHA (SHEIKHPURA)-811101
Email-Id- scott.nirman@gmail.com, Website - www.sctt.org.in
Contact: 8292705636, 7004053664



धूमधाम से मना स्वामी विवेकानंद की जयंती

चित्र पर माल्यार्पण करते साई ट्रेनिंग कॉलेज के निदेशक एवं अन्य लोग।

...आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ,विद्यार्थी परिषद,राष्ट्रीय सेवा योजना तथा नेहरू युवा केंद्र द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम का आयोजन किया गया ... कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अलावे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारत सेवक समाज,भारत विकास परिषद के लोग भी एक साथ जुटे इस कार्यक्रम को ...

ऊर्जा तथा सोच को समाज को सकारात्मक दिशा देने में इस्तेमाल करने की अपील की ... इस अवसर पर युवाओं तथा छात्र-छात्राओं के भीतर विवेकानंद जैसा ओज पैदा करने का आह्वान किया। अलग-अलग कार्यक्रमों में लोगों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर फूल-माला चढ़ाकर उन्हें याद किया। विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने उस समय भारत का मान समूची दुनिया में बढ़ाने का काम किया ... शेखपुरा ... प्रखंड के ओनामा स्थित साई टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर में भी संस्थान के निदेशक अवधेश कुमार की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द की जयंती धूमधाम से मनायी गई।



गणतंत्र दिवस पर विभिन्न संस्थाओं में हुए कार्यक्रम



हिन्दुस्तान

युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है विवेकानंद

इंटर प्रायोगिक परीक्षा में ... परीक्षार्थी अनुपस्थित

सोमवार को मनाई जाएगी मक...

# SAI COLLEGE OF TEACHER'S TRAINING

Recognized by ERC, NCTE Bhubaneswar & Affiliated to Munger University, Munger & BSEB, Patna

SH-83, "SAI DHAM" AT+PO-ONAMA, VIA-BARBIGHA (SHEIKHPURA)-811101

Email-Id- scott.nirman@gmail.com, Website - www.sctt.org.in

Contact: 8292705636, 7004053664


## दहेज प्रथा पर एकांकी की प्रस्तुत कर वाहवाही बटोरी



एकांकी प्रस्तुत करते साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग के छात्र-छात्राएं.

**बरबीघा ( शेखपुरा).** दहेज प्रथा सदियों से चली आ रही सामाजिक कुरीतियों में से प्रमुख है. इसका तिरस्कार सभी वर्गों के द्वारा किया जाना चाहिए. कुछ इसी तरह का संदेश देती हुई एक एकांकी की प्रस्तुति शुक्रवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, ओनामा के सभागार में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने दी. सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम दिनेश कुमार सिंह, विद्यालय के चेयरपर्सन अंजेश कुमार, एडीएम शंभू शरण प्रसाद सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी शेखरन, जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहम्मद तकीउद्दीन, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) मानस मिलिंद, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (सर्वशिक्षा) वैद्यनाथ प्रसाद सिंह आदि ने गया. कार्यक्रम के पूर्व चेयरपर्सन अंजेश कुमार के द्वारा महाविद्यालय के क्राफ्ट टीचर के द्वारा बनायी गयी. डीएम के स्केच चित्र के साथ मधुबनी पेंटिंग तथा मोमेंटो आदि देकर स्वागत किया गया. मौके पर कंचन कुमार, अजय कुमार, हरिशंकर कुमार, डॉ अर्जुन प्रसाद, परीक्षा नियंत्रक रामानुज प्रसाद सिंह, रमेश कुमार, प्रभारी प्राचार्य कलाधर मिश्र आदि मौजूद थे.

## समारोह कर जिले में मनाई गई गांधी जी की पुण्यतिथि

### संस्थान व राजनीतिक दलों ने किए कार्यक्रम



गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते शिक्षक।

सिटी रिपोर्टर | शेखपुरा

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनाई गई। इस दौरान विभिन्न शिक्षण संस्थानों में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिले के ओनमा स्थित साई टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज परिसर में कार्यक्रम का आयोजन कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर प्राचार्य कमलाधर मिश्रा के अलावे रमेश कुमार, रामानुज सिंह, अस्मिता कुमारी मौजूद रहे। इसके अलावा अन्य शिक्षण संस्थानों में संस्कार पब्लिक स्कूल में प्राचार्य विनोद कुमार सिंह, एसएडीएन कान्वेंट स्कूल में सरला प्रसाद, संतकोलंबस पब्लिक स्कूल में श्रवण कुमार सिन्हा, नन्हे कदम पब्लिक स्कूल में निक्सन कुमार झा, गुरुकुल एकेडमी में राजन कुमार, शेखपुरा सेंट्रल स्कूल में धर्मेंद्र कुमार उर्फ रिक्की सर ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

### राष्ट्रपिता के बताए मार्ग पर चलने को किया प्रेरित

स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में विवेक कुमार, उषा पब्लिक स्कूल में राहुल कुमार, इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में अर्जुन प्रसाद, आरएस ग्लोबल स्कूल में डॉ. रामप्रकाश सिंह, नेशनल पब्लिक स्कूल में कमलेश प्रसाद, एटेक्स कंप्यूटर एजुकेशन में मनीष कुमार, ओलीव पेटल्स पब्लिक स्कूल में रंजीत कुमार, मॉडर्न एकेडमी में एस अरसलान, खिलता बचपन में कविता कुमारी, आईटीआई वाटिका में इंजीनियर कुणाल, ससबहना स्थित नवजीवन विद्यालय में कमलेश कुमार मानव समेत अन्य शिक्षण संस्थानों में भी संबंधित प्राचार्य एवं निदेशक की अगुवाई में कार्यक्रम का आयोजन कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान बच्चे को गांधी जी के बताए मार्ग पर चलने के प्रति प्रेरित किया गया।

कार्यक्रमों का आयोजन

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को दी गयी श्रद्धांजलि




साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग मे माल्यार्पण करते लोग.

**बरबीघा (शेखपुरा).** स्वतंत्रता संग्राम में सब कुछ न्योछावर करनेवाले साबरमती के संत की भूमिका की जितनी भी व्याख्या की जाए कम होगी. उक्त बातें ओनामा स्थित साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग में आयोजित महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में चेयरपर्सन अंजेश कुमार ने कहीं. साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, ओनामा शेखपुरा में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में प्रभारी प्राचार्य कमलाधर मिश्रा, कॉलेज के उपाध्यक्ष रमेश कुमार, सहायक प्राध्यापक रामानुज सिंह, रवींद्र कुमार, अमित कुमार, स्मिता कुमारी, प्रियंका कुमारी, विश्वजीत कुमार, राजाराम, रघुवीर आदि मौजूद थे.

# SAI COLLEGE OF TEACHER'S TRAINING

Recognized by ERC, NCTE Bhubaneswar & Affiliated to Munger University, Munger & BSEB, Patna

SH-83, "SAI DHAM" AT+PO-ONAMA, VIA-BARBIGHA (SHEIKHPURA)-811101

Email-Id- scott.nirman@gmail.com, Website - www.sctt.org.in

Contact: 8292705636, 7004053664


तमाम वक्ताओं ने श्री बाबू को भारत रत्न सम्मान से सम्मानित करने की मांग करते हुए कहा कि ऐसा नहीं किये जाने पर आगामी 21 अक्टूबर को पटना के गांधी मैदान में हमारे संगठन के द्वारा उग्र आन्दोलन का शंखनाद किया जायेगा ।

इसी तरह से सांई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग में भी श्री बाबू की 57वीं पुण्यतिथि सादगी पूर्ण माहौल में कॉलेज के निदेशक अंजेश कुमार की अध्यक्षता में मनाई गई । इस मौके पर उनके तैल चित्र पर उपस्थित लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व पर चर्चा की ।



के आदर्श हैं श्री बाबू : सुरेश श

# समाज के पथ प्रदर्शक होते हैं शिक्षक

## वरीय उपसमाहर्ता ने प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों का बढ़ाया मनोबल

सिटी रिपोर्टर | शेखपुरसराय/बरबीघा

जिले के ओनामा स्थित साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग मे जारी अप्रशिक्षित शिक्षकों के प्रशिक्षण का जायजा लेने वरीय उपसमाहर्ता ज्ञान प्रकाश रविवार को कॉलेज पहुंचे। उन्होंने कहा शिक्षक समाज के पथ प्रदर्शक होते हैं। शिक्षक के ऊपर ही एक बेहतर समाज के निर्माण की जिम्मेदारी होती है। प्रशिक्षण में शामिल सभी शिक्षकों को एक बेहतर समाज बनाने में अहम भूमिका की अपील की। कहा कि इस प्रशिक्षण के बाद वे आगे बढ़ते हुए समाज को नई दिशा दे सकते हैं। कॉलेज के निदेशक अंजेश कुमार ने बताया कि रविवार को छठे दिन प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की देखरेख प्रभारी प्राचार्य कमलाधर मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक रामानुज सिंह, रवींद्र कुमार, अमित कुमार, स्मिता कुमारी, प्रियंका कुमारी, विश्वजीत कुमार, राकेश गिरी समेत अन्य द्वारा की गई। वहीं, बरबीघा स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय में डीएलएड की कक्षा का चौथा दिन सम्पन्न हुआ। एनआईओएस के तहत चलाए जा रहे डीएलएड कोर्स की कक्षाएं 3 फरवरी 2018 से प्रारंभ है। केंद्र समन्वयक कमलेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव, आचार्य गोपाल, डॉ. विकास कुमार ने भी जानकारियां दी।



प्रशिक्षण में शिक्षकों के साथ मौजूद वरीय उपसमाहर्ता।

## अप्रशिक्षित शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

सिटी रिपोर्टर | शेखोपुरसराय

शेखोपुरसराय प्रखंड के ओनामा में एनआईओएस के द्वारा संचालित अध्ययन केन्द्र साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग मे अप्रशिक्षित शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। कॉलेज के निदेशक अंजेश कुमार ने बताया कि प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को अप्रशिक्षित शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाना है जोकि इस शनिवार को पांचवें दिन भी दिया गया। सरकार की इस योजना के तहत प्रशिक्षण 03 फरवरी से प्रारंभ है और 25 मार्च तक प्रस्तावित है। इस प्रकार कुल 15 दिन के प्रशिक्षण में 12 दिन की उपस्थिति अनिवार्य है अन्यथा परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। एनआईओएस एवं भारत सरकार के निर्देशानुसार कार्यरत सभी शिक्षकों को मार्च 2019 तक प्रशिक्षण प्राप्त कर लेना है।वर्तमान समय में कार्यरत कोई भी प्राथमिक शिक्षक अब अगले सत्र से प्रशिक्षण नहीं प्राप्त कर सकेंगे। वर्तमान समय में जिले अन्तर्गत कुल 9 अध्ययन केंद्र स्वीकृत हैं, परंतु 8 पर ही अध्ययन प्रारंभ हो पाया है। शनिवार को आयोजित कक्षा में स्वीकृत 200 प्रशिक्षु के आलोक में 196 की उपस्थिति रही। अध्ययन केंद्र पर विषय वस्तुवार प्रशिक्षण प्रशिक्षित अध्यापक द्वारा कराया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम की देखरेख प्रभारी प्राचार्य कमलाधर मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक रामानुज सिंह, रवींद्र कुमार, अमित कुमार, स्मिता कुमारी, प्रियंका कुमारी, विश्वजीत कुमार, राकेश गिरी, राजाराम द्वारा की गई।



प्रशिक्षण में शामिल शिक्षक।

## अप्रशिक्षित शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

संवाद सूत्र, बरबीघा : एनआईओएस के द्वारा संचालित अध्ययन केन्द्र साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, ओनामा शेखपुरा में अप्रशिक्षित शिक्षकों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण जो रविवार को छठे दिन भी दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण श्री ज्ञान प्रकाश जी उप समाहर्ता शेखपुरा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप समाहर्ता द्वारा प्रशिक्षण की प्रकिया का अध्ययन भी किया गया एवं प्रशिक्षु के बीच अपने अनुभव का भी इस संबंध में जिक्र करते हुए आदान प्रदान किए गए।

आज की कक्षा मे स्वीकृत 200 प्रशिक्षु के आलोक मे 194 की उपस्थिति रही । अध्ययन केंद्र पर विषय वस्तु वार प्रशिक्षण प्रशिक्षित अध्यापक द्वारा कराया जा रहा है । प्रशिक्षण कार्यक्रम की देखरेख प्रभारी प्राचार्य कमलाधर मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक रामानुज सिंह रवींद्र कुमार, अमित कुमार,स्मिता कुमारी, प्रियंका कुमारी,विश्वजीत कुमार,राकेश गिरी ,राजाराम एवं सफल संचालन की जवाबदेही रमेश कुमार ने बखूबी निभाई ।



डीएलईडी के प्रशिक्षण क्लासेज में मौजूद अभ्यार्थी • जागरण

दैनिक जागरण
पटना, 26 फरवरी 2018

www.jagran.com

**कैंपस जागरण**

## अप्रशिक्षित शिक्षकों को डीईओ ने दी ट्रेनिंग

### जिला शिक्षा पदाधिकारी मो.तकीउद्दीन अहमद ने शिक्षकों से अपने अनुभवों को किया साझा, दिए टिप्स



साई कालेज आफ टीचर्स ट्रेनिंग में प्रशिक्षण लेते अप्रशिक्षित शिक्षक • जागरण

संवाद सूत्र, बरबीघा : एनआईओएस द्वारा संचालित अध्ययन केन्द्र साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा में शनिवार को अप्रशिक्षित शिक्षकों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण के 7वें दिन जिला शिक्षा पदाधिकारी मो. तकीउद्दीन अहमद ने औचक निरीक्षण करने के बाद करीब 30 मिनट तक वे खुद भी अप्रशिक्षित शिक्षकों की क्लास ली।

जिला शिक्षा पदाधिकारी ने एक कुशल शिक्षक के रूप में शिक्षकों का ... का भी जिक्र किया । आज की कक्षा में स्वीकृत 200 प्रशिक्षु शिक्षकों में से 195 उपस्थित रहे । अध्ययन केन्द्र पर विषय वस्तुवार प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है । प्रशिक्षण कार्यक्रम की देखरेख प्रभारी प्राचार्य कमलाधर मिश्रा परीक्षा नियंत्रक रामानुज सिंह, रविन्द्र कुमार, अमित कुमार, स्मिता कुमार, प्रियंका कुमारी, विश्वजीत कुमार, राकेश गिरि, राजाराम एवं संचालक की जवाबदेही रमेश कुमार ने ...

### आगे बढ़ने को दसवीं में ही निर्धारित करें लक्ष्य : डीइओ

जासं, शेखपुरा : डीइओ मो तकीउद्दीन अहमद ने छात्र-छात्राओं को जीवन का लक्ष्य दसवीं क्लास में ही निर्धारित करने का आह्वान किया है। यह बात उन्होंने शेखपुरा के एसएडीएम कान्वेंट स्कूल में सीनियर छात्र-छात्राओं की विदाई को आयोजित समारोह का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। समारोह का संचालन स्कूल की प्रिंसिपल सरला प्रसाद ने किया तथा समारोह का संचालन स्कूल की छात्रा साजिया अहमद ने किया। इस मौके पर स्कूल के बारहवीं क्लास के छात्र-छात्रों को स्कूल की तरफ से स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अपने सीनियर साथियों के सम्मान में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डीइओ ने कहा कि पढ़ने-लिखने वालों के लिए दसवीं क्लास असल में टर्निंग प्वाइंट होता है। यहीं के बाद आगे के सभी रास्ते शुरू होते हैं। डीइओ ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगे चलकर अपनी प्रतिभा से परिवार के साथ जिला और सूबे का नाम रौशन करने की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी बात है आप जिम्मेदार नागरिक बनें। डीइओ ने जिला में अच्छी शिक्षा के लिए स्कूल प्रबंधन की भी सराहना की। इससे पहले स्कूल की प्रिंसिपल सरला प्रसाद ने विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल ने आपको शिक्षा के साथ संस्कार देने का भी काम किया है। इसकी परीक्षा अब आगे के जीवन में होगी। जिसमें आपको सफलता के नये आयाम गढ़ने हैं।



विदाई समारोह में सीनियर छात्रा साथ में डीइओ व प्रिंसिपल • जागरण

## शिक्षकों को उपलब्ध कराई गई सीडी

शेखोपुरसराय। एनआईओएस के द्वारा संचालित अध्ययन केन्द्र "सा कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग" ओनामा में अप्रशिक्षित शिक्षकों को प्रशि दिया गया। कॉलेज में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत शनिवार क आयोजित प्रशिक्षण कक्षा में कक्षा में स्वीकृत 200 प्रशिक्षु के आलो मे 192 की उपस्थिति रही। इस दौरान प्रशिक्षण के लिए शैक्षिक साम के तौर पर शिक्षकों को सीडी उपलब्ध कराई गई। इस संबंध में कॉले के निदेशक अंजेश कुमार ने बताया कि अप्रशिक्षित शिक्षको के प्रशि हेतु यह सीडी उपयोगी एवं लाभप्रद है इसमे प्रशिक्षण से सम्बंधित ए आगामी परीक्षा को ध्यान मे रखकर तैयार कराया गया है। इस अव पर प्रभारी प्राचार्य कमलाधर मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक रामानुज सिंह रवि कुमार, अमित कुमार, स्मिता कुमारी, प्रियंका कुमारी मौजूद थे।

का इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है।

## डीईओ ने भी अप्रशिक्षित शिक्षकों की ली क्लास

संवाद सूत्र, बरबीघा : एनआईओएस द्वारा संचालित अध्ययन केन्द्र सांई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा में शनिवार को अप्रशिक्षित शिक्षकों को दिए जाने वाले पशिक्षण के 7वें दिन जिला शिक्षा पदाधिकारी मो. तकीउद्दीन अहमद ने औचक निरीक्षण करने के बाद करीब 30 मिनट तक खुद भी अप्रशिक्षित शिक्षकों की क्लास ली ।

डीईओ ने एक कुशल शिक्षक के रूप में शिक्षकों की क्लास लेते हुए अपने अनुभव का भी जिक्र किया। आज की कक्षा में स्वीकृत 200 प्रशिक्षु शिक्षकों में से 195 उपस्थित रहे।

अध्ययन केन्द्र पर विषय वस्तुवार प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की देखरेख प्रभारी प्राचार्य कमलाधर मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक रामानुज सिंह, रविन्द्र कुमार, अमित कुमार, स्मिता कुमार, प्रियांका कुमारी, विश्वजीत कुमार, राकेश गिरि, राजारम एवं संचालक की जवाबदेही रमेश कुमार ने बखूबी रूप से निभाई।

## शिक्षकों की ली क्लास

Dainik jagran.
25-02-18

संवाद सूत्र, बरबीघा : एनआईओएस द्वारा संचालित अध्ययन केन्द्र सांई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा में शनिवार को अप्रशिक्षित शिक्षकों को दिए जाने वाले पशिक्षण के 7वें दिन जिला शिक्षा पदाधिकारी मो. तकीउद्दीन अहमद ने औचक निरीक्षण करने के बाद करीब 30 मिनट तक खुद भी अप्रशिक्षित शिक्षकों की क्लास ली ।

डीईओ ने एक कुशल शिक्षक के रूप में शिक्षकों की क्लास लेते हुए अपने अनुभव का भी जिक्र किया। आज की कक्षा में स्वीकृत 200 प्रशिक्षु शिक्षकों में से 195 उपस्थित रहे।

अध्ययन केन्द्र पर विषय वस्तुवार प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की देखरेख प्रभारी प्राचार्य कमलाधर मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक रामानुज सिंह, रविन्द्र कुमार, अमित कुमार, स्मिता कुमार, प्रियांका कुमारी, विश्वजीत कुमार, राकेश गिरि, राजाराम एवं संचालक की जवाबदेही रमेश कुमार ने बखूबी रूप से निभाई।



## अप्रशिक्षित शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

संवाद सूत्र, बरबीघा : एनआईओएस के द्वारा संचालित अध्ययन केन्द्र सांई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा में अप्रशिक्षित शिक्षकों को 06 एवं 07 मार्च को प्रशिक्षण दिया गया । इसमें स्वीकृत 200 प्रशिक्षु के आलोक में 194 शिक्षकों की उपस्थिति रही । यह प्रशिक्षण शनिवार को दिया जाना था। लेकिन होली के कारण 03 एवं 04 मार्च को बन्द रहने की वजह से 06 एवं 07 मार्च को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की देखरेख प्रभारी प्राचार्य कमलाधर मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक रामानुज सिंह, रविन्द्र कुमार, अमित कुमार, स्मिता कुमारी, विश्व जीत कुमार, राकेश गिरी, राजाराम, रघुवीर शंकर व उपाध्यक्ष रमेश कुमार द्वारा किया गया ।

प्रशिक्षण में एक कुशल शिक्षक का व्यवहार, क्षमता एवं अध्यापन की कला पर विशेष रूप से ख्याल रखा जा रहा है । एनआईओएस द्वारा स्पष्ट निर्देश है कि अनुपस्थित शिक्षकों को परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने दिया जाएगा । 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है । अध्ययन केन्द्र में प्रशिक्षु शिक्षकों द्वारा अनुशासन में रहकर प्रशिक्षण प्राप्त किया जा रहा है ।

पटना, रविवार 02.2018 | प्रभात खबर | 06


## ब्रीफ न्यूज



कार्यक्रम को प्रस्तुत करते साईं कॉलेज के छात्र.

### बिरज में होली खेले नंदलाल...

**बरबीघा (शेखपुरा).** बिरज में होली खेले नंदलाल...एवं होली आई रे कन्हाई, रंग छलके ,सुना दे जरा बांसुरी...जैसी पारंपरिक गीतों के बीच घंटों झूमते रहे दर्शक. अवसर था ओनामा स्थित साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग में होली मिलन समारोह का. कार्यक्रम के आरंभ में कॉलेज के डायरेक्टर अंजेश कुमार के द्वारा नामांकित छात्र-छात्राओं शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों को वसंतोत्सव की हार्दिक बधाई दी. पारंपरिक होली गीतों के आनंद में देर शाम तक लोग नाचते झूमते देखे गये. इस आयोजन में कॉलेज के प्रशिक्षु शिक्षक शिक्षिका एवं कॉलेज के कर्मियों द्वारा होली गीत एवं रंग-गुलाल एक-दूसरे को लगाकर मनाया.

## होली मिलन में उड़े अबीर-गुलाल

**बरबीघा।** साईं कालेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज के प्रशिक्षु शिक्षक व कर्मियों द्वारा रंग गुलाल एक दूसरे को लगाकर होली मिलन मनाया। चेयरमैन अंजेश कुमार द्वारा होली की शुभकामनाएं दी गई। मौके पर प्रभारी प्राचार्य श्कमलाधर मिश्रा, उपाध्यक्ष रमेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# साईं कॉलेज ऑफ टीचर ट्रेनिंग ओनामा में धूमधाम से मनाया गया बिहार दिवस

सिटी रिपोर्टर | शेखोपुरसराय

शेखोपुरसराय स्थित ओनमा के साईं कॉलेज ऑफ टीचर ट्रेनिंग में अध्ययनरत छात्र -छात्राओं के द्वारा बिहार दिवस के अवसर पर रंगोली पेंटिंग एवं गीत संगीत का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपने -अपने प्रतिभा के अनुसार अपनी प्रस्तुति पेश किया। इस रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्रीति कुमारी तथा प्रियंका कुमारी, द्वितीय पुरस्कार डेजी कुमारी तथा विनीता कुमारी, तृतीय पुरस्कार श्वेता कुमारी तथा अनिता कुमारी तथा सांत्वना पुरस्कार कुंदन कुमार तथा अनुपम कुमारी को दिया गया। वही पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार विनीत कुमार, द्वितीय पुरस्कार अमित कुमार, तृतीय पुरस्कार आफताब आलम तथा सांत्वना पुरस्कार रुचि कुमारी को दिया गया। बिहार दिवस के मौके पर कला एवं संगीत के शिक्षकों ने महाविद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रभारी प्राचार्य कमलधर मिश्रा, रामानुज सिंह आदि भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के निदेशक अंजेश कुमार ने किया। वही छात्रों ने बिहार की भूमिका का वर्णन करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। हिमांशु कुमार ने मंच संचालक प्रस्तुत करते हुए बढ़ते बिहार की भावी रूपरेखा को प्रस्तुत किया और बताया कि बिहार महापुरुषों एवं ज्ञानियों की भूमिका रही है।


प्रतियोगिता में आकर्षक रंगोली बनाती छात्रा।



# SAI COLLEGE OF TEACHER'S TRAINING

Recognized by ERC, NCTE Bhubaneswar & Affiliated to Munger University, Munger & BSEB, Patna

SH-83, "SAI DHAM" AT+PO-ONAMA, VIA-BARBIGHA (SHEIKHPURA)-811101

Email-Id- scott.nirman@gmail.com, Website - www.sctt.org.in

Contact: 8292705636, 7004053664


दैनिक भास्कर

साईं टीचर ट्रेनिंग | चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच साईं कॉलेज में ली जाएगी परीक्षा, सभी तैयारियां पूरी

## बीएड की परीक्षा 19 मार्च से होगी शुरू

सिटी रिपोर्टर | शेखपुरा

जिले के एकमात्र साईं टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में 2017-19 सत्र में अध्ययनरत बीएड कोर्स के छात्र-छात्राओं के प्रथम वर्ष की परीक्षा का आयोजन 19 मार्च से शुरू हो जाएगा। इस परीक्षा के लिए छात्र-छात्राओं को दूसरे जिले की दूरी तय नहीं करनी होगी, बल्कि इसी कॉलेज में परीक्षार्थी परीक्षा दे सकेंगे। चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच परीक्षा संपन्न कराए जाने को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। परीक्षा संचालन की तैयारी को लेकर कॉलेज में निदेशक अंजेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक भी हुई आयोजित की गई।



बैठक में शामिल शिक्षक।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कॉलेज के निदेशक अंजेश कुमार ने बताया कि तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के निदेशानुसार यह 19 मार्च से प्रारंभ होकर 24 मार्च तक चलेगा। 22 मार्च को बिहार दिवस के अवसर पर अवकाश रहेगा। कुल 9 पेपर की परीक्षा दोनो पालियों में लिया जाना है। कुल 100 अध्ययनरत छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में शामिल होंगे। कदाचारमुक्त परीक्षा की व्यवस्था हेतु प्रभारी प्राचार्य कमलाधर मिश्रा को केंद्राधीक्षक बनाया गया है एवं अन्य सहयोगी के रुप मे कार्यरत सहायक प्राध्यापक रवींद्र कुमार, अमित कुमार, स्मिता कुमारी, प्रियंका कुमारी, विश्वजीत कुमार, राकेश गिरी, राजाराम, रघुवीर शंकर एवं रमेश कुमार को परीक्षा संचालन कार्य मे लगाया गया है। शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन हेतु दण्डाधिकारी एवं पुलिस बल की भी सहायता ली जायेगी। परीक्षा के लिए परीक्षा नियंत्रक रामानुज सिंह की ओर से विशेष रूप से तैयारी की गयी है। जिससे परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। परीक्षा में इलेक्ट्रॉनिक सामान घड़ी, मोबाइल के अलावे जूता पहनकर आना मना रहेगा। केवल कलम एवं एडमिट कार्ड के साथ ही परीक्षार्थी का प्रवेश हो पायेगा।

हिन्दुस्तान 13 मार्च18

## बीएड की परीक्षा 19 मार्च से

**शेखपुरा।** साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा में सत्र 2017-19 में पढ़नेवाले बीएड कोर्स के छात्र छात्राओं की प्रथम वर्ष की परीक्षा तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार 19 मार्च से शुरू होगा।

परीक्षा संचालन समिति की हुई बैठक के बाद कॉलेज के अध्यक्ष अंजेश कुमार ने बताया कि परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली में लगभग एक सौ छात्र छात्राएं में शामिल होंगे। कॉलेज के प्राचार्य कमलाधर मिश्र को केन्द्राधीक्षक बनाया गया है। परीक्षा संचालन समिति की बैठक में प्राध्यापक रविन्द्र कुमार, राजाराम प्रसाद, अनिल कुमार, अमित कुमार, स्मिता कुमारी के अलावा कई लोग मौजूद थे। शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन के लिये मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## चाक चौबंद व्यवस्था के बीच बीएड की परीक्षा प्रारम्भ



**शेखोपुरसराय।** प्रखंड अंतर्गत साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा में सत्र 2017-19 के बीएड की प्रथम वर्ष की आंतरिक परीक्षा चाक- चौबंद व्यवस्था के बीच प्रारंभ हो गई। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों पर विशेष चौकसी के लिए वीक्षक तैनात रहे। इस संबंध में कॉलेज के निदेशक अंजेश कुमार ने बताया कि परीक्षा में कुल 100 परीक्षार्थी में 100 की उपस्थिति रही। उन्होंने बताया कि तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के द्वारा निर्धारित मापदंड के आलोक में ही बीएड सत्र 2017-19 प्रथम वर्ष की आंतरिक परीक्षा हेतु होम सेंटर बनाया गया है। परीक्षा का संचालन दो पालियों में सम्पन्न हुआ। कुल 10 विषयों की परीक्षा 24 मार्च तक पूरा किया जाना है। 22 मार्च को बिहार दिवस का अवकाश घोषित है। सोमवार की परीक्षा का विषय क्रमशः "बाल अभिवृद्धि एवं विकास" तथा 'पाठ्यक्रम एवं भाषा' था। दैनिक भास्कर 20-3-18

प्रभात खबर 3 मार्च 2018 4/7

राष्ट्रीय सहारा 25 March 18

## बीएड सत्र 2017-19 के प्रथम वर्ष की आंतरिक परीक्षा सम्पन्न

शेखोपुरसराय। स्थानीय साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा में बी0 एड0 सत्र 2017-19 के प्रथम वर्ष की आंतरिक परीक्षा 19 मार्च से शनिवार को अंतिम हो गया। परीक्षा में कुल एक सौ परीक्षार्थियों में शत-प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति रही। परीक्षा का संचालन पूरी चाक चौबंद व्यवस्था में ली गयी, परीक्षा के दौरान शान्तिपूर्ण माहौल रहा। तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर के द्वारा निर्धारित मापदंड के आलोक में ही बी0 एड0 सत्र 2017-19 प्रथम वर्ष की ... परीक्षा का संचालन दो पालियों में सम्पन्न हुआ। कुल 10 विषयों की परीक्षा हुई। परीक्षा के अंतिम दिन क्रमशः कला एवं नाटक और कंप्यूटर विषय की परीक्षा हुई। परीक्षा के सफल संचालन हेतु प्रभारी प्राचार्य कमलाधर मिश्रा को केंद्राधीक्षक, परीक्षा नियंत्रक रामानुज सिंह को पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ, परीक्षा संचालन में सहायक प्राध्यापक रविन्द्र कुमार, अमित कुमार, राकेश गिरि, विश्वजीत कुमार, स्मिता कुमारी, प्रियंका कुमारी, मो0 रौनक, सीताराम सिंह, राजाराम, रघुवीर जी एवं आशिष अमन का पूर्ण सहयोग लिया गया।

**कार्यक्रम** प्रशिक्षण ले रहे शिक्षकों ने किया पौध-रोपण, अतिथियों ने औषधीय पौधों के महत्व व उपयोग के नुस्खे बताएं

## पर्यावरण की रक्षा के लिए पौध लगाना है जरूरी

सिटी रिपोर्टर | शेखपुरा

पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़ जरूरी है। धरती पर पेड़ों के तेज रफ्तार से काटे जाने का बुरा प्रभाव लगातार सामने देखने को मिल रहा है। ऐसे में वातावरण की रक्षा के लिए तेजी से पौधे लगाया जाना व उसकी रक्षा करना काफी जरूरी है। शेखोपुरसराय प्रखंड अंतर्गत साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा मे एनआईओएस के तहत संचालित अप्रशिक्षित शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने ये बात कही। उन्होंने आगे कहा कि पौधारोपण के प्रति प्रत्येक व्यक्ति को आगे आने की जरूरत है। इस दौरान शिक्षकों ने पौधारोपण किया। मौके पर कॉलेज के निदेशक अंजेश कुमार ने कहा कि एनआईओएस के तहत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम मे यह भी प्रायोगिक गतिविधियों मे से एक है।



साईं कॉलेज में पौध-रोपण के दौरान शिक्षक।

### स्वास्थ्य एवं समृद्धि का पेड़-पौधों से गहरा संबंध

मनुष्य के स्वास्थ्य एवं समृद्धि का पेड़-पौधों से बहुत गहरा संबंध है। धरती पर जीवन के लिए अत्यंत जरूरी तत्वों मे जल एवं ऑक्सीजन प्रमुख है और इसके लिए पेड़ पौधों का रहना जरूरी है। इस दौरान अप्रशिक्षित शिक्षकों को विभिन्न विषयों पर जानकारियां दी गई। इसके पश्चात कॉलेज मे पौधारोपण का कार्यक्रम चलाया गया। कक्षा संचालन के अन्तर्गत विषय विशेषज्ञ रामानुज सिंह द्वारा सामाजिक पर्यावरण, प्राकृतिक पर्यावरण एवं सांस्कृतिक पर्यावरण पर विस्तृत रुप से प्रकाश डाला। प्रभारी प्राचार्य कमलाधर मिश्र द्वारा पर्यावरण महत्ता को काफी विस्तृत रूप से छात्रों के बीच व्याख्यापित किया गया। प्रशिक्षु छात्रों को कालेज के चेयरमैन अंजेश कुमार ने सुगंधित एवं औषधीय पौधों के महत्व को दैनिक जीवन में अनेक तरह के उपयोग के नुस्खे बताए। सरकार के पर्यावरण संबंधित किए जा रहे रोजगारपरक, लोकप्रिय एवं जनप्रिय कार्यक्रम की भी चर्चा की। रवींद्र कुमार, अमित कुमार, स्मिता कुमारी, प्रियंका कुमारी, विश्वजीत कुमार, राकेश गिरी, राजाराम, रघुवीर शंकर व अन्य मौजूद रहे।

**दैनिक भाष्कर 19/3/2018**

## प्रत्येक मनुष्य को लगाना चाहिए एक पौधा अंजेश



साईं कालेज में पौधा रोपण करते शिक्षक व छात्र • जागरण

संवाद सूत्र, बरबीघा : पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं लोगों को पर्यावरण के संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा के द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम चलाया गया । इसके तहत कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों ने पौधरोपन शुरू किया। इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष अंजेश कुमार एवं उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि आज जिस तरह से पेड़ों और पहाड़ों की कटाई की जा रही है। उससे पर्यावरण काफी दूषित होता जा रहा है । इसका व्यापक असर मौसम पर भी पड़ रहा है । जिसके कारण समय पर मानसून नहीं पाता है । सभी लोग जानते हैं कि पेड़ पौधे हमारे लिए ऑक्सीजन देता है। बावजूद लोग सब कुछ जानते हुए भी पेड़ों की इस तरह से कटाई कर आबादी बसा रहे हैं। जो आने वाले दिनों में खतरे की घंटी है। इसलिए पर्यावरण की सुरक्षा करना उसी तरह से जरूरी है जैसे हमारे शरीर के लिए भोजन, पानी जरूरी है। स्वच्छ हवा नहीं मिलने से तरह-तरह की बीमारियां फैलती है।

### कल शेखपुरा पहुंचेगा अटल जी का अस्थि-कलश

बरबीघा : पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का अस्थि-कलश कल गुरुवार को बरबीघा होते हुए शेखपुरा ले जाया जाएगा। वहां से विभिन्न क्षेत्रों में श्रद्धांजलि व दर्शन को ले जाने के बाद सिमरिया बेगूसराय ले जाया जाएगा । इस आशय की जानकारी भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य डॉ. पूनम शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि गुरुवार को 11 बजे दिन में पूर्व प्रधानमंत्री का अस्थि कलश बरबीघा पहुंचेगा।

**प्रभात खबर**

## औषधीय व आयुर्वेदिक पौधों का हुआ रोपण

**बरबीघा (शेखपुरा).** औषधीय एवं आयुर्वेदिक पौधों का महत्व भारतीय समाज में माहत्वपूर्ण स्थान रखता है. आज पूरा विश्व समाज इसके महत्व से अवगत हो चुका है, जिसका प्रणेता भारत है. उक्त बातें साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग के डायरेक्टर अंजेश कुमार ने रविवार को डीएलएड प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अप्रशिक्षित शिक्षकों के बीच कही. प्रशिक्षु शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा रविवार को विभिन्न प्रकार के औषधीय एवं आयुर्वेदिक पौधारोपण किया गया. साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा में एनआईओएस के तहत संचालित अप्रशिक्षित शिक्षकों के प्रशिक्षण का आज 14वां दिन है, जिसमें कुल 196 प्रशिक्षु की उपस्थिति रहें. अप्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा अतिरिक्त क्रियाकलाप के तहत सुगंधित एवं औषधीय पौधों का रोपण कार्य का चयन किया गया. प्रशिक्षु शिक्षकों द्वारा इसे सफलता पूर्वक पूरा भी किया गया.

प्रभात खबर 2/4/18

**बरबीघा (शेखपुरा).** राष्ट्रीय खुला विद्यालय के तत्वावधान में क्षेत्र के विभिन्न शैक्षिक संस्थाओं में चलाये जा रहे अप्रशिक्षित शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण उपविकास आयुक्त के द्वारा रविवार को किया गया. उपविकास आयुक्त निरंजन कुमार झा ने रविवार को ओनामा स्थित साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग परिसर में पहुंचकर उपस्थित प्रशिक्षु शिक्षकों को संबोधित भी किया. संबोधन के दौरान उन्होंने प्रशिक्षित होकर सामाजिक उत्थान में एक शिक्षक बनकर अपनी महती भूमिका देने के लिए लोगों को उत्साहित किया.

भास्कर 2/4/18

## अधिकारियों ने लिया प्रशिक्षण कक्षा का जायजा

**शेखोपुरसराय** | शेखोपुरसराय प्रखंड के ओनामा स्थित साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग में जारी डीएलएड प्रशिक्षण कक्षा का जायजा लिया गया। एनआईओएस के तहत घोषित इस मॉडल सेन्टर में प्रशिक्षण 21 मार्च 2018 से ही जारी है। रविवार को डीडीसी निरंजन कुमार झा एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सुधीर कुमार कॉलेज पहुंच प्रशिक्षण कक्षाओं का जायजा लिया। शिक्षकों को एक कुशल शिक्षक बनने की आवश्यक जानकारियां भी दी।

दैनिक जागरण 2/4/18

## डीएलईडी प्रशिक्षण केंद्र का डीडीसी ने किया मुआयना

**संवाद सूत्र, बरबीघा :** एनआइओएस के तहत घोषित मॉडल स्टडी सेंटर साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा में डीएलईडी प्रशिक्षण केन्द्र का मुआयना करने रविवार को शेखपुरा के उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार झा एवं शेखोपुरसराय के प्रखंड विकास पदाधिकारी पहुंचे और 21 मार्च से संचालित इस परीक्षा की व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कॉलेज के प्रबंधन को इसके लिए शुभकामनाएं दी। प्रतिदिन चलने वाले इस प्रशिक्षण में रविवार को 176 प्रशिक्षु शिक्षकों की उपस्थिति रही। जिसपर संतोष प्रकट करते हुए डीडीसी ने वर्ग में जाकर प्रशिक्षु शिक्षकों को भी बधाई दी। बताते चले कि मॉडल सेन्टर में 95 प्रतिशत छात्र शेखपुरा जिले से हैं, जिनका अध्ययन केन्द्र यहीं था। बाकी करीब 15 प्रशिक्षु अन्य अध्ययन केन्द्र से थे। जहां कोर्स पूरा नहीं हो पाया है, वहां से हैं। इस मॉडल अध्ययन केन्द्र पर 15 दिन लगातार कक्षा संचालन किया जा रहा है। इसके लिए परीक्षा की तिथि भी घोषित की जा चुकी है। कोर्स क्रमशः 501, 502 एवं 503 की परीक्षा 27, 28, 29 अप्रैल को होगी।

# SAI COLLEGE OF TEACHER'S TRAINING

Recognized by ERC, NCTE Bhubaneswar & Affiliated to Munger University, Munger & BSEB, Patna

SH-83, "SAI DHAM" AT+PO-ONAMA, VIA-BARBIGHA (SHEIKHPURA)-811101

Email-Id- scott.nirman@gmail.com, Website - www.sctt.org.in

Contact: 8292705636, 7004053664


प्रभात खबर 8/4/18

## गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को बताया शौचालय बनाने का फायदा

**शेखपुरा .** हरियाणा से आये स्वच्छताग्रहियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हरियाणवी अंदाज में स्वच्छता का पाठ पढ़ाया. साथ ही गीत व संगीत के माध्यम से शौचालय के प्रयोग के फायदे बताये. स्वच्छताग्रहियों के साथ ग्रामीणों ने स्वच्छता और शौचालय के प्रयोग के फायदे से संबंधित लघु फिल्म देखी. स्वच्छताग्रहियों ने ग्राम और वार्ड सभा में मौजूद लोगों को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से खुले में शौच से होनेवाली बीमारी और उससे होनेवाले आर्थिक नुकसान की जानकारी दी. इसके अलावा गांव में प्रभातफेरी निकाली गयी. इसमें स्कूली बच्चे शामिल हुए. हरियाणा और राजस्थान से आये इन लोगों ने जिले के पहले से घोषित ओडीएफ यानी खुले में शौच मुक्त गावों का भ्रमण किया. महिला स्वच्छताग्रहियों ने महिलाओं के व्यवहार परिवर्तन पर जोर दिया. लोगों ने स्कूलों में जाकर बच्चों को हाथ धुलाई और आसपास की सफाई के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया.



**छात्र-छात्राओं को दिलायी स्वच्छता की शपथ**

**बरबीघा (शेखपुरा).** हरियाणा के झझड़ से आयी टीम ने क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाया. इसी कड़ी में साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, ओनामा के छात्र-छात्राओं के साथ कॉलेज के अध्यक्ष अंजेश कुमार ने महिला और पुरुष सदस्यों वाली 19 सदस्यों की टीम का साथ दिया. कॉलेज के अध्यक्ष अंजेश कुमार ने बताया कि हरियाणा से आयी स्वच्छताग्रही टीम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक मीनू, सहायक समन्वयक तकनीकी संदीप बोडिया, ब्रह्मप्रकाश, सत्यपाल, महेश प्रकाश आदि शामिल है.



साईं टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज परिसर की सफाई करते टीम के सदस्य। ● जागरण

## हरियाणा की टीम ने छात्र छात्राओं को दिलाई शपथ

संस, बरबीघा : हरियाणा के झेझड़ से आई टीम के द्वारा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, ओनामा के छात्र छात्राओं के साथ साथ कॉलेज के अध्यक्ष श्री अंजेश कुमार एवं अन्य सहयोगी के साथ महिला और पुरुष सदस्यों वाली 19 सदस्यों की टीम इस अभियान में लगी हुई है। कॉलेज के अध्यक्ष श्री अंजेश कुमार ने बताया की जिला झज्जर हरियाणा से आई स्वच्छताग्रही टीम इंचार्ज जिला कार्यक्रम प्रबंधक मीनू, सहायक समन्वयक तकनीकी संदीप बोडिया, संगीता दलाल, संजय शर्मा, अनूजहांगीरपुर, ब्रह्मप्रकाश, सत्यपाल, महेप्रकाश आदि। के द्वारा चलाए जा रहे अभियान में सरकारी साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, ओनामा के छात्र छात्राओं को खुले में शौच मुक्ति के लिए शपथ भी दिलाई गयी साथ ही साथ कॉलेज परिसर से ओनमा गाँव तक स्वच्छता हेतु जागरूकता एवम सफाई की गई। ज्ञातव्य हो कि स्वच्छता मिशन के लिए आई टीम के लोगों के लिए साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा में ही ठहराया गया है। । कालेज के चेयरमैन द्वारा बताया गया की प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व मे शेखुपुर प्रखंड मे दो-दो लोगों की टोली बनाकर सभी पंचायतों में लोहिया स्वच्छ भारत मिशन के तहत इस कार्यक्रम को अंजाम दिया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के सक्षम पदाधिकारियों द्वारा विगत कुछ दिनों से इस अभियान को चला रही टीम के कार्यों से संतुष्ट पाया गया वहीं उन्होंने अपनी ओर से उपस्थित ग्रामीणों को गली गली की सफाई के साथ-साथ खुले में शौच मुक्ति और स्वस्थ जीवन से होने वाले लाभ को गिनाते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाया गया इस अवसर पे कालेज के छात्र छात्राओ के साथ साथ स्वच्छता अभियान के सफल संचालन हेतु उपाध्यक्ष रमेश कुमार, प्राचार्य कमलाधर मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक रामानुज सिंह सहायक प्राध्यापक रवींद्र कुमार, अमित कुमार, राकेश गिरि, विश्वजीत कुमार, स्मिता कुमारी, प्रियंका कुमारी, मो. रौनक, सीताराम सिंह, राजाराम, रघुबीर एवं आसित अमन का पूर्ण सहयोग लिया गया।

15 नवादा शेखपुरा

पटना। रविवार ● 8 अप्रैल ● 2018

राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com |

## सभी पंचायतों में चला जागरूकता अभियान

### हरियाणा के झझड़ से आई स्वच्छता टीम ने साई कालेज के छात्र-छात्राओं को दिलाई शपथ

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

शेखोपुरसराय। हरियाणा के झेझड़ से आई टीम के द्वारा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतो मे स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है. इसी कड़ी मे साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, ओनामा के छात्र छात्राओ के साथ साथ कॉलेज के अध्यक्ष श्री अंजेश कुमार एवं अन्य सहयोगी के साथ महिला और पुरुष सदस्यो वाली 19 सदस्यो की टीम इस अभियान मे लगी हुई है. कॉलेज के अध्यक्ष अंजेश कुमार ने बताया की जिला झज्जर हरियाणा से आई स्वच्छताग्रही टीम इंचार्ज जिला कार्यक्रम प्रबंधक मीनू, सहायक समन्वयक तकनीकी संदीप बोडिया, संगीता दलाल, संजय शर्मा, अनूजहांगीरपुर, ब्रह्मप्रकाश, सत्यपाल, महेश प्रकाश द्वारा चलाए जा रहे अभियान मे सरकारी साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, ओनामा के छात्र छात्राओ को खुले मे शौच मुक्ति के लिए शपथ भी दिलाई गयी साथ ही साथ कॉलेज परिसर से ओनमा गाँव तक स्वच्छता हेतु जागरूकता एवम सफाई की गई। ज्ञातव्य हो कि स्वच्छता मिशन के लिए आई टीम के लोगो के लिए साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा मे ही ठहराया गया है. । कालेज के चेयरमैन द्वारा बताया गया की प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व मे शेखोपुरसराय प्रखंड मे दो-दो लोगों की टोली



ओनमा में स्वच्छता अभियान चलाते स्वच्छताग्रही।

बनाकर सभी पंचायतों मे लोहिया स्वच्छ भारत मिशन के तहत इस कार्यक्रम को अंजाम दिया जा रहा है. स्वच्छ भारत मिशन के सक्षम पदाधिकारियों द्वारा विगत कुछ दिनों से इस अभियान को चला रही टीम के कार्यो से संतुष्ट पाया गया ।वहीं उन्होंने अपनी ओर से उपस्थित ग्रामीणों को गली गली की सफाई के साथ-साथ खुले मे शौच मुक्ति और स्वस्थ जीवन से होने वाले लाभ को गिनाते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाया गया. इस अवसर पे कालेज के छात्र छात्राओ के साथ साथ स्वच्छता अभियान के सफल संचालन हेतु उपाध्यक्ष रमेश कुमार, प्राचार्य कमलाकर मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक रामानुज सिंह सहायक प्राध्यापक रविन्द्र कुमार, अमित कुमार, राकेश गिरि, विश्वजीत कुमार, स्मिता कुमारी, प्रियंका कुमारी, मो0 रौनक, सीताराम सिंह, राजाराम, रघुबीर जी एवं आसित अमन का पूर्ण सहयोग लिया गया।

## हरियाणा से आये स्वच्छताग्रहियों को दी गई समारोहपूर्वक विदाई

शेखोपुरसराय। [illegible] ... 2 अप्रैल से 9 अप्रैल तक ... [illegible] ... 21 स्वच्छताग्रहियों द्वारा ... [illegible]

## दो माह के भीतर चार हिरणों की हत्या

# SAI COLLEGE OF TEACHER'S TRAINING

Recognized by ERC, NCTE Bhubaneswar & Affiliated to Munger University, Munger & BSEB, Patna

SH-83, "SAI DHAM" AT+PO-ONAMA, VIA-BARBIGHA (SHEIKHPURA)-811101

Email-Id- scott.nirman@gmail.com, Website - www.sctt.org.in

Contact: 8292705636, 7004053664


## बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने का लिया संकल्प

संवाद सूत्र, बरबीघा : बरबीघा के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकरकी जयंती हर्षोल्लास के साथ समारोह आयोजित कर मनाई गई। साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिग, ओनामा में जन्म दिवस पर वृहत्त कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माध्यमिक शिक्षक संघ के सचिव राजनीति कुमार के अलावा क्षेत्र के गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। साई कॉलेज के चैयरमैन अंजेश कुमार ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण करने के उपरांत अपने सम्बोधन में कहा कि हम देशवासी आपका सपना किताबों में पढ़ सकते हैं पर धरातल पर उसकी धज्जियां उड़ते देख रहे हैं। वहीं इस अवसर पर मुख्य अतिथि व जिला माध्यमिक शिक्षा संघ के सचिव राजनीति कुमार ने कहा कि हमलोग आज भी डॉ साहेब के बनाये संबिधान पर चल रहे है। कॉलेज के उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने अपने सम्बोधन के कहा कि हम लाचार देशवासियों की ओर से बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के प्रति कृतज्ञता अर्पित करते है। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य कमलाधर मिश्रा सहायक प्राध्यापक रामानुज सिंह, रवींद्र कुमार, राकेश गिरी, मो रौनक, अमित कुमार, स्मिता कुमारी, प्रियंका कुमारी, विश्वजीत कुमार, राजाराम, रघुबीर, सीताराम सिंह, आशित अमन इत्यादि लोगों ने भी अपना विचार प्रकट किया। इसी तरह से स्थानीय ज्ञान निकेतन रेसिडेंसियल स्कूल में भी बाबा साहब की जयंती मनाई गई।

## याद किये गये बाबा साहेब अम्बेदकर








दैनिक भास्कर

14-(

शेखा


## एनआईओएस के प्रशिक्षण में पहुंचे 181 शिक्षक, दी गई बच्चों को पढ़ाने की ट्रेनिंग

सिटी रिपोर्टर | शेखोपुरसराय

शेखोपुरसराय प्रखंड अंतर्गत ओनमा गांव में एनआईओएस द्वारा संचालित अध्ययन केंद्र साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग में अप्रशिक्षित शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण को लेकर आयोजित कक्षा में 188 प्रशिक्षु शिक्षकों के आलोक में 181 शिक्षक उपस्थित रहे। इस संबंध में जानकारी देते हुए कॉलेज के चेयरमैन अंजेश कुमार ने बताया कि प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शनिवार को तीसरे दिन की कक्षा आयोजित की गई थी। अध्ययन केंद्र विषय वस्तु वार प्रशिक्षित अध्यापक द्वारा कराया जा रहा है। चेयरमैन अंजेश कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय केंद्र पटना के निर्देशानुसार सभी निर्धारित कार्यक्रम को निर्धारित तिथियों के अंतर्गत संचालन किया जा रहा है एवं दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन किया जा रहा है। उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि कक्षा में प्रशिक्षु शिक्षकों की उपस्थिति 85 %अनिवार्य की गई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की देखरेख सर्वेश कुमार, रविंद्र कुमार, रामानुज सिंह, सीताराम सिंह समेत अन्य के द्वारा किया गया।



कक्षा में मौजूद प्रशिक्षु शिक्षक।

## ट्रेनिंग कॉलेज में एनआईओएस की कक्षाएं प्रारंभ

शेखोपुरसराय (एसएनबी)। एनआईओएस द्वारा संचालित अध्ययन केंद्र साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा शेखपुरा मे अप्रशिक्षित शिक्षकों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण जो प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को दिया जाता है शनिवार को भी तीसरे दिन भी सुचारू रूप से चली। कक्षा में स्वी.ति 188 प्रशिक्षु के आलोक में 181 उपस्थित रहे अध्ययन केंद्र विषय वस्तु वार प्रशिक्षित अध्यापक द्वारा कराया जा रहा है। इस बार व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम में भी सम्मिलित किया गया।



एनआईओएस की कक्षा में शामिल प्रशिक्षु अभ्यर्थीगण।

महाविद्यालय के चेयरमैन अंजेश कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय केंद्र पटना के निर्देशानुसार सभी निर्धारित कार्यक्रम को निर्धारित तिथियों के अंतर्गत संचालन किया जा रहा है एवं दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन किया जा रहा है। उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि कक्षा में प्रशिक्षु शिक्षकों की उपस्थिति 85 अनिवार्य की गई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की देखरेख सर्वेश कुमार, रविंद्र कुमार, रामानुज सिंह, राकेश कुमार, स्मिता कुमारी, विश्वजीत कुमार, अमित कुमार, खुशबू कुमारी, राजा राम, रघुवीर, अमन, सीताराम सिंह आदि के द्वारा किया जा रहा है।

पटना, गुरुवार 04.2018 | प्रभात खबर | 08

# परशुराम के आदर्शों को अपनाएं छात्र-छात्राएं


परशुराम की तस्वीर पर माल्यार्पण करते अतिथि.

**परशुराम की जयंती पर आयोजित किया गया समारोह**

संवाददाता ▷ बरबीघा (शेखपुरा)

साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, ओनामा में बुधवार को परशुराम जयंती मनायी गयी. इस अवसर पर परशुराम की पूजा -अर्चना की गयी तथा तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया. इसमें साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग के छात्र-छात्राओं के अलावा शिक्षक मौजूद थे.

इस मौके पर कॉलेज के उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि कलयुग में आठ चिरंजीवी देवता और महापुरुष हैं, जो लोक मान्यताओं के अनुसार इस युग में भी जीवित माने जाते हैं. इन्हीं आठ चिरंजीवियों में एक भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम भगवान हैं. इनका आदर्श अनुकरणीय है. वहीं, परीक्षा नियंत्रक रामानुज सिंह ने कहा कि परशुराम एक आदर्श हैं. साथ ही सामस मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार ने कहा कि परशुराम की विचारधारा को जीवन में संजोने की जरूरत है. इस मौके पर रवींद्र कुमार, अस्मिता कुमारी, प्रियंका कुमारी, अमित कुमार, मोहम्मद रौनक, राजाराम, रघुवीर, सीतराम सिंह आदि मौजूद थे.

**शेखपुरा संवाददाता के अनुसार,** बुधवार को भगवान परशुराम की जयंती नगर क्षेत्र के प्रिंस मार्केट में मनायी गयी. मौके पर माधव पांडेय, अधिवक्ता उपेंद्र कुमार, चितरंजन सिंह, संजय त्रिवेदी, मुरारी सिंह, गौरव कुमार, मंटू कुमार, रोहित कुमार आदि मौजूद थे.

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई परशुराम की जयंती


जयंती मनाते शिक्षकगण।

सिटी रिपोर्टर | शेखपुरा

शेखोपुरसराय प्रखंड अंतर्गत साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा में भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर परशुराम भगवान की पूजा अर्चना एवं पुष्प अर्पित कर जन्मोत्सव मनाने का कार्य संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग के छात्र-छात्राओं के अलावे शिक्षकगण की उपस्थिति रही। पुष्प अर्पित करने के उपरांत कॉलेज के उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि कलयुग में आठ चिरंजीवी देवता और महापुरुष हैं जो जीवित हैं। इन्हीं आठ चिरंजीवियों में एक भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम भगवान हैं। इनका आदर्श अनुकरणीय है। जिसको छात्र अपने जीवन में उतारें। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक रामानुज सिंह ने कहा कि भगवान परशुराम एक आदर्श हैं। जन्मोत्सव में भाग ले रहे सामस मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार ने भी अपने संबोधन में परशुराम भगवान के विचारधारा एवं चरित्र को अपने जीवन में संजोने की आवश्यकता पर बल दिया। इस जन्मोत्सव में सहायक प्राचार्य रविंद्र कुमार, अस्मिता कुमारी, प्रियंका कुमारी, अमित कुमार, मो. रौनक समेत अन्य लोग मौजूद थे।

**मनाई गई भगवान परशुराम की जयंती**

राष्ट्रीय सहारा 19 अप्रैल 18

# धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती

शेखोपुरसराय / बरबीघा /शेखपुरा। बुधवार को शेखपुरा जिले में अनेकों जगह श्रध्दा भक्ति एवं धूमधाम के साथ परशुराम जयंती मनाई गई ।इसको लेकर शेखपुरा के चांदनी चौक पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर जुटे लोगों ने परशुराम के चित्र पर फूल-माला चढ़ाया तथा परशुराम को याद किया ।समारोह की अध्यक्षता प्रिंस कुमार ने की ।कार्यक्रम में प्रिंस कुमार के अलावे माधव कुमार,उपेंद्र कुमार,चितरंजन सिंह,संजय त्रिवेदी,मुरारी सिंह,गौरव कुमार,मंटू कुमार,रोहित कुमार तह बम शंकर कुमार सहित बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया ।इस अवसर पर परशुराम के ।तित्व पर लोगों ने प्रकाश डाला ।समारोह में जुटे लोगों ने परशुराम के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परशुराम ने धरती से अत्याचार के खात्मे के लिए हथियार उठाया था तथा लोगों को अत्याचार व आतंक से मुक्ति दिलाई थी ।परशुराम जयंती पर जुटे युवाओं ने अत्याचार और अत्याचारियों के खात्मे के लिए परशुराम के व्यक्तित्व का अनुशरण करने का संकल्प लिया।


साई शिक्षक ट्रेनिंग कॉलेज में जयंती मनाते लोग।

उधर साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस अवसर पर परशुराम भगवान की पूजा अर्चना एवं पुष्प अर्पित कर जन्मोत्सव मनाने का कार्य संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग के छात्र-छात्राओं के अलावे शिक्षकगण की उपस्थिति रही पुष्प अर्पित करने के उपरांत कॉलेज के उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि कलयुग में आठ चिरंजीवी देवता और महापुरुष है जो जीवित है इन्ही आठ चिरंजीवियों में एक भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम भगवान है इनका आदर्श अनुकरणीय है जिसको छात्र अपने जीवन में उतारे । इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक रामानुज सिंह ने कहा कि भगवान परशुराम एक आदर्श है हम लोगों के लिए जो अनुशासन से जीवन जीने वाले एवं अनैतिक कार्य को कभी स्वीकार नही करने वाले महान योद्धा भी थे। जन्मोत्सव में भाग ले रहे सामस मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार ने भी अपने संबोधन में परशुराम भगवान के विचारधारा एवं चरित्र को अपने जीवन में संजोने की आवश्यकता पर बल दिया साथ ही साथ छात्र को इनके जीवन की सादगी एवं अनुशासन तथा इनकी कुशल क्षमता को जीवन में उतारने पर बल दिया इस जन्मोत्सव में अन्य लोगों के अलावा कॉलेज कर्मी सहायक प्राध्यापक रविंद्र कुमार अस्मिता कुमारी प्रियंका कुमारी अमित कुमार मोहम्मद रौनक राजाराम रघुवीर एवं सीताराम सिंह की उपस्थिति रही।

# SAI COLLEGE OF TEACHER'S TRAINING

Recognized by ERC, NCTE Bhubaneswar & Affiliated to Munger University, Munger & BSEB, Patna

SH-83, "SAI DHAM" AT+PO-ONAMA, VIA-BARBIGHA (SHEIKHPURA)-811101

Email-Id- scott.nirman@gmail.com, Website - www.sctt.org.in

Contact: 8292705636, 7004053664


# डीएलएड की परीक्षा को लेकर चाक -चौबंद व्यवस्था

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

शेखोपुरसराय।

स्थानीय साईं कलेज अफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा में 768 अप्रशिक्षित शिक्षकों के लिए एनआईओएस के तहत संचालित डीएलएड परीक्षा बृहस्पतिवार 31 मई 2018 से प्रारंभ होगी। इसके लिए जिला प्रशासन एवं कलेज की तरफ से पूरी चाक चौबंद व्यवस्था की गई है ।कलेज में 768 अप्रशिक्षित शिक्षकों हेतु बैठने की व्यवस्था एवं वीक्षक के दायित्व के लिए एक बैठक आयोजित की गई ।जिसकी अध्यक्षता कलेज के चेयरमैन अंजेश कुमार एवं संचालन केंद्राधीक्षक कमला ध मिश्रा के द्वारा की गई सर्वप्रथम अप्रशिक्षित शिक्षकों के बैठने एवं उनको अपनी सीट तक पहुंचने में कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए सीट प्लान बनाकर अलग-अलग नोटिस बोर्ड पर चिपकाने का निर्देश दिया गया। साथ ही परीक्षा में किसी भी इलेक्ट्रनिक्स डिवाइस एवं अन्य वस्तु पूर्णरूपेण वर्जित होगा। इसके लिए प्रवेश द्वार पर ही सघन छानबीन कर प्रवेश दिया जाएगा ।साथ ही साथ अभिभावक का प्रवेश पूर्णरूपेण वर्जित होगा परीक्षा केंद्र पर बाहरी एवं भीतरी स्तर पर सीसीटीवी कैमरे की पूर्ण निगरानी रखी गई है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु कुल 42 वीक्षक की सहायता ली जा रही है नियमानुसार 4 सौ से उपर परीक्षार्थी शिक्षक पर केक सह केंद्राधीक्षक बनाने का प्रावधान है इसलिए अनुभव को देखते हुए रामानुज सिंह को सह केंद्राधीक्षक बनाया गया। इस अवसर पर आजय कुमार, रविंद्र कुमार ,अमित कुमार ,विश्वजीत कुमार ,प्रियंका ,रागिनी ,मोहम्मद रौनक, राजाराम, रघुवीर ,श्वेता कुमारी ,राकेश गिरी एवं अन्य गैर शैक्षणिक कर्मी मौजूद थे । इस अवसर पर परीक्षा की व्यवस्था देखने हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी मो तकीउद्दीन अहमद, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी बैद्यनाथ कुमार , सुनील प्रसाद सिंह प्रबंधक एस एफ सी आई के अलावे प्रखंड विकास पदाधिकारी शेखोपुर सराय सुधीर कुमार पहुँचकर व्यवस्था पर सन्तोष जताया।



परीक्षा संचालन को लेकर बैठक में उपस्थित लोग।

दैनिक भास्कर 31/5 /18

# जिले में आज से 3 केन्द्रों पर होगी डीएलएड की परीक्षा

## परीक्षा हॉल में लगे रहेंगे सीसीटीवी कैमरे

सिटी रिपोर्टर | शेखोपुरसराय

शेखोपुरसराय प्रखंड अंतर्गत साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा में आयोजित होने वाले एनआईओएस के तहत संचालित डीएलएड की परीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस परीक्षा को लेकर 3 केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें साईं कॉलेज भी शामिल है। कॉलेज में 768 अप्रशिक्षित शिक्षकों की आयोजित होने वाली परीक्षा के दौरान उनके बैठने की व्यवस्था एवं वीक्षक के दायित्व के लिए एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता कॉलेज के चेयरमैन अंजेश कुमार एवं संचालन केंद्राधीक्षक कमलाधर मिश्रा के द्वारा की गई। सर्वप्रथम अप्रशिक्षित शिक्षकों के बैठने एवं उनको अपनी सीट तक पहुंचने में कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए सीट प्लान बनाकर अलग-अलग नोटिस बोर्ड पर चिपकाने का निर्देश दिया गया। मौके पर निदेशक अंजेश ने बताया कि परीक्षा में किसी भी इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस एवं अन्य वस्तु पूर्णरूपेण वर्जित होगा। इसके लिए प्रवेश द्वार पर ही सघन छानबीन कर प्रवेश दिया जाएगा। साथ ही साथ अभिभावक का प्रवेश पूर्ण:रूपेण वर्जित होगा। परीक्षा केंद्र पर बाहरी एवं भीतरी स्तर पर सीसीटीवी कैमरे की पूर्ण निगरानी रखी गई है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु इस केंद्र में कुल 42 वीक्षक की सहायता ली जा रही है। परीक्षा की व्यवस्था देखने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी मो. तकीउद्दीन अहमद, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी बैद्यनाथ कुमार, बीडीओ सुधीर कुमार ने भी केंद्र की व्यवस्था का जायजा लिया।

# डीएलएड परीक्षा के पहले दिन 38 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

शेखपुरा/बरबीघा/शेखोपुरसराय। जिले के 1707 अप्रशिक्षित शिक्षकों के लिए बृहस्पतिवार से तीन परीक्षा केन्द्रों पर हुए डीएलएड की परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में शुरु हुई , परीक्षा के पहले दिन इन परीक्षा केन्द्रों से कुल 38 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे , इस बावत डीपीओ सर्व शिक्षा अभियान बैद्यनाथ कुमार ने बताया कि पहले दिन की परीक्षा सभी केन्द्रों पर चाक चौबंद व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ , उन्होंने बताया कि शहर के इस्लामिया हाई स्कूल केंद्र पर पहले दिन कुल 382 परीक्षार्थियों में 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे , जबकि बरबीघा स्थित प्लस टू हाई स्कूल केंद्र से कुल 557 परीक्षार्थियों में 15 और शेखोपुरसराय प्रखंड के ओनामा स्थित साईं कलेज अफ टीचर्स ट्रेनिंग केंद्र से कुल 768 परीक्षार्थियों में 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे , उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान पहले दिन किसी भी परीक्षार्थी को कदाचार में संलिप्त नहीं पाया गया , परीक्षा के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी मो तकीउद्दीन अहमद सहित कई पदाधिकारियों ने परीक्षा का जायजा लिया।



ओनामा स्थित साईं टीचर्स कलेज केंद्र पर निरीक्षण करते डीपीओ बैद्यनाथ कुमार।

3/6/18

# डीएलएड की परीक्षा संपन्न

शेखपुरा. साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, ओनामा में डीएलएड की परीक्षा संपन्न हुई. अंतिम दिन परीक्षा में 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. एसडीएम राकेश कुमार, शिक्षा पदाधिकारी डॉ. तकिउद्दीन के अलावे एनआईओएस के नोडल पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान के अलावा कोऑर्डिनेटर अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने भी निरीक्षण किया. परीक्षा संचालन में मजिस्ट्रेट सुनील कुमार सिंह जिला प्रबंधक बिहार राज्य खाद्य निगम शेखपुरा एवं मार्केटिंग अफसर शेखोपुर सराय ब्लाक पवन कुमार के अलावे एनआईओएस की तरफ से ऑब्जर्वर की नियुक्ति किया गया.

# SAI COLLEGE OF TEACHER'S TRAINING

Recognized by ERC, NCTE Bhubaneswar & Affiliated to Munger University, Munger & BSEB, Patna

SH-83, "SAI DHAM" AT+PO-ONAMA, VIA-BARBIGHA (SHEIKHPURA)-811101

Email-Id- scott.nirman@gmail.com, Website - www.sctt.org.in

Contact: 8292705636, 7004053664


## चाक-चौबंद के साथ आज से डीएलएड की परीक्षा

संवाद सूत्र, बरबीघा : साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा जिला शेखपुरा में 768 अप्रशिक्षित शिक्षकों के लिए एनआइओएस के तहत संचालित डीएलएड परीक्षा दिनांक आज से प्रारंभ होगी। इसके लिए जिला प्रशासन एवं कॉलेज की तरफ से पूरी चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। कॉलेज में 768 अप्रशिक्षित शिक्षकों हेतु बैठने की व्यवस्था एवं वीक्षक के दायित्व के लिए एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता कॉलेज के चेयरमैन अंजेश कुमार एवं संचालन केंद्राधीक्षक कमलाधर मिश्रा के द्वारा की गई। सर्वप्रथम अप्रशिक्षित शिक्षकों के बैठने एवं उनको अपनी सीट तक पहुंचने में कोई परेशानी नहीं हो। इसके लिए सीट प्लान बनाकर अलग-अलग नोटिस बोर्ड पर चिपकाने का निर्देश दिया गया। साथ ही परीक्षा में किसी भी इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस एवं अन्य वस्तु पूर्णरूपेण वर्जित होगा। परीक्षा केंद्र पर बाहरी एवं भीतरी स्तर पर सीसीटीवी कैमरे की पूर्ण निगरानी रखीगई है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु कुल 42 वीक्षक की सहायता ली जा रही है। नियमानुसार 400 से ऊपर परीक्षार्थी शिक्षक पर केक सह केंद्राधीक्षक बनाने का प्रावधान है। इस अवसर पर अजय कुमार, रविंद्र कुमार, अमित कुमार, विश्वजीत कुमार, प्रियंका, रागिनी, मोहम्मद रौनक, राजाराम, रघुवीर, श्वेता कुमारी मौजूद थे।

## कड़ी सुरक्षा के बीच ली गई डीएलएड की परीक्षा

दैनिक जागरण 1 जून 2018

शिक्षा

- एनआईओएस के तहत संचालित डीएलएड परीक्षा कड़ी सुरक्षा में संपन्न
- कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर लगाए गए थे सीसी कैमरे

संसू,बरबीघा : बरबीघा प्लस-2 उच्च विद्यालय एवं साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा में गुरूवार को अप्रशिक्षित शिक्षकों के लिए एनआईओएस के तहत संचालित डीएलएड की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ली गई। आज से शुरू हुई इस परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन एवं परीक्षा नियंत्रक के द्वारा परीक्षा केन्द्र पर चाक-चौबंद व्यवस्था की गई । साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग में 768 अप्रशिक्षित शिक्षकों के लिए बनाए गए परीक्षा केन्द्र के भीतर परीक्षार्थियों के अलावा बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्ण पाबंदी लगा दी गई। साथ ही परीक्षा में किसी भी इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाईस एवं अन्य वस्तुओं पर रोक लगा दी गई । परीक्षा केन्द्र के बाहरी एवं भीतरी स्तर पर सीसी टीवी कैमरे की पूर्ण निगरानी रखी गई । परीक्षा के सफल संचालन हेतु 42 विक्षक की सहायता ली गई । इसी तरह से उच्च विद्यालय बरबीघा में भी पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा ली गई । परीक्षार्थियों के अलावा उनके सहयोगियों या अभिभावकों को केन्द्र के भीतर जाने से गेट पर ही रोक दिए गए । साईं कॉलेज के चेयरमैन अंजेश कुमार ने बताया कि परीक्षार्थियों की सहायता के लिए सीट प्लान बनाकर अलग-अलग नोटिस बोर्ड केन्द्र के अंदर और बाहर चिपका दिए गए ताकि सीट खोजने में किसी भी परीक्षार्थी को परेशानी न हो ।

3/6/18

खबरें

## डीएलएड की परीक्षा तीसरे दिन शांतिपूर्ण संपन्न



शेखपुरा| डीएलएड कोर्स की तीन दिवसीय परीक्षा शनिवार को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो गई। इसकी जानकारी देते हुए समग्र शिक्षा के डीपीओ बैजनाथ कुमार ने बताया कि डीएलएड कोर्स की परीक्षा के लिए जिला में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिनमें शेखपुरा में इस्लामिया हाई स्कूल एवं शेखोपुरसराय अंतर्गत आने वाला साईं शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान एवं बरबीघा का बरबीघा हाईस्कूल शामिल है। जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा ली गई। उन्होंने बताया की इस्लामिया स्कूल से आठ, साईं कॉलेज एवं बरबीघा है।

## डीएलएड की तीन दिवसीय परीक्षा सम्पन्न

शेखोपुरसराय। साईं कलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा में शनिवार को अंतिम दिन पूर्व की भांति मात्र 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे परीक्षा के अंतिम दिन औचक निरीक्षण के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, एन आई ओ एस के नोडल पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान, कोऑर्डिनेटर अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने परीक्षा का निरीक्षण किया इन्होंने सफल परीक्षा आयोजन के लिए कलेज प्रशासन को साधुवाद कहा पूरी परीक्षा को चाक-चौबंद बनाने के लिए दो मजिस्ट्रेट क्रमशः सुनील कुमार सिंह जिला प्रबंधक बिहार राज्य खाद्य निगम शेखपुरा एवं मार्केटिंग अफसर शेखोपुर सराय ब्लाक पवन कुमार के अलावे एनआईओएस की तरफ से ओएसडी की नियुक्ति की गई थी इस परीक्षा के सफल संचालन में केंद्राधीक्षक कमला धर मिश्रा सह केंद्राधीक्षक रामानुज सिंह के अलावे 42वीक्षकों की सहायता ली गई जिसके कारण कदाचार मुक्त एवं स्वच्छ वातावरण में परीक्षा संपन्न हो पाया।

पटना, गुरुवार 31.05.2018 | प्रभात खबर | 06

ब्रीफ न्यूज



परीक्षा के लिए बैठक करते ओनामा कॉलेज के निदेशक अंजेश कुमार.

### एनआईओएस डीएलएड की परीक्षा आज से

बरबीघा. मार्च 2019 तक सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के अप्रशिक्षित शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए एनआइओएस के माध्यम से चलाए जाने वाले डीएलएड कार्यक्रम के प्रथम वर्ष की परीक्षा गुरुवार से आरंभ हो जायेगी. इसके लिए क्षेत्र में प्लस टू हाई स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया है. जबकि ओनामा स्थित साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग में भी परीक्षा केंद्र निर्धारण किया गया है. साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग में 768 अप्रशिक्षित शिक्षकों के लिए होने वाले प्रथम वर्ष की परीक्षा में जिला प्रशासन एवं कॉलेज की तरफ से पूरी चाक चौबंद व्यवस्था की गई है.

SAI COLLEGE OF TEACHER'S TRAINING
Recognized by ERC, NCTE Bhubaneswar & Affiliated to Munger University, Munger & BSEB, Patna
SH-83, "SAI DHAM" AT+PO-ONAMA, VIA-BARBIGHA (SHEIKHPURA)-811101
Email-Id- scott.nirman@gmail.com, Website - www.sctt.org.in
Contact: 8292705636, 7004053664

प्रभात खबर
19 जून 2018

# डीएलएड की परीक्षा शुरू, शामिल हुए 100 शिक्षक

संवाददाता ▷ बरबीघा (शेखपुरा)

साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, ओनामा में सोमवार से डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन कोर्स के सत्र 2017-19 के प्रथम वर्ष की परीक्षा शुरू हुई. इसमें 100 छात्र- छात्राओं ने हिस्सा लिया. सोमवार की परीक्षा दो पालियों में हुई. सोमवार को बाल विकास एवं मनोविज्ञान विषयों की परीक्षा ली गयी. इसके सफल संचालन के लिए कॉलेज के प्राचार्य डॉ प्रवेश कुमार को केंद्राधीक्षक एवं रामानुज प्रसाद सिंह परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है. वीक्षक के रूप में सहायक प्राध्यापक रविंद्र कुमार, अमित कुमार, विश्वजीत कुमार, श्वेता कुमारी, प्रियंका कुमारी एवं मो रौनक को जिम्मेदारी दी गयी है. इसके अलावा राजाराम, रघुवीर, सीताराम सिंह एवं अमन कुमार को लिपिकीय कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गयी है. परीक्षा 23 जून तक चलेगी.



परीक्षा में शामिल प्रशिक्षु शिक्षक-शिक्षिका.

पटना, मंगलवार 19 जून, 2018 | 16
दैनिक भास्कर

# चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच डीएलईडी परीक्षा शुरू

## 23 जून तक आयोजन, 100 परीक्षार्थी शामिल



एजुकेशन रिपोर्टर | शेखोपुरसराय

शेखोपुरसराय प्रखंड अंतर्गत साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा में चाक चौबंद व्यवस्था के बीच डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन कोर्स के सत्र 2017-19 के प्रथम वर्ष की परीक्षा प्रारंभ हुई। इस परीक्षा में कुल नामांकित 100 छात्र छात्राओं में से 100 की उपस्थिति रही। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए कॉलेज के निदेशक अंजेश कुमार ने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9:30 से प्रारंभ की गई, जिसका विषय शिक्षा के परिप्रेक्ष्य एवं द्वितीय पाली 2:00 बजे से 5:00 बजे आयोजित की गई, जिसमें बाल विकास एवं मनोविज्ञान विषय की परीक्षा ली गयी। परीक्षा का संचालन स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संचालित किए जाने को लेकर कई वीक्षकों की तैनाती की गई। इस के सफल संचालन हेतु कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रवेश कुमार को केंद्राधीक्षक एवं रामानुज प्रसाद सिंह परीक्षा नियंत्रक बनाए गए। वीक्षक के रूप में सहायक प्राचार्य रविंद्र कुमार, श्वेता कुमारी ,प्रियंका कुमारी एवं मो. रौनक को जिम्मेदारी दी गई है। यह परीक्षा 18 जून से प्रारंभ होकर 23 जून 2018 को समाप्त होगी।

अभियान के कार्यों का जायजा लेने कूच कर गये।

राष्ट्रीय सहारा

# डीइलइडी की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में शुरू

शेखोपुरसराय। स्थानीय साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा में सोमवार से डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन कोर्स के सत्र 2017--- 19 के प्रथम वर्ष की परीक्षा प्रारंभ हुई। इस परीक्षा में कुल नामांकित एक सौ छात्र छात्रा में से शत प्रतिशत की उपस्थिति रही । परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई। प्रथम पाली पूर्वाह्न 9रू30 से प्रारंभ हुई , जिसका विषय -शिक्षा के परिपेक्ष एवं द्वितीय पाली अपराह्न 2रू00 बजे से शाम 5रू00 बजे तक चली। जिसमें बाल विकास एवं मनोविज्ञान विषय की परीक्षा ली जा रही है । परीक्षा का संचालन स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संचालित की जा रही है, इस के सफल संचालन हेतु कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर प्रवेश कुमार को केंद्राधीक्षक एवं रामानुज प्रसाद सिंह परीक्षा नियंत्रक बनाए गए है। वीक्षक के रूप में सहायक प्राध्यापक रविंद्र कुमार अमित कुमार विश्वजीत कुमार श्वेता कुमारी प्रियंका कुमारी एवं मोहम्मद रौनक को जिम्मेदारी दी गई है इसके अलावा राजाराम ,रघुवीर ,सीताराम सिंह एवं अमन कुमार को लिपिकीय कार्य हेतु जिम्मेदारी सौपी गई है । बताते चलें कि परीक्षा 18 जून से प्रारंभ होकर 23 जून 2018 को समाप्त होगी।

# SAI COLLEGE OF TEACHER'S TRAINING

Recognized by ERC, NCTE Bhubaneswar & Affiliated to Munger University, Munger & BSEB, Patna
SH-83, "SAI DHAM" AT+PO-ONAMA, VIA-BARBIGHA (SHEIKHPURA)-811101
Email-Id- scott.nirman@gmail.com, Website - www.sctt.org.in
Contact: 8292705636, 7004053664

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शहर में कार्यक्रमों की रही धूम



बरबीघा के डिवाइन लाइट पब्लिक स्कूल में योग करते बच्चे।


ओनामा के साईं टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में योग का प्रशिक्षण देते लोग।

## योग परिचर्चा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**संवाद सूत्र, शेखोपुरसराय :** साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, ओनामा में विश्व योग दिवस दिवस पर योग परिचर्चा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अध्ययनरत लगभग 200 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। परिचर्चा सह प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति प्रसाद सिंह सचिव माध्यमिक शिक्षक संघ ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र कुमार सिंह सेवानिवृत्त शिक्षक सह योग गुरु के निर्देशन में संपन्न हुआ। सिंह द्वारा योग एवं व्यायाम से होने वाले फायदे एवं दिनचर्या में किस तरह इसको शामिल किया जाए इस पर वृहद रूप से चर्चा की गई । साथ ही साथ सभी छात्र-छात्राओं से योगभ्यास कराया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्रशिक्षु शिक्षिका मंजू सिंह के द्वारा भी प्राणायाम के ऊपर विस्तृत जानकारी दी। प्राणायाम के सभी आयाम को छात्र-छात्राओं से कराया गया। इस कॉलेज में पहली बार विश्व योग दिवस का आयोजन किया गया । इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन अंजेश कुमार द्वारा आए हुए अतिथियों एवं कॉलेज के छात्र छात्रा का स्वागत किया एवं योग क्रिया से होने वाले लाभ पर विराट रूप से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर मध्य विद्यालय समास के प्रधानाध्यापक अजय कुमार, नीमी कॉलेज के प्राचार्य रमेश प्रसाद सिंह के साथ साथ रमेश कुमार उपाध्यक्ष , रामानुज सिंह परीक्षा नियंत्रक, रविंद्र कुमार ,अमित कुमार , विश्वजीत कुमार , मोहम्मद रौनक, श्वेता कुमारी , प्रियंका कुमारी सभी सहायक प्राध्यापक साईं कॉलेज के साथ साथ रघुवीर राजाराम सीताराम एवं अमन कुमार ने भी इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज की।

दैनिक जागरण 22/6/18

## स्वस्थ जीवन के लिए हर घर की जरूरत बन रहा नियमित योग

चौथे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रमों का रहा धूम





प्रभात खबर 22/6/18

दैनिक भास्कर

## योग दिवस पर स्कूलों

### छात्र-छात्रा सहित स्कूल शिक्षकों ने भी किया योग

सिटी रिपोर्टर| शेखपुरा

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शहर के डीएवी विद्यालय में कार्यक्रमों की धूम रही। आयोजित योग शिविर में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के साथ योग किया। इस कार्यक्रम का आयोजन बच्चों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। इस मौके पर राजद के प्रांतीय नेता विजय सम्राट भी पहुंचे और योग शिविर में योग किये। इस कार्यक्रम का आयोजन बच्चों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। बताया गया कि योग के माध्यम से शरीर के सामंजस्य को ठीक रखा जा सकता हैं। कार्यक्रम की शुरुआत ऊं व गायत्री मंत्र के को विभिन्न आसन व प्राणायामों के बारे में व उनसे होनेवाले लाभ के बारे में बताया। विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार सिंह ने भी बच्चों को योग के बारे में विस्तार से बताया तथा योग से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक फायदों को गिनाया। वही आयोजित कार्यक्रम में योग शिक्षिका विद्या कुमारी राजद के प्रदेश नेता विजय सम्राट ने शॉल देकर सम्मानित किया। शेखोपुरसराय प्रखंड के ओनामा स्थित साई कॉलेज में विश्व योग दिवस दिवस पर योग परिचर्चा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परिचर्चा सह प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति प्रसाद सिंह सचिव माध्यमिक शिक्षक संघ एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र कुमार

प्रयास | डीएलएड के छात्र अध्ययापकों का अभ्यास शिक्षण कार्य का समापन

## बेहतर शिक्षण के लिए प्रशिक्षण अत्यंत जरूरी

संवाद सूत्र,बरबीघा: साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा शेखपुरा में अध्यनरत डीएलएड सत्र 2017-19 प्रथम वर्ष के छात्र अध्यापकों का अभ्यास शिक्षण कार्य का समापन सफलता पूर्वक हो गया। नियमानुसार 20 दिनों के शिक्षण अध्यापन कार्य हेतु कुल 100 छात्र-छात्राओं को 15 प्राथमिक सह मध्य विद्यालय में अध्यापन कार्य हेतु भेजा गया था। जिसका विधिवत समापन शनिवार को कॉलेज चेयरमैन अंजेश कुमार के संबोधन के साथ संपन्न हुआ। अपने संबोधन में श्री कुमार ने प्रशिक्षु शिक्षकों से अपील की आप भविष्य के योग्य शिक्षक बने।

जिसके लिए आपको अपने जीवन में शिक्षकों से संबंधित आचार संहिता अपनानी होगी। तब जाकर आप एक कुशल शिक्षक के रूप में अपने आपको



समापन समारोह में शामिल बच्चे व बच्चा ● जागरण

ढाल सकते हैं। प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं को चेयरमैन की ओर से नसीहत दी गई कि आप ज्यादा से ज्यादा पुस्तक का अध्ययन एवं छात्रों के बीच अध्यापन का कार्य करेंगे। उससे आप प्रशिक्षण प्राप्त करने की सार्थकता कायम कर सकते हैं। दो वर्ष के प्रशिक्षण में आपने 1 वर्ष पूरा कर लिया है। इस अवसर पर अभ्यास मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार ने भी प्रशिक्षु शिक्षकों द्वारा 20 दिन के अध्यापन कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य प्रवेश कुमार ने कहा की नए परिंदों को उड़ने में वक्त तो लगता है पर आप अध्यापन एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर पंख वाले परिंदे के रूप में हो गए है। चेयरमैन ने सभी प्रशिक्षुओं से जाति धर्म से उपर उठकर समाज में नई कीर्तिमान स्थापित करने हेतु एक अच्छे व गुणवान शिक्षक बनने को शपथ दिलायी गई। इस मौके पर महाविद्यालय के सर्वेश कुमार, रविन्द्र कुमार, विश्वजीत कुमार, रामानुज सिंह, स्मिता कुमारी, प्रियंका, राजाराम, रघुवीर, अमन, सीताराम सिंह आदि के साथ-साथ सभी प्रशिक्षु छात्र अध्यापक भी मौजूद रहे।

**20 दिनों के शिक्षण अध्यापन कार्य हेतु कुल 100 छात्र-छात्राओं को 15 प्राथमिक सह मध्य विद्यालय में अध्यापन कार्य हेतु भेजा गया**

## बेहतर शिक्षण के लिये प्रशिक्षण का होना जरूरी : अंजेश

शेखपुरसराय (एसएनबी)। साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा ,शेखपुरा मे अध्ययनरत डीएलएड सत्र 2017-19 प्रथम वर्ष के छात्र अध्यापकों का अभ्यास शिक्षण कार्य का समापन हुआ। नियमानुसार 20 दिनों के शिक्षण अध्यापन कार्य हेतु कुल एक सौ छात्र छात्रा को 15 प्राथमिक सह मध्य विद्यालय मे अध्यापन कार्य हेतु भेजा गया था, जिसका विधिवत समापन आज कालेज चेयरमैन अंजेश कुमार के संबोधन के साथ संपन्न हुआ। अपने संबोधन मे श्री कुमार ने प्रशिक्षु शिक्षकों से अपील की आप भविष्य के योग्य शिक्षक बने जिसके लिए आपको अपने जीवन मे शिक्षकों से संबंधित आचार संहिता अपनानी होगी तब जाकर आप एक कुशल शिक्षक के रूप में अपने आपको ढाल सकते है। प्रशिक्षु छात्र छात्राओं को चेयरमैन की ओर से नसीहत दी गई की आप ज्यादा से ज्यादा पुस्तक का अध्ययन एवं छात्रों



समापन समारोह को सम्बोधित करते संस्थान के चेयरमैन अंजेश कुमार।

के बीच अध्यापन का कार्य करेंगे उससे आप प्रशिक्षण प्राप्त करने की सार्थकता कायम कर सकते है 2 वर्ष के प्रशिक्षण में आपने 1 वर्ष पूरा कर लिया है अब आप उड़ान भरने के लिए तैयार है उड़ान भरकर ही आप मंजिल पा सकते है इस अवसर पर अभ्यास मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार ने भी प्रशिक्षु शिक्षकों द्वारा 20 दिन के अध्यापन कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की। छात्र अध्यापकों के अभ्यास प्रशिक्षण समापन समारोह को कॉलेज के प्राध्यापक ने भी सम्बोधित किया। अभ्यास शिक्षण के दौरान पर्यवेक्षक के रूप मे सर्वेश कुमार,रवीन्द्र कुमार विश्वजीत कुमार एवं अमित कुमार को लगाया गया था। सभी प्रशिक्षु अध्यापक नियमित एवं अनुशासित रूप से बेहतर ढंग से शिक्षण कार्य को संपादित किये। कालेज के उपाध्यक्ष रमेश कुमार एवं परीक्षा नियंत्रक रामानुज सिंह ने भी प्रशिक्षु छात्र अध्यापक के बेहतर जीवन के लिये सभी को शुभकामनाएं दी।उन्होंने कहा कि बड़े गर्व की बात है कि अध्यापन प्रशिक्षण हेतु छात्र छात्रा जाते है। सामस मध्य विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने भी कहा की साई कॉलेज ऑफ टीचर ट्रेनिंग के प्रशिक्षुओं में जो जज्बा एवं कर्तव्यनिष्ठा अध्यापन कार्य को लेकर देखने को मिलता है वह अन्य महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं में कम दिखाई देता है।मौके पर कालेज के प्राचार्य प्रवेश कुमार ने कहा की नये परिंदों को उड़ने में वक्त तो लगता है पर आप अध्यापन एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर पंख वाले परिंदे के रूप में हो गए है आज से प्रथम वर्ष अभ्यास शिक्षण पुरा करने वाले छात्र अपना अपना उड़ान भरने को तैयार है। चेयरमैन ने सभी प्रशिक्षुओं से जाति धर्म से उपर उठकर समाज मे नई कीर्तिमान स्थापित करने हेतु एक अच्छे व गुणवान शिक्षक बनने को शपथ दिलवाया गया,तथा कहा कि शिक्षक व पुस्तक एक ही सिक्के के दो पहलू है।प्रशिक्षुओं की ओर से स्कूल को उपहार स्वरूप टीएलएम सामग्री भेंट दिया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के सर्वेश कुमार, रविन्द्र कुमार, विश्वजीत कुमार,रामानुज सिंह,स्मिता कुमारी, प्रियंका, राजाराम, रघुवीर, अमन, सीताराम सिंह आदि के साथ साथ सभी प्रशिक्षु छात्राध्यापकों भी मौजूद रहे।

मिजाज बदल गया। आसमान काली पा रहा है।

आयोजन | डीएलएड छात्र अध्यापकों का अभ्यास शिक्षण सम्पन्न, दी गइ पूरी जानकारी

## बेहतर शिक्षण के लिये प्रशिक्षण जरूरी

सिटी रिपोर्टर | शेखोपुरसराय

जिले के शेखोपुरसराय प्रखंड अंतर्गत साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा मे अध्ययनरत डीएलएड सत्र 2017-19 प्रथम वर्ष के छात्र अध्यापकों का अभ्यास शिक्षण कार्य का समापन समारोह पूर्वक किया गया। नियमानुसार 20 दिनों के शिक्षण अध्यापन कार्य हेतु कुल 100 छात्र छात्रा को 15 प्राथमिक सह मध्य विद्यालय में अध्यापन कार्य हेतु भेजा गया था, जिसका विधिवत समापन किया गया। मौके पर कालेज के चेयरमैन अंजेश कुमार ने प्रशिक्षु शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य में योग्य शिक्षक बनने के लिए अपने जीवन में शिक्षकों



प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्राध्यापको के साथ शिक्षक।

से संबंधित आचार संहिता अपनानी होगी। तभी एक कुशल शिक्षक के रूप में अपने आपको ढाला जा सकता है। प्रशिक्षु छात्र छात्राओं को चेयरमैन ने ज्यादा से ज्यादा पुस्तक का अध्ययन एवं छात्रों के बीच अध्यापन का कार्य करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि 2 वर्ष के प्रशिक्षण में 1 वर्ष पूरा कर लिया गया है, अब छात्राध्यापक उड़ान भरने के लिए तैयार हैं और उड़ान भरकर ही मंजिल पाई जा सकती है।

### प्रशिक्षु शिक्षकों को दिलाई गई शपथ

चेयरमैन अंजेश कुमार ने सभी प्रशिक्षुओं से जाति धर्म से ऊपर उठकर समाज में नई कीर्तिमान स्थापित करने हेतु एक अच्छे व गुणवान शिक्षक बनने को शपथ दिलवाया। उन्होंने कहा कि शिक्षक व पुस्तक एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। प्रशिक्षुओं की ओर से स्कूल को उपहार स्वरूप टीएलएम सामग्री भेंट किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के सर्वेश कुमार, स्मिता कुमारी, प्रियंका, राजाराम, रघुवीर आदि के साथ साथ सभी प्रशिक्षु छात्राध्यापक ने मौजूदगी दिखाई।

# SAI COLLEGE OF TEACHER'S TRAINING

Recognized by ERC, NCTE Bhubaneswar & Affiliated to Munger University, Munger & BSEB, Patna

SH-83, "SAI DHAM" AT+PO-ONAMA, VIA-BARBIGHA (SHEIKHPURA)-811101

Email-Id- scott.nirman@gmail.com, Website - www.sctt.org.in

Contact: 8292705636, 7004053664

प्रभात खबर

## अंजेश बने बीएड कॉलेज एसोसिएशन के सचिव



खुशी का इजहार करते अंजेश सिंह व अन्य .

**संवाददाता** ▷ बरबीघा (शेखपुरा)

**संयुक्त** मुंगेर भागलपुर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय संघ की नयी कमेटी बनायी गयी है. इसके लिए आयोजित बैठक में अमर कुमार साहा को निर्विरोध अध्यक्ष, साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, शेखपुरा के चेयरमैन अंजेश कुमार को सचिव व टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, भागलपुर के वरुण कुमार को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया. बैठक में संयुक्त सचिव के रूप में बीएड कॉलेज, जमुई के संचालक ध्रुव सिंह का चयन हुआ. बैठक में भागलपुर से पांच कॉलेज के प्रतिनिधि बांका से पांच कॉलेज के प्रतिनिधि मुंगेर, जमुई, खगड़िया, लखीसराय एवं शेखपुरा से एक एक प्रतिनिधि की उपस्थित थे. साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग के चेयरमैन अंजेश कुमार को बीएड कॉलेज एसोसिएशन के सचिव बनने पर सभी सदस्यों के साथ रमेश कुमार, प्राचार्य डॉ प्रवेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक रामानुज सिंह, प्राध्यापक रवींद्र कुमार, अमित कुमार, विश्वजीत कुमार, सर्वेश कुमार, मोहम्मद रौनक, श्वेता कुमारी, प्रियंका कुमारी, राजाराम रघुवीर एवं अन्य ने बधाई दी.

## अंजेश बने संयुक्त मुंगेर-भागलपुर विवि बीएड कॉलेज एसोसिएशन के सचिव

शेखपुरा (एसएनबी)। सोमवार के दिन शेखपुरा जिला के ओनमां स्थित साई टीचर्स ट्रेनिंग सह बीएड कॉलेज के चेयरमैन अंजेश कुमार को मुंगेर -भागलपुर विश्वविद्यालय बीएड कॉलेज असोसिएसन का सचिव चुना गया। बीएड कॉलेज मुंगेर के प्रांगण में संयुक्त भागलपुर विश्वविद्यालय बीएड कॉलेज एसोसिएशन की बैठक अमर कुमार साहा अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में पूर्व से गठित कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का चयन किया गया जिसमें अमर कुमार साहा को को पुनः अध्यक्ष एवं अंजेश कुमार चेयरमैन साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग शेखपुरा को सचिव की जिम्मेवारी के साथ साथ वरुण कुमार टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज भागलपुर को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई । इस बैठक में संयुक्त सचिव के रूप में बीएड कॉलेज जमुई के संचालक ध्रुव सिंह का चयन हुआ ।बैठक में भागलपुर से 5 कॉलेज के प्रतिनिधि बांका से 5 कॉलेज के प्रतिनिधि मुंगेर जमुई खगड़िया लखीसराय एवं शेखपुरा से एक एक प्रतिनिधि की उपस्थिति रही। चेयरमैन अंजेश कुमार को बीएड कॉलेज एसोसिएशन के सचिव बनने पर सभी सदस्यों के साथ साथ साई कॉलेज के उपाध्यक्ष रमेश कुमार प्राचार्य डॉक्टर प्रवेश कुमार परीक्षा नियंत्रक रामानुज सिंह प्राध्यापक रविंद्र कुमार अमित कुमार विश्वजीत कुमार सर्वेश कुमार मोहम्मद रौनक श्वेता कुमारी प्रियंका कुमारी राजाराम रघुवीर एवं अन्य सदस्यों ने बधाई दी साथ ही साथ छात्र एवं अध्यापक के हित में विश्वविद्यालय स्तर पर सही काम करने हेतु आशा व्यक्त की ।



अंजेश कुमार।

## अंजेश बने भागलपुर विवि बीएड कॉलेज एसोसिएशन के सचिव

**संवाद सूत्र, बरबीघा** : मुंगेर बीएड कॉलेज के प्रांगण में संयुक्त भागलपुर विश्वविद्यालय बीएड कॉलेज एसोसिएशन की बैठक अमर कुमार साहा अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में पूर्व से गठित कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का चयन किया गया। जिसमें अमर कुमार साहा को को पुनः अध्यक्ष एवं अंजेश कुमार चेयरमैन साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग शेखपुरा को सचिव की जिम्मेवारी के साथ साथ वरुण कुमार टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज भागलपुर को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई । इस बैठक में संयुक्त सचिव के रूप में बीएड कॉलेज जमुई के संचालक ध्रुव सिंह का चयन हुआ ।बैठक में भागलपुर से 5 कॉलेज के प्रतिनिधि बांका से 5 कॉलेज के प्रतिनिधि मुंगेर जमुई खगड़िया लखीसराय एवं शेखपुरा से एक एक प्रतिनिधि की उपस्थिति रही।बी.एड.कालेज संघ के सचिव अंजेश कुमार ने भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय से टेलीफोन पर बात कर बीएड कॉलेज में अध्ययन रत छात्र हित को ध्यान में रखते हुए परीक्षा आवेदन फार्म शुल्क 5000 की जगह 1000 करने का अनुरोध किया , जिसे कुलपति महोदय ने मान लिया और इस आशय का पत्र एक-दो दिन में सभी कॉलेज को भेजने का वचन दे दिया। साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिग के चेयरमैन अंजेश कुमार को बीएड कॉलेज एसोसिएशन के सचिव बनने पर सभी सदस्यों के साथ साथ साई कॉलेज के उपाध्यक्ष रमेश कुमार प्राचार्य डॉक्टर प्रवेश कुमार परीक्षा नियंत्रक रामानुज सिंह प्राध्यापक रविंद्र कुमार अमित कुमार विश्वजीत कुमार सर्वेश कुमार मोहम्मद रौनक श्वेता कुमारी प्रियंका कुमारी राजाराम रघुवीर एवं अन्य सदस्यों ने बधाई दी साथ ही साथ छात्र एवं अध्यापक के हित में विश्वविद्यालय स्तर पर सही काम करने हेतु आशा व्यक्त की ।

## अंजेश बने बीएड कॉलेज एसोसिएशन के सचिव

- मंजेश को बधाइयां दिए जाने का सिलसिला जारी

सिटी रिपोर्टर | शेखपुरा

शेखपुरा जिले में संचालित साई टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के चेयरमैन अंजेश कुमार को संयुक्त मुंगेर भागलपुर विश्वविद्यालय बीएड कॉलेज एसोसिएशन का सचिव बनाया गया है। इस महत्वपूर्ण पद पर जिम्मेवारी मिलने के पश्चात मंजेश को बधाइयां दिए जाने का सिलसिला जारी है। बहरहाल मुंगेर बीएड कॉलेज के प्रांगण में एसोसिएशन की बैठक में अमर कुमार साहा को पुनः अध्यक्ष चुना गया, जबकि शेखपुरा के अंजेश को सचिव की जिम्मेदारी दी गई। इस बैठक में संयुक्त सचिव के रूप में जमुई के ध्रुव सिंह का चयन हुआ। सचिव की जिम्मेदारी संभालते ही अंजेश ने भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति से बात करते हुए बीएड कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के हित को ध्यान में रखते हुए परीक्षा आवेदन फार्म शुल्क 5 हजार की जगह एक हजार रुपए करने का अनुरोध किया। सचिव ने बताया कि उनके अनुरोध को कुलपति ने मान लिया और इस आशय का पत्र एक-दो दिन में सभी कॉलेज को भेजने का आश्वासन दिया है।

# SAI COLLEGE OF TEACHER'S TRAINING

Recognized by ERC, NCTE Bhubaneswar & Affiliated to Munger University, Munger & BSEB, Patna

SH-83, "SAI DHAM" AT+PO-ONAMA, VIA-BARBIGHA (SHEIKHPURA)-811101

Email-Id- scott.nirman@gmail.com, Website - www.sctt.org.in

Contact: 8292705636, 7004053664


## नये बैच के छात्रों का किया गया स्वागत

बरबीघा/शेखोपुरसराय | हिटी

साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग में द्वितीय सत्र के छात्रों का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। बुधवार को ओनामा स्थित कॉलेज में डीएलएड के द्वितीय सत्र 2018 -20 के प्रथम बैच की शुरुआत महाविद्यालय के चेयरमैन अंजेश कुमार के द्वारा दीप जलाकरर विधिवत शुरुआत की गई। बैच शुरू होने के पूर्व महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिससे प्रशिक्षु एक दूसरे से रू-ब-रू हुए। इस अवसर पर प्रथम बैच के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही महाविद्यालय के चेयरमैन में प्रशिक्षणार्थियों को कड़ी मेहनत की बदौलत अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर उपाध्यक्ष रमेश कुमार, प्राचार्य डॉ. प्रवेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक रामानुज सिंह, रविंद्र कुमार, अमित कुमार, विश्वजीत कुमार, सर्वेश कुमार, मो. रौनक, श्वेता कुमारी, प्रियंका कुमारी, राजाराम, रघुवीर व अन्य मौजूद थे।

प्रभात खबर 4/8/18 5/7

## नये छात्र-छात्राओं का हुआ स्वागत




समारोह का शुभारंभ करते अंजेश कुमार एवं अन्य .

**बरबीघा (शेखपुरा).** अध्यापन समाज सेवा है. क्योंकि इससे समाज और राष्ट्र को अनुशासित और चरित्रवान नागरिक देने का अवसर मिलता है. लेकिन कुशल शिक्षक बनने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है. उक्त बातें साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग परिसर में नये शैक्षिक सत्र में नव नामांकित छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए आयोजित समारोह में कॉलेज के निदेशक अंजेश कुमार ने कहीं. डीएलएड के द्वितीय सत्र 2018-20 के पहले बैच का शुभारंभ चेयरमैन अंजेश कुमार ने किया. इससे पहले छात्र-छात्राओं की ओर स्वागत समारोह आयोजित किया गया. प्रथम बैच के छात्र- छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया. साथ ही कॉलेज के चेयरमैन ने छात्र-छात्राओं को कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित किया. अन्य वक्ताओं ने भी प्रशिक्षु शिक्षकों से कहा कि अनुशासन के बिना मुकाम पाना मुश्किल है.

## समारोह पूर्वक हुई द्वितीय सत्र की शुरुआत

**बरबीघा|** शेखोपुरसराय प्रखंड अंतर्गत ओनामा स्थित साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में डीएलएड के द्वितीय सत्र 2018-20 की प्रथम बैच की शुरुआत समारोह पूर्वक की गई। महाविद्यालय के चेयरमैन अंजेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर समारोह पूर्वक शुभारंभ किया गया। बैच शुरू होने के पूर्व महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रथम बैच के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज मे द्वितीय सत्र को लेकर स्वागत समारोह आयोजित

शेखोपुरसराय । साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनमा मे द्वितीय सत्र 2018- 20 का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। आज ओनामा स्थित साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज मे डीएलएड के द्वितीय सत्र 2018 -20 की प्रथम बैच की शुरुआत महाविद्यालय के चेयरमैन श्री अंजेश कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुरुआत की गई बैच शुरू होने के पूर्व महाविद्यालय मे अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। [illegible]

# SAI COLLEGE OF TEACHER'S TRAINING

Recognized by ERC, NCTE Bhubaneswar & Affiliated to Munger University, Munger & BSEB, Patna

SH-83, "SAI DHAM" AT+PO-ONAMA, VIA-BARBIGHA (SHEIKHPURA)-811101

Email-Id- scott.nirman@gmail.com, Website - www.sctt.org.in

Contact: 8292705636, 7004053664

दैनिक भास्कर 29/8/18

## पांच सितम्बर को सांई कॉलेज में कवि सम्मेलन सह मुशायरा का होगा आयोजन

सिटी रिपोर्टर | बरबीघा

साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग का बीएड सत्र 2018-20 शिक्षक दिवस के दिन वर्ग आरम्भ किया जायेगा। इसी मौके पर कवि सम्मेलन सह मुशायरा का भव्य आयोजन किया जायेगा। कॉलेज के अध्यक्ष अँजेश कुमार ने बताया की देश के विभिन्न राज्यों के कवि और शायर व शायरा अपनी प्रस्तुति देंगे। सुप्रसिद्ध गीतकार जनाब इब्राहीम अश्क जो (आईफा अवार्ड से सम्मानित किया है) मुंबई से आ रहे है। देश-विदेश में अपनी शायरी से पहचाने जाने वाली मोहतरमा ताजवर सुल्ताना इलाहाबाद से तशरीफ़ ला रहीं है। राजस्थान के कवी युसूफ रईस, झारखंड से सुशील साहिल तथा बंगाल से वकी मंजर शामिल होंगे। साथ ही कटिहार से प्रो. डॉ.अनवर ईरज व मसलेह उद्दीन काजिम , खगड़िया से साहिल जमाल, डॉ. ललित सिंह, डॉ. एसएन झा, डॉ. नूतन सिंह इस प्रोग्राम में अपने कविता, ग़ज़ल, शेर और नज़्मों को पेश करेंगें। इस तरह से भव्य कवि सम्मेलन सह मुशायरा का आयोजन किया जायेगा।

दैनिक जागरण 29अगस्त18

## शिक्षक दिवस पर साई कॉलेज में मुशायरे का होगा आयोजन

संवाद सूत्र, बरबीघा : साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग का बीएड सत्र 2018-20 शिक्षक दिवस के अवसर पर आरंभ किया जाएगा। वर्ग आरंभ के मौके पर कवि सम्मेलन व मुशायरे का भव्य आयोजन किया गया है। इस संबंध में कॉलेज के अध्यक्ष अंजेश कुमार ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों के कवि और शायर अपनी प्रस्तुति देंगे। सुप्रसिद्ध गीतकार जनाब इब्राहीम अश्क जिन्हें आईफा अवार्ड से सम्मानित किया है, वे मुंबई से पधार रहे हैं । मोहतरमा ताजवर सुल्तानाजो पूरी दुनिया में अपनी शायरी से पहचानी जाती है, वे इलाहाबाद से तशरीफ ला रहीं है।

## क्यों खरीदेगा खिलौने अब कोई, आज दिल लोगों के...

बरबीघा | हिंदुस्तान संवाददाता

"क्यों खरीदेगा खिलौने अब कोई, आज दिल लोगों के सस्ते हो गए..., अजनबी लोगों से जब मिलना हुआ और भी हम तो अकेले हो गए..., हादसे कुछ दिल पर ऐसे हो गए, हम समंदर से भी गहरे हो गए..., बैठे-बैठे दिल जो भर आया दिल कभी, रो दिए तो बच्चों जैसे हो गए... आदि सुनाकर आईफा अवार्ड से विजेता और मुंबई के कई फिल्मों में अपने गीत लिखने वाले शायर इब्राहिम अश्क ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

वे जब अपनी शेर सुनाने लगे तो महफिल तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। मौका था साईं टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का। मुशायरे में देशभर से कई नामचीन कवि और शायर उपस्थित हुए। अपनी रचनाओं से किसी ने गहरे रंग किए तो किसी ने सामाजिक कुरीतियों को उकेरा।

श्रोताओं ने इस मुशायरे में जमकर लुत्फ उठाया और वाहवाही की। मुशायरे में फलक सुल्तानपुरी ने जैसे ही अपनी कलाम शुरू की पूरी महफ़िल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठी। मुशायरे में शम्स तबरेज, प्रो नाइब बद्र, वकी मंजर, शाजिया नियाजी, सैयद वसीम उल हक, दयाशंकर बेधड़क, रंजीत दुधू, वसीम मंजर, जयराम देवेशपुरी, अनिल आनंद, प्रवीण बटोही, अभय कुमार आदि ने भी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संयोजक डॉ नीलम ने किया।

इसके पूर्व मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ रंजीत कुमार वर्मा, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर पुष्पांजलि कर विधिवत कार्यक्रम की शुरुआत की। मौके पर मौजूद डॉ शिव भगवान गुप्ता, डॉ रामविलास सिंह, राजनीति कुमार, नवीन कुमार, डॉ कृष्ण मुरारी प्रसाद सिंह, डॉ के पुरुषोत्तम, डॉ अर्जुन प्रसाद, रौशन कुमार आदि द्वारा दीप प्रज्वलित कर लोगों को शिक्षक दिवस पर संबोधित किया। अतिथियों का स्वागत कॉलेज के डायरेक्टर अंजेश कुमार, प्राचार्य रामानुज प्रसाद सिंह, उपनिदेशक रमेश कुमार व अन्य पदाधिकारियों द्वारा स्मृति चिह्न एवं पुष्पगुच्छ देकर किया गया।

### कवि सम्मेलन

- आईफा अवार्ड विजेता इब्राहिम अश्क ने मुशायरे में बिखेरा जलवा
- कुलपति ने कहा-मगध की धरती पूजनीय व वंदनीय है
- श्रोताओं ने इस मुशायरे में जमकर लुत्फ उठाया और वाहवाही की

### समाचार सार

## आइफा अवार्ड से सम्मानित इब्राहिम अश्क ने बांधा समा




कविता पाठ करते गीतकार इब्राहिम अश्क

जासं, शेखपुरा : हादसे कुछ दिल के ऐसे हो गए हम समंदर से भी गहरे हो गए , सारे जहां के दर्द को खुशबू बना लिया। हमने गजल के शेर को जादू बना जादु बना लिया. जैसे शेर पर दर्शक वाह-वाह कर उठे। आईफा अवार्ड से सम्मानित फिल्मी गीतकार इब्राहिम अश्क के एक से बढ़कर एक कलाम पर लोग घंटों झूमते रहे. सूरज में तेरे इश्क का ढलता नहीं,, चैन औ सुकून कल्ब को मिलता नहीं. फलक सुल्तानपुरी ने जैसे ही अपने कलाम शुरू किए पूरी महफ़िल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठी। अवसर था अखिल भारतीय कवि सम्मेलन सह मुशायरा का. शिक्षक दिवस के अवसर पर साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा परिसर में बिहार बंगाल उत्तर प्रदेश और बिहार के विभिन्न कोणों से आमंत्रित कवियों और शायरों के साथ साथ स्थानीय मगही कवियों ने पूरी महफ़िल में उपस्थित सैकड़ों की तादाद में श्रोताओं को झूमने के लिए विवश कर दिया। शम्स तबरेज प्रोफेसर नाइब बद्र , वकी मंजर , शाजिया नियाजी सैयद वसीम उल हक, दयाशंकर बेधड़क, रंजीत दुदू ,वसीम मंजर ,जयराम देवेश पुरी ,अनिल आनंद, प्रवीण बटोही आदि की प्रस्तुति दी।

## हादसे कुछ दिल के ऐसे हो गये, हम समंदर से भी गहरे हो गये





प्रभात खवर 6/9/18

कार्यक्रम — आईफा अवार्ड से सम्मानित फिल्मी गीतकार इब्राहिम अश्क भी हुए शामिल, मगही कवियों की प्रस्तुति से झूमते रहे दर्शक

## मुशायरा में बिहार, बंगाल व यूपी से आए शायरों ने बांधा समा

सिटी रिपोर्टर | बरबीघा

हादसे कुछ दिल के ऐसे हो गए, हम समंदर से भी गहरे हो गए। सारे जहां के दर्द को खुशबू बना लिया, हमने गजल के शेर को जादू बना लिया। जैसी शायरी की पंक्तियों पर दर्शक वाह-वाह कर उठे। आईफा अवार्ड से सम्मानित फिल्मी गीतकार इब्राहिम अश्क के एक से बढ़कर एक कलाम पर लोग घंटों झूमते रहे। सूरज तेरे इश्क का ढलता नहीं, चैन-ओ-सुकून कल्ब को मिलता नहीं। फलक सुल्तानपुरी ने जैसे ही अपना कलाम शुरू किया पूरी महफिल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठी। अवसर था अखिल भारतीय कवि सम्मेलन सह मुशायरा के आयोजन का। शिक्षक दिवस के अवसर पर साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा परिसर में बंगाल, यूपी व बिहार के विभिन्न इलाकों से आमंत्रित कवियों और शायरों के साथ-साथ स्थानीय मगही कवियों ने पूरी महफिल में उपस्थित सैकड़ों की तादाद में श्रोताओं को झूमने के लिए विवश कर दिया। शम्स तबरेज प्रो. नाइब बद्र, वकी मंजर, शाजिया नियाजी सैयद वसीम उल हक, दयाशंकर बेधड़क, रंजीत दूदू, वसीम मंजर, जयराम देवेश पुरी, अनिल आनंद, प्रवीण बटोही, अभय कुमार आदि की प्रस्तुति से पूरी महफिल देर शाम तक जमती रही।



कवि सम्मेलन में कविता पाठ करती कवियत्री

### शिक्षक बनने के लिए किया प्रेरित

मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रंजीत कुमार वर्मा ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर पुष्पांजलि कर विधिवत कार्यक्रम की शुरुआत की। मौके पर मौजूद डॉ. शिव भगवान गुप्ता, डॉ. रामविलास सिंह, राजनीति कुमार, नवीन कुमार, डॉ. कृष्ण मुरारी प्रसाद सिंह, डॉ. के पुरुषोत्तम, डॉ. अर्जुन प्रसाद, रौशन कुमार आदि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर लोगों को शिक्षक दिवस पर संबोधित किया गया और महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अच्छा शिक्षक बन कर समाज को लाभान्वित करने के लिए प्रेरित किया गया। अतिथियों का स्वागत कॉलेज के निदेशक अंजेश कुमार एवं प्राचार्य रामकुंज प्रसाद सिंह, उपनिदेशक रमेश कुमार तथा अन्य पदाधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर किया गया।

दैनिक भास्कर 6/9/18

नवादा

पटना । बृहस्पतिवार • 6 सितम्बर • 2018

राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

## मगध की धरती शिक्षा और ज्ञान स्थली रही : कुलपति

सहारा न्यूज ब्यूरो

शेखपुरासराय/शेखपुरा।





Recognized by ERC, NCTE Bhubaneswar & Affiliated to Munger University, Munger & BSEB, Patna

SH-83, "SAI DHAM" AT+PO-ONAMA, VIA-BARBIGHA (SHEIKHPURA)-811101

Email-Id- scott.nirman@gmail.com, Website - www.sctt.org.in

Contact: 8292705636, 7004053664



9 नवादा शेखपुरा

पटना। वृहस्पतिवार • 1 नवम्बर • 2018

सहारा | www.rashtriyasahara.com |


सरदार वल्लभभाई पटेल की 143 वी जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस पर जिले मे अनेकों सरकारी एवम गैरसरकारी कार्यालयों , शिक्षण संस्थानों एवम राजनीतिक दलों के कार्यालयों मे समारोहों एवम कार्यक्रमों की धूम मची रही। —— एक रिपोर्ट

संक्षिप्त खबरें

रालोसपा कार्यकर्ताओं का जत्था पटना रवाना

## जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद किये गये सरदार पटेल

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

शेखपुरा/बरबीघा/शेखोपुरसराय।

सरदार वल्लभभाई पटेल की 143 वी जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस पर जिले मे अनेकों सरकारी एवम गैरसरकारी कार्यालयों , शिक्षण संस्थानों एवम राजनीतिक दलों के कार्यालयों मे समारोहों एवम कार्यक्रमों की धूम मची रही।कलेक्ट्रेट प्रांगण से पटेल चौक तक रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किया गया । डीएम योगेंद्र सिंह के नेतृत्व मे शहर मे एकता दौड़ का भी आयोजन किया गया। जिसमे दयाशंकर पुलिस अधीक्षक शेखपुरा, अमित शरण एसडीपीओ ,थानाध्यक्ष एवं काफी संख्या मे जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे ।डीएम ने बताया कि राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी कई जिलों मे आयोजित की गई है।कुम्हार की दालू चौक पर स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल के आदमकद प्रतिमा पर जिला अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा माल्यार्पण किया गया ।इस अवसर पर उपस्थित एसएसटीएस कान्वेंट स्कूल सहित विभिन्न स्कूलों की छात्राओं के द्वारा रन फॉर यूनिटी मे शामिल अधिकारियों का स्वागत किया गया। वहीं भारतीय जनता पार्टी , जदयू , कांग्रेस , लोजपा , रालोसपा सहित अन्य राजनीतिक दलों के द्वारा जयंती समारोह आयोजित किया गया। शहर के पटेल चौक स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की स्थापित आदमकद संगमरमर की प्रतिमा पर सुबह से ही माल्यार्पण किये जाने का सिलसिला जारी रहा। रन फॉर यूनिटी के रूप मे भाजपा ने जिला मुख्यालय मे जयंती मनाया। जिसमे पार्टी जिला अध्यक्ष संजीत प्रभाकर , उपाध्यक्ष हीरालाल सिंह , मनोज कुमार सिंह ,संजय कुमार उर्फ काक्स सिंह, राजीव सिन्हा,रेशमा भारती सहित जिला भाजपा कमिटी शेखपुरा के समस्त पदाधिकारी मुख्य अतिथि मे जिला प्रभारी अरुण कुमार सिन्हा सहित कई स्कूल के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिले के शेखोपुरसराय प्रखण्ड के ओनामी स्थित साई टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज मे भी कॉलेज के चीयरमैन अँजेश कुमार की अध्यक्षता मे जयंती समारोह आयोजित किया गया। अरियरी प्रखण्ड के बेलदी गांव स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मे भी सरदार पटेल समारोहपूर्वक याद किये गए।



साई टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज मे आयोजित जयंती समारोह मे उपस्थित लोग।



केजीबी बेलदी मे सरदार पटेल की चित्र पर माल्यार्पण करती शिक्षिकाएं व अन्य।

खबरें एक नजर

बाल संवाद कार्यक्रम में बच्चों ने ...

बीडीओ ने किया नल जल ...

## 156 वीं जयंती पर याद किये गये स्वामी विवेकानंद

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

शेखपुरा/ बरबीघा/ शेखोपुरसराय।

स्वामी विवेकानन्द की 156 वी जयंती पूरे जिले मे धूमधाम एवम श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कई शिक्षण संस्थानो एवम सार्वजनिक स्थलों पर उनकी जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। जिले के बरबीघा स्थित प्रमुख शिक्षण संस्थान ज्ञान निकेतन रेजिडेंशियल स्कूल के विशाल सभागार मे वैदिक धर्म एवं संस्कृति के संवाहक स्वामी विवेकानंद जी की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई । विद्यालय के निदेशक, प्राचार्य एवं अन्य शिक्षक गण के द्वारा उनके तैल चित्र पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर समारोह की शुरुआत की गई । मुख्य वक्ता के रूप मे विद्यालय के निदेशक डॉ आर बी सिंह के द्वारा स्वामी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए युवा पीढ़ी से स्वामी विवेकानंद से निरूसृत होने वाले ज्ञान, प्रेरणा एवं तेज स्रोत का भरपूर लाभ उठाने की अपील की ।इसके अलावे उन्होंने कहा हमें स्वामी विवेकानंद के बताए रास्तों पर चलना चाहिए तभी हम सबका एवं देश का विकास एवं दुनिया मे गौरव गान होगा ।इसके अलावे विद्यालय के शिक्षक दिवाकर प्रसाद सिंह, जनार्दन सिंह , दीपक कुमार आदि ने भी स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए बच्चों का मार्गदर्शन किया। अंत मे विद्यालय के प्राचार्य श्रीकांत पांडे के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर जयंती समारोह का समापन किया गया।

उधर बरबीघा शहर के ही ख्यातिप्राप्त निजी शिक्षण संस्थान विकास इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल मे भी स्वामी विवेकानंद जी की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। समारोह की अध्यक्षता स्कूल के निदेशक रणजीत मौर्या ने की ।साई टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज ओनमी मे भी समारोहपूर्वक याद किये गए स्वामी विवेकानन्द ।उनकी जयंती यहाँ युवा दिवस के रूप मे मनाई गई। कॉलेज के चीयरमैन अँजेश कुमार महाविद्यालय के सभी प्रशिक्षु एवं एनआईओएस के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। युवा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। समारोह मे चीयरमैन के साथ साथ उपाध्यक्ष रमेश कुमार , रामानुज सिंह ,परीक्षा नियंत्रक ने भी इस महानुभाव को याद करते हुए इन्हें विश्व की धरोहर बताया।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक सर्वेश कुमार राय, रविंद्र कुमार राकेश गिरी, स्मिता कुमारी, खुशबू कुमारी, विश्वजीत कुमार ने अपने भाषण के माध्यम से युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी को पथ प्रदर्शक के रूप मे स्वीकारने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम मे सीता राम सिंह रघुबीर राजा राम एवम प्रियंका कुमारी उपस्थित थी।वहीं एसकेआर कॉलेज बरबीघा मे प्राचार्य डॉ .ण्ण कुमार की अध्यक्षता में भी जयंती समारोह आयोजित की गई।



ज्ञान निकेतन स्कूल बरबीघा मे स्वामी विवेकानंद के चित्र पर फूल -माला अर्पित करते निदेशक।





शेखोपुरसराय के साई टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज मे स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते चीयरमैन।

## सरदार पटेल व इंदिरा गांधी को किया गया याद

संसू, बरबीघा : साईं कॉलेज आफ टीचर्स ट्रेनिंग, ओनामा में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गई। वहीं, इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। मौके पर दोनों विभूतियों को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। महाविद्यालय के निदेशक श्री अजेश कुमार ने कहा कि भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ही आधुनिक भारत के शिल्पीकार हैं। उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को स्वतंत्रता आंदोलन में मुख्य भूमिका निभाने वाला एवं किसानों का सबसे बड़ा सहयोगी बताया।

## लोगों ने सरदार को किया याद

### शेखोपुरसराय में सरदार पटेल की मनी जयंती

पटना। बुधवार • 3 अक्टूबर • 2018
सहारा | www.rashtriyasahara.com |


बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवम पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पूरे जिले में जगह -जगह समारोहपूर्वक मनाई गई। जिले के विभिन्न इलाकों में महात्मा बापू एवम शास्त्री जी को लोगो ने श्रद्धापूर्वक याद किया। —— एक रिपोर्ट

## जयंती पर जगह-जगह श्रद्धापूर्वक याद किये गए बापू व शास्त्री जी

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

शेखपुरा/बरबीघा/चेवाड़ा/अरियरी/शेखोपुरसराय। बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवम पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पूरे जिले में जगह -जगह समारोहपूर्वक मनाई गई। जिले के विभिन्न इलाको में महात्मा बापू एवम शास्त्री जी को लोगो ने श्रद्धापूर्वक याद किया। मुख्य समारोह जिला कांग्रेस कार्यालय आजाद हिन्द आश्रम शेखपुरा में बड़े धूमधाम से मनाया गया है।

कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता कैलाश प्रसाद की अध्यक्षता जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे उमेश सिन्हा, अर्जुन सिंह, प्रो डॉ रमाकांत प्रसाद सिंह, युवा नेता राकेश सिंह, आर के जितेन्द्र डाली, श्रवण सिंह वीरेन्द्र कुमार, सिंह, माधव पाण्डेय, पप्पू कुमार ,अंकित सिंह सहित अन्य लोगो मौजूद थे।उधर श्री.पा आश्रम ,बरबीघा स्थित प्रखण्ड कांग्रेस कार्यालय में 2 अक्टूबर को भारत के राष्ट्रपिता मोहनदास करमचंद गांधी की 150 वी जयंती और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 115 वी जयंती मनाई गई।

जयंती समारोह में उपस्थित रहे जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सुरेश प्रसाद सिंह , हरि शंकर , देवेंद्र ठाकुर अशोक सिंह , रंजीत सिंह ,छिंटू सिंह, रामशंकर जी, दिनेश पासवान मकेश्वर सिंह आदि लोग उपस्थित हुये। समारोह की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष संजीत कुमार ने की।उपस्थित लोगो के दोनों के तैलिये चित्र पे पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित किए।उधर जिला राजद कार्यालय में जिला अध्यक्ष विजय यादव की अध्यक्षता में जयंती समारोह आयोजित की गई। जिसमे राजद के प्रदेश नेता विजय सम्राट , राजेन्द्र प्रसाद यादव, राजनीति सिंह, रामपुकार यादव , ललन साव, जगमणि राय सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

शहर के आरडी कॉलेज ,संस्कार पब्लिक स्कूल, एसएडीएन स्कूल, अमर ज्योति पब्लिक स्कूल , डीएवी स्कूल , जवाहर नवोदय विद्यालय, चेवाड़ा प्रखण्ड के श्री.पा उच्च विद्यालय , बीजे जानकी उच्च विद्यालय एकाढ़ा , बरबीघा प्रखण्ड के संत मेरी स्कूल , डिवाइन लाइट पब्लिक स्कूल , आदर्श विद्याभारती , ज्ञान निकेतन रेसिडेंसियल स्कूल , एक्सलेंस स्कूल , वर्ल्ड किड्स प्ले स्कूल, मॉडर्न इंस्टीच्यूट ऑफ बायोलॉजी , बीआईपी स्कूल में भी महात्मा बापू एवम लालबहादुर शास्त्री की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई।ज्ञान निकेतन रेसिडेंशियल स्कूल बरबीघा के छात्रों द्वारा विष्णुधाम सामस में सफाई अभियान चलाया गया। जबकि स्कूल के प्राचार्य श्रीकांत पांडेय की अध्यक्षता में नुक्कड़ सभा आयोजित किया गया। नप परिषद बरबीघा द्वारा शहर में सफाई अभियान चलाया गया। नप सभापति रौशन कुमार, बीडीओ पंकज कुमार सहित अन्य झाड़ू लगाकर अभियान का शुभारंभ किया।स्थानो पर स्वच्छता रैली, स्वच्छता अभियान पेंटिंग , निबन्ध प्रतियोगिता ,प्रभात फेरी, संकल्प दिवस , सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता ,प्लास्टिक के उपयोग पर अंकुश लगाने का संकल्प और जागरूकता अभियान , वृक्षारोपण आदि कार्यक्रम आयोजित किया गया।साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा में धूमधाम से महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई इस अवसर पर प्रातः प्रशिक्षु एवं शिक्षकों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई तथा एक संगोष्ठी का आयोजन कर दोनों विभूतियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। विभिन्न वक्ताओं ने गांधी विचारधारा को आज के लिए प्रासंगिक बताया निर्देशक अंजेश कुमार ने कहा कि बापू सिर्फ देशभक्त स्वतंत्र सेनानी ही नहीं बल्कि एक महान समाज सुधारक थे।इस अवसर पर खमस मीडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक अजय कुमार, कॉलेज के उपनिदेशक श्री रमेश कुमार प्रभारी प्राचार्य श्री सर्वेश कुमार राव रविंद्र कुमार अमित कुमार विश्वजीत कुमार प्रियंका कुमारी खुशबू कुमारी श्वेता सिन्हा उदय भान राजाराम रघुवीर सीताराम अमन हर्षवर्धन व सभी प्राध्यापकों धाध्यापकों प्रशिक्षु छात्र व छात्रा उपस्थित थे। वहीं भाजपा जिला कमिटि शेखपुरा की ओर से चांदनी चौक पर जिला महामंत्री संजय कुमार उर्फ काल सिंह के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवम महात्मा गांधी की जयंती के मौके पर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शहर के चांदनी चौक पर साफ सफाई अभियान चलाया गया ।जिसमे राजेन्द्र गुप्ता, केदार साव, अमित कुमार,मणिकांत ,आमोद कुमार,आनन्द वर्णवाल,रंजीत कुमार, करण कुमार ,बृजेश कुमार, अरविंद कुमार , टुनटुन कुमार, चकन्दर राम, संतोष गुप्ता,और लोग उपस्थित थे।





साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज ओनामा में जयंती समारोह में शामिल प्रशिक्षु छात्र व शिक्षकगण। बरबीघा शहर में सफाई अभियान चलाते नप सभापति व अन्य।

---


प्रभात खबर
4/8


## सत्य और अहिंसा पर चलने का लिया संकल्प

**हिलसा (नालंदा).** मध्य विद्यालय, मई मे गांधी जयंती धूमधाम से मनायी गयी. गांधी जयंती को लेकर मंगलवार की सुबह शिक्षक और छात्रों ने प्रभातफेरी निकाली गयी. इसके बाद शिक्षक अजीत कुमार सिंह ने सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलने का संकल्प दिलाया गया. इस मौके पर प्रधानाध्यापक नृपेंद्र कुमार सिंहा, कुमार पंकज, रामाधार सिंह, सुधा सिन्हा, सिंपल कुमारी, खुशबू कुमारी, अजीत कुमार सिंह, शिवानी, तनु, मुस्कान, राहुल, रीतेश, अमित, शुभम आदि मौजूद थे.



छात्रों व शिक्षकों को संकल्प दिलाते शिक्षक अजीत कुमार सिंह व अन्य.

स्थित स्लम एरिया में परिवारों के बीच स्वच्छता का अलख जगाया. स्कूली छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता जीवन जीने गया. कार्यक्रम के मौके पर संजय गांधी महिला महाविद्यालय के प्रोफेसर अजय कुमार भी मौजूद थे.



साई कॉलेज में पुष्प अर्पित करते शिक्षक व छात्र-छात्राएं.

---


पटना। रविवार • 30 दिसम्बर • 2018
सहारा | www.rashtriyasahara.com |


## शारीरिक दंडऔर बाल अधिकार पर कार्यशाला

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

शेखपुरा। एनआईओएस द्वारा संचालित अध्ययन केंद्र साई कॉलेज ऑफ टीचर ट्रेनिंग ओनामा शेखपुरा में अप्रशिक्षित शिक्षकों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण जो प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को दिया जाता है शनिवार के दिन डब्ल्यू बी ए कार्यशाला 513 के अंतर्गत शारीरिक दण्ड और बाल अधिकार शीर्षक पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिस में एनआईओएस के प्रशिक्षओ के साथ डीईएलएड प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष और बीएड प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षको ने भी इस कार्यशाला में भाग लिया । जिसमे 500 प्रशिक्षु उपस्थित रहे । महाविद्यालय के चेयरमैन अंजेश कुमार ने अपने संबोधन में बाल अधिकार के विभिन्न पहलुओं पर परिचर्चा की एवम प्रशिक्षुओं को इस सेमिनार के माध्यम से जागरूक करते हुए सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देकर भविष्य में ईमानदारी पूर्वक इन्हें पालन करने का निर्देश दिये । उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि - कार्यशाला द्वितीय के अंतर्गत सभी कार्यक्रम को निर्धारित तिथि पर पूरा किया जा रहा है। प्रभारी प्राचार्य सर्वेश कुमार राय ने बताया की बच्चो को शारीरिक दण्ड एक प्रेरक के रूप में देना चाहिए। जिससे उनके स्वर्णिम भविष्य का निर्माण किया जा सके। परीक्षा नियंत्रक रामानुज सिंह ने कहा की बच्चे देश के भविष्य होते है एवं उन्हें देवता का प्रतिरूप माना गया है। अतः उनके अधिकारों की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। जिस से उनके अच्छे भविष्य का निर्माण हो सके। प्रशिक्षुओं में प्रिंस कुमार, पूजा कुमारी, विनीत कुमार, अंकिता आनंद, गौरव लाल इत्यादि ने भाग लिया। मंच संचालन का कार्य प्रवीन कुमार के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की देखरेख ,रविंद्र कुमार, राकेश कुमार विश्वजीत कुमार, स्मिता कुमारी, प्रियंका कुमारी , खुशबू कुमारी , राजा राम, रघुवीर ,अमन ,सीताराम सिंह के द्वारा किया गया।




कार्यशाला को सम्बोधित करते संस्थान के चेयरमैन अंजेश कुमार।

# SAI COLLEGE OF TEACHER'S TRAINING

Recognized by ERC, NCTE Bhubaneswar & Affiliated to Munger University, Munger & BSEB, Patna

SH-83, "SAI DHAM" AT+PO-ONAMA, VIA-BARBIGHA (SHEIKHPURA)-811101

Email-Id- scott.nirman@gmail.com, Website - www.sctt.org.in

Contact: 8292705636, 7004053664


## अप्रशिक्षित शिक्षकों को मिला चित्रकला का विशेष प्रशिक्षण

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

शेखोपुरसराय।



साईं टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में चित्रकला का प्रशिक्षण लेते अप्रशिक्षित शिक्षक व शिक्षिका।

एनआईओएस द्वारा संचालित अध्ययन केंद्र साई कॉलेज ऑफ टीचर ट्रेनिंग ओनामा शेखपुरा में अप्रशिक्षित शिक्षकों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण के दौरान रविवार के दिन पेपर कोड 508 कला शिक्षा पर क्रियाकलाप (प्रोजेक्ट) के अंतर्गत एनआईओएस के प्रशिक्षुओं को बिहार राज्य के भागलपुर क्षेत्र की प्रसिद्ध मंजूषा चित्रकला के समस्त बारीकियों को समझाते हुए उसका अंकन करवाया गया। यह प्रशिक्षण प्रत्येक शनिवार एवम रविवार को दिया जाता है। जिसमें 180 प्रशिक्षु उपस्थित रहे। महाविद्यालय के ललित कला विभाग के प्राध्यापक विश्वजीत कुमार ने चित्र कला की समस्त बारीकियों का पर चर्चा करते हुए सभी प्रशिक्षुओं से मंजूषा पेंटिंग भी बनवाए। महाविद्यालय के चेयरमैन अंजेश कुमार ने बताया कि चित्रकला के माध्यम से मानव अपने समस्त भावों को व्यक्त कर सकता है। इसीलिए प्रशिक्षुओं को चित्रकला का प्रशिक्षण भी जरूरी है। उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि कक्षा में प्रशिक्षु शिक्षकों की उपस्थिति 85% अनिवार्य की गई है और चित्रकला कार्यशाला के समापन के बाद चित्रों की प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम की देखरेख सर्वेश कुमार, रविंद्र कुमार, रामानुज सिंह, राकेश कुमार, स्मिता कुमारी, प्रियंका कुमारी, अमित कुमार, खुशबू कुमारी, राजा राम, रघुवीर, अमन, सीताराम सिंह के द्वारा किया जा रहा है।


पटना, 3 दिसंबर 2018

बिहारशरीफ जागरण


## कार्यशाला में अप्रशिक्षित शिक्षकों की कलाकृतियों का किया गया निर्माण

### साई कॉलेज में एनआइओएस द्वारा संचालित डीएलएड के शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

संवाद सूत्र, बरबीघा : एनआईओएस द्वारा संचालित डीएलएड के अप्रशिक्षित शिक्षकों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्य प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को दिया जाता है। यह कार्यशाला डब्लू बी ए के अंतर्गत वर्कशॉप द्वितीय में कला शिक्षा पर साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा में कार्यशाला किया गया जिसमें एक सौ अट्ठासी प्रशिक्षुओं के आलोक में 152 अप्रशिक्षित शिक्षकों ने भाग लिया और विभिन्न प्रकार की कलाकृतियों का निर्माण किया। महाविद्यालय के कला के सहायक प्राध्यापक विश्वजीत कुमार के दिशा निर्देश में प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रकार की कलाकृतियों का निर्माण किया गया। महाविद्यालय के चेयरमैन अंजेश कुमार ने बताया कि वर्कशॉप द्वितीय के अंतर्गत सभी गतिविधियों को सुचारू रूप से विषय विशेषज्ञों द्वारा कराया जा रहा है जिससे सभी प्रशिक्षु शिक्षक लाभान्वित हो रहा है। उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि सभी प्रशिक्षु शिक्षक महाविद्यालय के निर्देशानुसार अपने-अपने कार्य को निर्धारित समय में पूरा कर रहे हैं। इस कार्यशाला को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय प्राध्यापक सर्वेश कुमार, रविन्द्र कुमार, राकेश गिरी, रामानुज सिंह, स्मिता कुमारी, प्रियंका कुमारी, राजाराम, रघुवीर, असित अमन, सीताराम सिंह आदि ने सहयोग प्रदान किया।



साई कॉलेज के कार्यशाला में बनायी गई कलाकृति का अवलोकन करते प्राचार्य व अन्य।


## अप्रशिक्षित शिक्षकों को मिला चित्रकला का विशेष प्रशिक्षण

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

शेखोपुरसराय।





साईं टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में चित्रकला का प्रशिक्षण लेते अप्रशिक्षित शिक्षक व शिक्षिका।

एनआईओएस द्वारा संचालित अध्ययन केंद्र साई कॉलेज ऑफ टीचर ट्रेनिंग ओनामा शेखपुरा में अप्रशिक्षित शिक्षकों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण के दौरान रविवार के दिन पेपर कोड 508 कला शिक्षा पर क्रियाकलाप (प्रोजेक्ट) के अंतर्गत एनआईओएस के प्रशिक्षुओं को बिहार राज्य के भागलपुर क्षेत्र की प्रसिद्ध मंजूषा चित्रकला के समस्त बारीकियों को समझाते हुए उसका अंकन करवाया गया। यह प्रशिक्षण प्रत्येक शनिवार एवम रविवार को दिया जाता है। जिसमें 180 प्रशिक्षु उपस्थित रहे। महाविद्यालय के ललित कला विभाग के प्राध्यापक विश्वजीत कुमार ने चित्र कला की समस्त बारीकियों का पर चर्चा करते हुए सभी प्रशिक्षुओं से मंजूषा पेंटिंग भी बनवाए। महाविद्यालय के चेयरमैन अंजेश कुमार ने बताया कि चित्रकला के माध्यम से मानव अपने समस्त भावों को व्यक्त कर सकता है। इसीलिए प्रशिक्षुओं को चित्रकला का प्रशिक्षण भी जरूरी है। उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि कक्षा में प्रशिक्षु शिक्षकों की उपस्थिति 85% अनिवार्य की गई है और चित्रकला कार्यशाला के समापन के बाद चित्रों की प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम की देखरेख सर्वेश कुमार, रविंद्र कुमार, रामानुज सिंह, राकेश कुमार, स्मिता कुमारी, प्रियंका कुमारी, अमित कुमार, खुशबू कुमारी, राजा राम, रघुवीर, अमन, सीताराम सिंह के द्वारा किया जा रहा है।



प्रभात खबर 6/8

30/12/18

कैंपस प्रभात


## शारीरिक दंड व बाल अधिकार विषय पर सेमिनार आयोजित




प्रशिक्षु शिक्षकों को संबोधित करते महाविद्यालय के डायरेक्टर अंजेश कुमार.

**बाल अधिकार के विभिन्न पहलुओं पर हुई परिचर्चा**

**शेखपुरा.** एनआइओएस द्वारा संचालित केंद्र साईं कॉलेज ऑफ टीचर ट्रेनिंग ओनामा में शनिवार के दिन डब्ल्यूबीए कार्यशाला के अंतर्गत शारीरिक दंड और बाल अधिकार शिक्षक पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें एनआइओएस के प्रशिक्षकों के साथ डीएलएड प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष और बीएड प्रथम वर्ष सेकेंड वर्ष के प्रशिक्षकों ने इस कार्यशाला में भाग लिया. इस कार्यशाला में लगभग 500 प्रशिक्षक मौजूद थे. महाविद्यालय के चेयरमैन अंजेश कुमार ने बाल अधिकार के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षुओं को इस सेमिनार के माध्यम से जागरूक करते हुए सरकार द्वारा चलायी गयी विभिन्न योजनाओं के के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देकर भविष्य में ईमानदारी पूर्वक उन्हें पालन करने का निर्देश दिया. उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि कार्यशाला के अंतर्गत सभी कार्यक्रम को निर्धारित तिथि पर पूरा किया जा रहा है जिससे उनके स्वर्णिम भविष्य का निर्माण किया जा सके. परीक्षा नियंत्रक रामानुज सिंह ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं. अतः उनके अधिकारों की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है. प्रशिक्षकों में प्रिंस कुमार, पूजा कुमारी, विनीत कुमार, अंकिता, आनंद, गौरव लाल, राकेश कुमार, विश्वजीत कुमार, स्मिता कुमारी, प्रियंका कुमारी, खुशबू कुमारी, राजा राम, रघुवीर, अमन, सीताराम सिंह ने भाग लिया.

# SAI COLLEGE OF TEACHER'S TRAINING

Recognized by ERC, NCTE Bhubaneswar & Affiliated to Munger University, Munger & BSEB, Patna

SH-83, "SAI DHAM" AT+PO-ONAMA, VIA-BARBIGHA (SHEIKHPURA)-811101

Email-Id- scott.nirman@gmail.com, Website - www.sctt.org.in

Contact: 8292705636, 7004053664


## मॉक ड्रिल करके अगलगी से निपटने के तौर–तरीके बताए

**संवाद सूत्र, बरबीघा** : बिहार सरकार के शिक्षा विभाग एवं मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव के आदेशानुसार आज साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, ओनामा के प्रांगण में अग्निकांड संबंधी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कॉलेज के अध्यक्ष अंजेश कुमार ने बताया कि इस निष्क्रमण ड्रिल का उद्देश्य छात्रों को आग लगने के कारण, तरीके तथा उन पर तत्काल कार्यवाही कैसे की जाए, इसकी पूरी जानकारी प्रदान करना हैं। कॉलेज के उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि इस फायर फाइटिंग का उद्देश्य बच्चों में एलपीजी सिलेंडर, बिजली उपकरण, तेल व कागज से लगने वाली आग, उनपर कैसे काबू पाया जाए तथा किन-किन महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर कॉलेज के सहायक प्राचार्य सर्वेश कुमार, प्राध्यापक रविंद्र कुमार, राकेश गिरी, उदयभान सिंह, विश्वजीत कुमार आदि थे।



अग्नि संबंधी निष्क्रमण की जानकारी देते ट्रेनर। ● जागरण

## अग्निकांड संबंधी निष्क्रमण ड्रिल का आयोजन

**बरबीघा (शेखपुरा)/संवाददाता।**

बिहार सरकार के शिक्षा विभाग एवं मुंगेर विश्वविद्यालय मुंगेर के कुलसचिव के आदेशानुसार सोमवार को साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, ओनामा के प्रांगण में अग्निकांड संबंधी निष्क्रमण ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के सभी प्रशिक्षु शिक्षकों एवं कार्यरत सभी प्राध्यापकों को आग लगने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां और इससे निपटने को लेकर संपूर्ण जानकारी दी गई। इस बारे में महाविद्यालय के अध्यक्ष अंजेश कुमार ने बताया कि इस निष्क्रमण ड्रिल का उद्देश्य छात्रों को आग लगने के कारण, तरीके तथा तत्काल इसके रोकथाम की पूरी जानकारी प्रदान करना है। महाविद्यालय के उपाध्यक्ष रमेश कुमार



ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में एलपीजी सिलेंडर, बिजली उपकरण, तेल व कागज से लगने वाले आग तथा उन पर कैसे काबू पाया जाए तथा किन-किन महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखा जाए, यह विस्तारपूर्वक बताया गया। इस दौरान महाविद्यालय के सहायक प्राचार्य सर्वेश कुमार, प्राध्यापक रविंद्र कुमार, राकेश गिरी, उदय भान सिंह, विश्वजीत कुमार, स्मिता कुमारी, खुशबू कुमारी, श्वेता सिन्हा प्रियंका कुमारी, आसित अमन, राजा राम, रघुवीर, सीताराम सिंह एवं सभी प्रक्षिछु शिक्षक आदि मौजूद थे।

## ट्रेनिंग कॉलेज में अग्निकांड संबंधी निष्क्रमण ड्रिल का आयोजित

**शेखपुरा।** बिहार सरकार के शिक्षा विभाग एवं मुंगेर विश्वविद्यालय मुंगेर के कुलसचिव के आदेशानुसार आज साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, ओनामा के प्रांगण में अग्निकांड संबंधी निष्क्रमण ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के सभी प्रशिक्षु शिक्षकों एवं कार्यरत सभी प्राध्यापकों को आग लगने के दरम्यान क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए एवं इससे कैसे निपटना चाहिए इसके बारे में संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। महाविद्यालय के अध्यक्ष अंजेश कुमार ने बताया कि इस निष्क्रमण ड्रिल का उद्देश्य छात्रों को आग लगने के कारण ,तरीके



अगलगी के दौरान आग के बचाव की जानकारी लेते प्रशिक्षु छात्र -छात्राएं

तथा उन पर तत्काल कार्यवाही कैसे की जाए ।इसकी पूरी जानकारी प्रदान करना है। महाविद्यालय के उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि इस फायर फाइटिंग का उद्देश्य बच्चों में एलपीजी सिलेंडर ,बिजली उपकरण ,तेल ,कागज से लगने वाले आग तथा उन पर कैसे काबू पाया जाए तथा किन किन महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखा जाए यह विस्तारपूर्वक बताया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राचार्य सर्वेश कुमार प्राध्यापक रविंद्र कुमार राकेश गिरी ,उदय भान सिंह ,विश्वजीत कुमार ,स्मिता कुमारी , खुश्बू कुमारी,श्वेता सिन्हा प्रियंका कुमारी , आसित अमन, राजा राम ,रघुवीर,सीताराम सिंह एवं सभी प्रक्षिछु शिक्षक आदि मौजूद रहे ।

दैनिक भास्कर

## साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

सिटी रिपोर्टर | शेखोपुरसराय

शेखोपुरसराय प्रखंड अंतर्गत ओनामा गांव स्थित साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग के प्रांगण में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनाई गई। इस दौरान कॉलेज के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने गांधी जी के तैलीय चित्र पर पुष्प माला अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर कॉलेज के निदेशक अंजेश कुमार ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने देश और समाज को नई दिशा दी। अपनी पूरी जिंदगी देश के लिए समर्पित करने वाले गांधीजी के बताए मार्ग पर चल कर ही समाज को बेहतर रास्ते पर आगे ले जाया जा सकता है, परंतु आज के विपरीत हालात पर गहन चिंतन की जरूरत है।निदेशक अंजेश कुमार ने कहा कि देशवासी गांधीजी का सपना किताबों में पढ़ते हैं पर धरातल पर उसकी धज्जियाँ उड़ाते हैं। राजनैतिक दलों ने अपने लाभ के लिये गांधीजी के नाम का तरह- तरह से उपयोग किया और जनता को छला। गरीब और किसान आज भी शोषित हो रहे है। सामाजिक कटुता से लेकर देश के विकास तक राजनैतिक और प्रशासनिक भ्रष्टाचार से लेकर सांस्कृतिक क्षरण तक गांधीजी को अस्त्र बनाया जाता है, जो बिल्कुल खतरनाक है। उन्होंने कहा कि गांधी जी के आदर्शों पर आगे बढ़ने के लिए सभी लोगों को दृढ़ संकल्प लेने की जरूरत है।

## साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**शेखोपुरसराय**।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शत - शत नमन । हम देशवासी आपका सपना किताबों में पढ़ सकते है पर धरातल पर उसकी धज्जियाँ उड़ते देखते है । आपको राजनैतिक दलों ने अपने लाभ के लिये तरह- तरह से उपयोग किया और जनता को छला है।यह बातें श्रद्धांजली सभा मे कालेज के चेयरमैन अंजेश कुमार ने कही।श्री कुमार ने कहा की गाँव , गरीब और किसान आज भी शोषित हो रहे है । आज भी काले अंग्रेजों का दमन बदस्तूर जारी है ।आपकी हड्डियों को अस्त्र बनाकर देश को दिशाहीन कर दिया है । सामाजिक कटुता से लेकर देश के विकास तक , राजनैतिक और प्रशासनिक भ्र्ष्टाचार से लेकर सांस्.तिक क्षरण तक में आपको अस्त्र बनाया जाता है । हम लाचार देशवासियों की ओर से आपको हार्दिक श्रद्धांजलि । आज साई कालेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, ओनामा शेखपुरा मे श्रद्धांजलि सभा मे पुष्प अर्पित करने वालो मे प्रभारी प्राचार्य सर्वेश कुमार के साथ साथ कालेज के उपाध्यक्ष रमेश कुमार, सहायक प्राध्यापक रामानुज सिंह,रवींद्र कुमार, अमित कुमार,स्मिता कुमारी, प्रियंका कुमारी,विश्वजीत कुमार ,राजाराम,रघुवीर एवं सीताराम भी मौजूद थे ।



महात्मा बापू के चित्र पर पुष्प अर्पित करती छात्राएं एवम अन्य।

# SAI COLLEGE OF TEACHER'S TRAINING

Recognized by ERC, NCTE Bhubaneswar & Affiliated to Munger University, Munger & BSEB, Patna

SH-83, "SAI DHAM" AT+PO-ONAMA, VIA-BARBIGHA (SHEIKHPURA)-811101
Email-Id- scott.nirman@gmail.com, Website - www.sctt.org.in
Contact: 8292705636, 7004053664

किए गए बेहतर कार्यों की जमकर सराहना की गई। इस दौरान लोगों ने उनके कार्यकाल के दौरान उनके द्वारा किए गए काम-काज की काफी सराहना की और कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में कई काम उल्लेखनीय किया।

कर्मियों ने किसानों के बीच उक्त जानकारी दी गई। हो सकती है। 497 मतदान केंद्र हैं। रविवार को साथ ही मतदाताओं से मोबाइल नंबर

**पंचतंत्र**




**कवि सम्मेलन** • साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग के प्रांगण में कवियों की प्रस्तुति पर दर्शकों ने बजाईं तालियां

## एक शाम शहीदों के नाम में कवियों ने बिखेरा जलवा

सिटी रिपोर्टर | शेखोपुरसराय

प्रखंड के ओनामा स्थित साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग प्रांगण में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। हालांकि इस आयोजन की तैयारी हास्य कवि सम्मेलन के रूप में की गई थी, लेकिन कश्मीर के पुलवामा में आतंकी हमले में 40 जवानों की शहादत के बाद इस कवि सम्मेलन को शहीदों के नाम एक शाम का स्वरूप देकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में देश के सात राज्यों से आये नामी गिरामी नामचीन कवियों में डॉ. प्रतीक गुप्ता(यूपी), श्रीकांत श्री (देहरादून), मोहन मुंतजिर (नैनीताल), मोनिका देहलवी (नई दिल्ली), दिनेश देवघरिया (पटियाला), संजीव कुमार, मुकेश एवं उमेश प्रसाद उमेश ने एक से बढ़कर एक देश भक्ति की कविता की प्रस्तुति कर श्रोताओं का दिल जीत लिया और जमकर तालियां बटोरी। आगत अतिथियों को पुष्प गुच्छ एवम स्मृति चिन्ह देकर कॉलेज के चेयरमैन अंजेश कुमार ने स्वागत किया। अतिथियों में लखीसराय के पूर्व विधायक फुलेना सिंह, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ.के पुरुषोत्तम, आरडी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ.रामाकांत प्रसाद सिंह, डॉ.केएमपी सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी शशि शेखरम सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस दौरान लोगों ने पुलवामा में शहीद हुए देश के वीर जवानों को भी श्रद्धांजलि दी गई।


स्वागत गान प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

### पाक की कायराना हरकत पर कार्रवाई की मांग

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि सरकार पाकिस्तान को इस बार मुंहतोड़ जवाब दे ताकि वो आने वाले कई सालों तक भारत के इस जवाबी हमले को याद रखे। लोगों ने कहा पाकिस्तान शुरू से कायराना हमला करता आया है। पीठ पर वार करना पाकिस्तान की शुरू से ही आदत रही है। वे अपने देश में आतंकवादियों को पनाह देता है जो हमारे देश के जाबांज सैनिकों को पीछे से वार कर शहीद कर देते हैं। सरकार को इस बार पाकिस्तान को करारा जवाब देना चाहिए।

दैनिक भास्कर

---

दैनिक जागरण 18/2/19

**शहादत को सलाम**

## कवि सम्मेलन में शहादत को किया सलाम

संवाद सहयोगी, बरबीघा : एक शाम शहीदों के नाम राष्ट्रीय स्तर के कवि सम्मेलन में पहुंचे कवियों ने उपस्थित श्रोताओं को देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत कविता सुनाकर झकझोर दिया। कवियों की कविताओं पर लोगों ने खूब तालियां भी बजाई और मायूस हुए। इसका आयोजन शेखोपुरसराय के साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग (ओनामा) के प्रांगण में किया गया।

समारोह में आये अतिथियों एवम उपस्थित गणमान्य लोगों ने शहीद जवानों के नाम दीप जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी शहीदों के मदद हेतु महाविद्यालय के चैयरमैन अंजेश कुमार द्वारा 25 हजार का चेक जिला प्रशासन को दिया गया। इस राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में देश के सात राज्यों से आये नामचीन कवियों में डॉ प्रतीक गुप्ता (मुरादनगर यूपी), श्रीकांत श्री (देहरादून), मोहन मुंतजिर (नैनीताल),


कविता पाठ करते कवि।

मोनिका देहलवी (नई दिल्ली), दिनेश देवघरिया (पटियाला), संजीव कुमार मुकेश एवम उमेश प्रसाद उमेश ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति कविता का पाठ कर दर्शक दीर्घा में उपस्थित श्रोताओं का दिल जीत लिया। आये हुए अतिथियों को पुष्प गुच्छ एवम स्मृति चिन्ह देकर कॉलेज के चेयरमैन अंजेश कुमार ने स्वागत किया। अतिथियों में लखीसराय के पूर्व विधायक फुलेना सिंह, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी व प्रख्यात सर्जन डॉ. के पुरुषोत्तम, पूर्व मुखिया नवीन कुमार, माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला सचिव राजनीति कुमार, आरडी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ रामाकांत प्रसाद सिंह, विष्णुधाम न्यास परिषद सामस के अध्यक्ष डॉ. केएमपी सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी शशिशेखरम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। शेखपुरा जिला की धरती और इस कॉलेज परिसर में यह दूसरी मर्तबा इस तरह का राष्ट्रीय स्तर का कवि सम्मेलन सह मुशायरा का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न टीवी चैनलों पर अपने कविता पाठ से मशहूर कवियों ने देशवासियों का दिल जीतने का काम किया।

प्रभात खबर 4/7

# शहीदों की शहादत को कभी बदनाम मत करना...

**बरबीघा (शेखपुरा).** शनिवार को वीर शहीदों के नाम साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया. शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित इस कवि सम्मेलन में वीर रस के ओजपूर्ण कविताओं की प्रस्तुति की गयी व आतंक के समर्थक देश पर व्यंग्य किया गया. वहीं, शहीदों व उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना कविता के माध्यम से प्रकट की गयी. देहरादून से आये श्रीकांत की कविता 'शहीदों की शहादत को कभी बदनाम मत करना' की भी भरपूर सराहना हुई. वहीं, मेरठ के डॉक्टर प्रतीक गुप्ता ने भी अपनी कविताओं से लोगों के दिलों को छू लिया. इस आयोजन में मोहन मुंतजीर, कवि संजीव कुमार, मुकेश और एकमात्र कवयित्री के रूप में आमंत्रित मोनिका देहलवी की कविताओं ने दर्शकों को भावुक कर दिया. इससे पूर्व कॉलेज के निदेशक अंजेश कुमार ने आगत अतिथियों को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया. जबकि प्रख्यात शल्य चिकित्सक



कवि सम्मेलन का मे शामिल दर्शक.

डॉक्टर के पुरुषोत्तम, पूर्व विधायक, लखीसराय फुलेना प्रसाद सिंह, रामाधीन कॉलेज के प्राचार्य पूर्व डॉ रामाकांत प्रसाद सिंह, राजनीति कुमार ने दीप जलाकर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया. महाविद्यालय के उपनिदेशक रमेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया.

प्रभात खबर 18/2/19 4/8

## ब्रीफ न्यूज



डीटीओ शशि शेखर को सहायता राशि का चेक प्रदान करते अंजेश कुमार.

### शहीदों के सहायतार्थ दिया 25 हजार का चेक

**बरबीघा (शेखपुरा).** साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, ओनामा के निदेशक अंजेश कुमार के द्वारा पुलवामा आतंकी हमले में वीरगति को प्राप्त होनेवाले शहीदों के परिजनों के सहायतार्थ 25 हजार की राशि का चेक प्रदान किया गया है. वीर शहीदों की श्रद्धांजलि के लिए कॉलेज में आयोजित किये गये एक साहित्यिक शाम शहीदों के नाम पर मौजूद जिला प्रशासन का प्रतिनिधित्व कर रहे जिला परिवहन पदाधिकारी शशि शेखर को उक्त राशि का चेक प्रदान किया गया. मौके पर डॉ के पुरुषोत्तम, डॉ कृष्ण मुरारी प्रसाद सिंह, अंजनी कुमार, पूर्व नगर पंचायत बरबीघा के अध्यक्ष अजय कुमार, रामाधीन कॉलेज के प्राचार्य डॉ रमाकांत प्रसाद सिंह आदि मौजूद थे.

# शहीदों की शहादत को सलाम कार्यक्रम में कवियों ने बटोरी तालियां

**शेखपुरा।** 16 फरवरी शनिवार की शाम जिले के प्रतिष्ठित साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, ओनामा के प्रांगण में भव्य एवम राष्ट्रीय स्तर का कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। हालांकि इस आयोजन की तैयारी हास्य कवि सम्मेलन के रूप में की गई थी। लेकिन काश्मीर के पुलवामा में हमारे देश के 44 वीर जवानों की आतंकी हमले में हुई सामूहिक हत्या के बाद इस कवि सम्मेलन को शहीदों के नाम एक शाम ,शहीदों की शहादत को सलाम का स्वरूप देकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। समारोह मे आये अतिथियों एवम उपस्थित गणमान्य लोगो ने शहीद जवानों के नाम एक -एक दीप जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किये। शहीदों के परिजनों की मदद हेतु महाविद्यालय के चौयरमैन अँजेश कुमार द्वारा 25 हजार का का चेक जिला प्रशासन को दिया गया। इस राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में देश के सात राज्यों से आये नामी गिरामी नामचीन कवियों मे डॉ प्रतीक गुप्ता, मुरादनगर यूपी,श्रीकांत श्री देहरादून, मोहन मुंतजिर नैनीताल, मोनिका देहलवी नई दिल्ली, दिनेश देवघरिया पटियाला,संजीव कुमार मुकेश एवम उमेश प्रसाद उमेश ने एक से बढ़कर एक देश भक्ति की कविता पाठ कर दर्शक दीर्घा मे उपस्थित श्रोताओं का दिल जीत लिया और जमकर तालियाँ बटोरी।आगत अतिथियों को पुष्प गुच्छ एवम स्मृति चिन्ह देकर कॉलेज के चेयरमैन अंजेश कुमार ने स्वागत किया।अतिथियों मे लखीसराय के पूर्व विधायक फुलेना सिंह, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी व प्रख्यात सर्जन डॉ के पुरुषोत्तम , पत्रकार यूनियन के जिला महासचिव नवीन कुमार, माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला सचिव राजनीति कुमार, आरडी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ रामाकांत प्रसाद सिंह, विष्णुधाम न्यास परिषद सामस के अध्यक्ष डॉ केएमपी सिंह , जिला परिवहन पदाधिकारी शशिशेखरम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। शेखपुरा जिला की धरती और इस कॉलेज परिसर में यह दूसरी मर्तबा इस तरह का राष्ट्रीय स्तर का कवि सम्मेलन सह मुशायरा का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न टीवी चौनलों पर अपने कविता पाठ से मशहूर कवियों ने देशवासियों का दिल जीतने का काम किया। अध्यक्ष ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु छात्रध्छात्रा, कार्यरत सभी शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों का धन्यवाद दिया ।

प्रभात खबर 8/9

पूर्व में प्रारंभिक विद्यालयों के बच्चों को ... जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, कार्यक्रम

## डीएलएड की सैद्धांतिक परीक्षा में शामिल हुए सैकड़ों परीक्षार्थी



ओनामा स्थित साईं कॉलेज ऑफ टीचर ट्रेनिंग में उपस्थित परीक्षार्थी.

**बरबीघा (शेखपुरा).** शुक्रवार को डीएलएड के निर्णायक दूसरे वर्ष की अंतिम सैद्धांतिक परीक्षा कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न हो गया. जिला प्रशासन के निगरानी में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस बल, वीक्षक एवं माइक्रो आब्जर्वर के दिशा निर्देशन और नेतृत्व में विभिन्न केंद्रों पर सैकड़ों परीक्षार्थियों ने इस आयोजन में हिस्सा लिया. प्रखंड में प्लस टू उच्च विद्यालय तथा शेखोपुरसराय के सांई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग के साथ शेखपुरा के इस्लामिया उच्च विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया था. जिला शिक्षा पदाधिकारी नंदकिशोर राम के द्वारा प्रत्येक परीक्षा केंद्रों पर स्थैतिक दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त कर पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात किये गये थे. शुक्रवार को पहले दिन संपन्न हुए परीक्षा में 98 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी.

## एनआईओएस की परीक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण सम्पन्न

**शेखोपुरसराय** । प्रखंड के ओणमा मे स्थित साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग मे शनिवार के दिन एनआईओएस के तहत दो दिवसीय परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल मे कदाचार मुक्त सम्पन्न हुआ। साई कॉलेज ऑफ टीचर ट्रेनिंग ओनामा में आयोजित परीक्षा के दूसरे दिन कूल 735 परीक्षार्थी मे से 734 परीक्षार्थी उपस्थित थे। परीक्षा के सफल संचालन हेतु कुल 38 वीक्षक के साथ साथ एक केंद्र अधीक्षक एवं एक उप केंद्र अधीक्षक के साथ साथ दो मजिस्ट्रेट एवं नोडल पदाधिकारी सतीश कुमार जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान उपस्थिति रहे। इस परीक्षा मे जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया । परीक्षा को कदाचार मुक्त बनाने के लिए पूरी चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी किसी भी परिस्थिति मे परीक्षार्थी को एडमिट कार्ड के अलावे किसी अन्य सामग्री साथ रखने का छूट नही दिया गया था। परीक्षा के दौरान कई परीक्षार्थियो से केंद्र में प्रवेश करने के दौरान वीक्षको द्वारा मोबाइल भी जब्त किया गया। बाद मे मोबाइल परीक्षा समाप्ति के बाद पुनः सम्बंधित परीक्षार्थी को दे दिया गया।



परीक्षा का निरीक्षण करते मजिस्ट्रेट।

## एनआईओएस की परीक्षा सम्पन्न

**शेखोपुरसराय** । प्रखंड के ओणमा मे स्थित साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग केंद्र मे शुक्रवार को परीक्षा के पहले दिन एनआईओएस की परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त सम्पन्न हुआ। साई कॉलेज ऑफ टीचर ट्रेनिंग ओनामा मे परीक्षा के पहले दिन कुल 735 परीक्षार्थी में से 734 की उपस्थित हुए। परीक्षा के सफल संचालन हेतु कुल 38 वीक्षक के साथ साथ एक केंद्र अधीक्षक एवं एक उप केंद्र अधीक्षक के साथ साथ दो मजिस्ट्रेट एवं नोडल पदाधिकारी सतीश कुमार जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान उपस्थिति रहे। इस परीक्षा मे जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया । परीक्षा को कदाचार मुक्त बनाने के लिए पूरी चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी किसी भी परिस्थिति मे परीक्षार्थी को एडमिट कार्ड के अलावे किसी अन्य सामग्री साथ रखने का छूट नही दिया गया था। परीक्षा का निरीक्षण कॉलेज के चेयरमैन अँजेश कुमार ने भी किया।



परीक्षा के दौरान निरीक्षण करते कॉलेज के चौयरमैन अँजेश कुमार।

# SAI COLLEGE OF TEACHER'S TRAINING

Recognized by ERC, NCTE Bhubaneswar & Affiliated to Munger University, Munger & BSEB, Patna

SH-83, "SAI DHAM" AT+PO-ONAMA, VIA-BARBIGHA (SHEIKHPURA)-811101

Email-Id- scott.nirman@gmail.com, Website - www.sctt.org.in

Contact: 8292705636, 7004053664



आओ राजनीति करें अब नारी की बारी

महासंग्राम लोकसभा चुनाव 2019

हिन्दुस्तान

पटना • शुक्रवार • 15 मार्च 2019 • 04




## बरबीघा में छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

बरबीघा | हिन्दुस्तान संवाददाता

"आओ मिलकर अलख जगायें शत-प्रतिशत मतदान करायें, सत्य और ईमान से, सरकार बने मतदान से... आदि नारों के साथ साईं टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्रशिक्षुओं और उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कुतुबचक के बच्चों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली।

रैली में शामिल बच्चे आसपास के गांवों में झांकी व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। साथ ही उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया। यह संदेश दिया गया कि मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार है और हमें इसका प्रयोग जरूर करना चाहिए। साईं कॉलेज ऑफ टीचर ट्रेनिंग में विशेष कार्यक्रम चल रहा है। प्रशिक्षु शिक्षक कुंदन कुमार, दीपावली कुमारी, संतोष कुमार व अन्य प्रशिक्षुओं ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। अध्यक्ष अंजेश कुमार ने कार्यक्रम के माध्यम से वोटर को जागरूक किया जा रहा है।

उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि मतदान के प्रति जागरूकता फैलाना काफी ही सराहनीय है। मौके पर प्रभारी प्राचार्य सर्वेश कुमार राय, विश्वजीत कुमार, राकेश गिरी, स्मिता कुमारी, खुशबू कुमारी, निभा शर्मा, आसीत अमन, रघुबीर, राजाराम, सीता राम सिंह तथा अन्य मौजूद थे।



बरबीघा में गुरुवार को मतदाता जागरूकता रैली में शामिल बच्चे व अन्य। • हिन्दुस्तान

## 12 लोगों पर सीसीए लगाने का प्रस्ताव

शेखपुरा | हिन्दुस्तान संवाददाता

### होंगे जिलाबदर

- कई और लोगों की सूची हो रही तैयार, 888 को 107 का नोटिस
- डीएम का आदेश मिलते ही इन लोगों पर होगी कार्रवाई

### पुलिस अफसरों की छुट्टी 30 मई तक रद्द

## कॉलेज के छात्र -छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

शेखपुरा। बृहस्पतिवार को साईं टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज ओनामा के प्रशिक्षुओ ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुतुब चौक में शिक्षण अभ्यास के दौरान वहां के बच्चों के साथ मिलकर कुतुब चक गांव एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में घूम-घूम कर झांकी, नुक्कड़ नाटक, बैनर पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरुक किया एवं उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया । गौरतलब है कि साईं कॉलेज ऑफ टीचर ट्रेनिंग ऑनामा में एस ई पी कार्यक्रम चल रहा है द्य जिसमें कि महाविद्यालय के प्रशिक्षु शिक्षक कुंदन कुमार, दीपावली कुमारी , संतोष कुमार, आदि प्रशिक्षुओ ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया



जागरूकता अभियान चलाते साईं कॉलेज के छात्र -छात्राएं।

इस कार्यक्रम में कुतुब चक विद्यालय के प्राचार्य .ण्णकांत वरीय शिक्षक शशीकांत, संतोष, विमल, मनमोहन शर्मा , सुरेंद्र , इत्यादि शिक्षकों का सहयोग रहा इन सभी ने बच्चों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में परिभ्रमण कर लोगों को जागरूक करने में विशेष सहयोग दिया। इसके साथ ही साईं कॉलेज ऑफ टीचर ट्रेनिंग के अध्यक्ष अँजेश कुमार ने प्रशिक्षुओ को बधाई देते हुए कहा कि यह एक सराहनीय कार्य है। इसके माध्यम से लोगों ने मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न होगी। कॉलेज के उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि महाविद्यालय के प्रशिक्षु स्कूल इंटर्नशिप के माध्यम से लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहे है जो कि एक बहुत ही सराहनीय एवं प्रशंसनीय कदम है । महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सर्वेश कुमार राय प्राध्यापक रविंद्र कुमार , विश्वजीत कुमार, राकेश गिरी, स्मिता कुमारी, खुशबू कुमारी, निभा शर्मा, आसीत अमन, रघुबीर, राजा राम, सीता राम सिंह का भी सहयोग रहा।

## पहले मतदान फिर जलपान के नारों के साथ जागरूकता रैली

शेखपुरा /बरबीघा ।सत्य और ईमान से सरकार बने मतदान से । आओ मिलकर अलख जगायें शत-प्रतिशत मतदान करायें। कुछ इन्हीं शब्दों के साथ साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा के प्रशिक्षुओ के नेतृत्व में उच्च विद्यालय मालदह में शिक्षण अभ्यास के दौरान वहां के बच्चों के साथ मिलकर गांव एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में घूम-घूम कर झांकी, नुक्कड़ नाटक, बैनर पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरुक किया । उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया और उन्हें यह समझाया कि मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार है । हमें इसका प्रयोग करना चाहिए । गौरतलब है कि साईं कॉलेज ऑफ टीचर ट्रेनिंग ऑनामा में एस ई पी कार्यक्रम चल रहा है द्य जिसमें कि महाविद्यालय के प्रशिक्षु प्रिंस कुमार, आदि प्रशिक्षुओ ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, सहायक शिक्षकों का सहयोग रहा इन सभी ने बच्चों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में परिभ्रमण कर लोगों को जागरूक करने में विशेष सहयोग दिया। इसके साथ ही साईं कॉलेज ऑफ टीचर ट्रेनिंग के अध्यक्ष अँजेश कुमार ने प्रशिक्षुओ को बधाई देते हुए कहा कि यह एक सराहनीय कार्य है। इसके माध्यम से लोगों ने मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न होगी। महाविद्यालय के उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि महाविद्यालय के प्रशिक्षु स्कूल इंटर्नशिप के माध्यम से लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहे है जो कि एक बहुत ही सराहनीय एवं प्रशंसनीय कदम है।





जागरूकता रैली में शामिल साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग के छात्र - छात्राएं।


दैनिक जागरण 15/3/1


## बरबीघा में छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

# SAI COLLEGE OF TEACHER'S TRAINING

Recognized by ERC, NCTE Bhubaneswar & Affiliated to Munger University, Munger & BSEB, Patna

SH-83, "SAI DHAM" AT+PO-ONAMA, VIA-BARBIGHA (SHEIKHPURA)-811101

Email-Id- scott.nirman@gmail.com, Website - www.sctt.org.in

Contact: 8292705636, 7004053664



दैनिक जागरण 18/3/19 www.jagran.com


# बीएड की परीक्षा का हुआ समापन

संवाद सहयोगी, बरबीघा : जिले के एक मात्र साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा में बीएड द्वितीय वर्ष सत्र की प्रायोगिक परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न कराई गई। इस वाह्य परीक्षा को संपन्न कराने के लिए तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के द्वारा नियुक्त वाह्य परीक्षक, उदय मेमोरियल बीएड कॉलेज रांची के प्राचार्य चंदन कुमार पंकज, आरएसपी कॉलेज झरिया धनबाद के विभागाध्यक्ष डॉ उपेंद्र कुमार, एएस कॉलेज देवघर के विभागाध्यक्ष डॉ विपिन प्रसाद सिंह एवं साहिबगंज कॉलेज साहिबगंज के रविंद्र प्रसाद शामिल हुए। परीक्षा में प्रशिक्षु शिक्षकों की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की गई । महाविद्यालय के चेयरमैन अंजेश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षुओं की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। महाविद्यालय के उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि बीएड सत्र (2017- 19) महाविद्यालय का प्रथम सत्र था जो सफलता सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा संपन्न कराने में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों का भरपूर सहयोग रहा। मौके पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सर्वेश कुमार राय, प्राध्यापक रविंद्र कुमार, विश्वजीत कुमार, राकेश गिरी, स्मिता कुमारी, खुशबू कुमारी, निभा शर्मा, आसीत अमन, रघुवीर शंकर सहयोग रहा



परीक्षा देते परीक्षार्थी • जागरण

## प्रतियोगिता में हर्ष ने मारी बाजी

संस, चेवाड़ा : रविवार को चेवाड़ा के वेलदारी मोहल्ले के सासंकृतिक भवन में युवा वर्ग ने क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया । क्विज प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न गांव के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया । प्रतियोगिता में टॉप करने वाले बच्चे को पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया । विकास कुमार ने बताया कि चेवाड़ा के वेलदारी मोहल्ले में युवा टीम के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चे को कम्पटीशन में बैठने की जागरुकता लेने और बच्चे का हौसला बढाने के उदेशय से किया गया था । इस प्रतियोगिता में वर्ग छह से वर्ग दस तक के बच्चे ने हिस्सा लिया । इस प्रतियोगिता में वर्ग अनुसार मैथ, रिजनिंग, जेनरल नॉलेज से सम्बन्धित प्रश्न पूछे गये थे। वर्ग दशम के हर्ष कुमार ने सबसे अधिक अंक लाकर प्रथम स्थान पाया। इसे आयोजकों ने साईकिल पुरस्कार में देकर सम्मानित किया । इसी तरह ओंकार कुमार दूसरे स्थान पर और चिन्टु कुमार तीसरे स्थान पर अपनी जगह बनाई । सभी को पुरस्कार दिया गया।

# प्रशिक्षुओं का विद्यालय आधारित गतिविधि कार्यक्रम शुरू

**शेखपुरा /शेखोपुरसराय (एसएनबी)।** जिले के साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा के बीईएड सत्र द्व2018-20) एवं डीईएलएड सत्र द्व2018-20) के सभी प्रशिक्षुओ को स्कूल आधारित गतिविधि कार्यक्रम को संपन्न कराने हेतु 5 अप्रैल से बरबीघा एवं उस के आस - पास के सरकारी विद्यालयों में नियुक्त किया गया है । यह कार्यक्रम 28 दिनों तक चलेगा । जिसके अंतर्गत प्रशिक्षु विद्यालय में होने वाली समस्त गतिविधियों के बारे मे अवगत होंगे । एवं वहां के पठन - पाठन कार्यप्रणाली से संबंधित जानकारी प्राप्त भी करेंगे । कॉलेज के अध्यक्ष अँजेश कुमार ने कहा कि कॉलेज में प्रशिक्षण ले रहे सभी प्रशिक्षुओ को उनके पाठ्यक्रम में सम्मिलित सभी प्रकार की गतिविधियां कराई जा रही है । जिससे कि प्रशिक्षुओ का सर्वांगीण विकास हो सके और वह एक अच्छा शिक्षक बनकर अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकें । कॉलेज के उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि एनसीटीई एवं विश्व विद्यालय



पठन -पाठन कार्यप्रणाली से अवगत होने स्कूल पहुंचे प्रशिक्षु।

पाठ्यक्रम के अनुसार विद्यालय आधारित गतिविधि को संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षुओं को डीईओ शेखपुरा के द्वारा नामित विद्यालयो में भेजा गया है और प्रत्येक विद्यालय में साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा के प्राध्यापकों को निरीक्षण कार्य करने के लिए नियुक्त भी किया गया है। जैसे - अभ्यास हाई स्कूल शेखपुरा में सर्वेश कुमार राय, राजराजेश्वरी हाई स्कूल मे विश्वजीत कुमार ,प्लस टू हाई स्कूल बरबीघा में राकेश गिरी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय लक्ष्मीपुर में रविंद्र कुमार , तैलिक बालिका हाई स्कूल बरबीघा मे अस्मिता कुमारी, इत्यादि । इसके अतिरिक्त विद्यालयों के निरीक्षण कार्य को संपूर्ण रूप से संपन्न कराने के लिए कॉलेज में एक विशेष कमेटी भी बनाई गई है जिसके अंतर्गत प्रत्येक प्रशिक्षु को विद्यालय में प्रवेश के साथ ही अपनी स्वयं की फोटो एवं उपस्थिति पंजी का छायांकन कॉलेज को वाट्सएप के द्वारा उपलब्ध कराना है । जिससे कि विद्यालय आधारित गतिविधि को अच्छे से संपन्न कराया जा सके । इस कार्यक्रम को संपन्न कराने में विशेष सहयोग के लिए उदयभान , खुश्बू, निभा कुमारी, रघुवीर शंकर , राजा राम , आसित अमन , सीताराम सिंह आदि को नियुक्त किया गया है।

# प्रशिक्षण के लिए नियुक्त किए गए प्रशिक्षु अभ्यर्थी

**शेखोपुरसराय**| के ओनामा गांव स्थित साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग के बीएड सत्र (2018-20) एवं डीएलएड सत्र (2018-20) के सभी प्रशिक्षुओ को स्कूल आधारित गतिविधि के संबंध में प्रशिक्षण को लेकर बरबीघा एवं उसके आस-पास के सरकारी विद्यालयों में नियुक्त किया गया है। यह कार्यक्रम 28 दिनों तक चलेगा। जिसके अंतर्गत प्रशिक्षु विद्यालय में होने वाली समस्त गतिविधियों के बारे में अवगत होंगे एवं वहां के पठन-पाठन कार्यप्रणाली से संबंधित जानकारी प्राप्त भी करेंगे। महाविद्यालय के अध्यक्ष अँजेश कुमार ने कहा कि महाविद्यालय में प्रशिक्षण ले रहे सभी प्रशिक्षुओ को उनके पाठ्यक्रम में सम्मिलित सभी प्रकार की गतिविधियां कराई जा रही है। जिससे प्रशिक्षुओ का सर्वांगीण विकास हो सके और वे एक अच्छा शिक्षक बनकर अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकें। महाविद्यालय के उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि एनसीटीई पाठ्यक्रम के अनुसार विद्यालय आधारित गतिविधि को संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षुओं को जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा नामित विद्यालयों में भेजा गया है।

SAI COLLEGE OF TEACHER'S TRAINING
Recognized by ERC, NCTE Bhubaneswar & Affiliated to Munger University, Munger & BSEB, Patna
SH-83, "SAI DHAM" AT+PO-ONAMA, VIA-BARBIGHA (SHEIKHPURA)-811101
Email-Id- scott.nirman@gmail.com, Website - www.sctt.org.in
Contact: 8292705636, 7004053664

# महावीर जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित



अभियान में शामिल सांई कॉलेज के प्रशिक्षु.

**बरबीघा.** भगवान महावीर के जन्मदिवस के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न संस्थाओं द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किया गया. साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज ओनामा के प्रशिक्षुओं ने शिक्षण प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान प्लस टू उच्च विद्यालय हथियावां में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया. गौरतलब है कि साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा में विद्यालय आधारित गतिविधि कार्यक्रम चल रहा है. जिसमें की महाविद्यालय के प्रशिक्षु शिक्षक राम ज्ञान, योगेंद्र कुमार, गौरव लाल, कुंदन वर्मा, जटाशंकर, प्रियंका कुमारी, प्रभाकर कुमार, रोहित कुमार, नवीन कुमार, आर्यन राज आदि प्रशिक्षुओं ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया. इस कार्यक्रम में प्लस टू हाई स्कूल हथियावां के प्राचार्य चंद्रदेव प्रसाद यादव वरीय शिक्षक बृजेश कुमार, सुभाष कुमार, ज्योति कुमारी, स्मिता कुमारी इत्यादि शिक्षकों का भी सहयोग रहा. साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा के अध्यक्ष अंजेश कुमार ने कहा भगवान महावीर ने दुनिया को सत्य, अहिंसा का पाठ पढ़ाया. महावीर ने अहिंसा को सर्वोपरि बताया और जैन धर्म के पंचशील सिद्धांत दिए. इनमें अहिंसा, सत्यों, अपरिग्रह, अस्ते य और ब्रहिच्र्य शामिल हैं. महाविद्यालय के उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि भगवान महावीर का आत्म धर्म जगत की प्रत्येक आत्मा के लिए समान था.


# जयंती पर याद किये गए वीर कुंवर सिंह

**शेखपुरा /शेखोपुरसराय (एसएनबी)।** देश के महान स्वतन्त्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह की जयंती पर मंगलवार के दिन उन्हें जगह जगह श्रद्धापूर्वक याद किया गया। साथ ही जयंती समारोह आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, ओनामा के प्रशिक्षुओं ने शिक्षण प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान प्लस टू उच्च विद्यालय हथियावां, शेखपुरा में सभी प्रशिक्षुओं ने मिलकर बच्चों को बल, धैर्य और साहस का परिचय देते हुए बच्चों के बीच वीर कुंवर सिंह के ऐतिहासिक विचारों को दुहराया और साथ ही भाषण प्रतियोगिता के दौड़ान बच्चों में देश के प्रति जागरूक करवाए । बहुत ही गर्व की बात है कि साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा में विद्यालय आधारित गतिविधि कार्यक्रम चल रहा है जिसमें की महाविद्यालय के प्रशिक्षु शिक्षक राम ज्ञान, योगेंद्र कुमार, गौरव लाल, कुंदन वर्मा, जटाशंकर, प्रियंका कुमारी,प्रभाकर कुमार, रोहित कुमार, नवीन कुमार, आर्यन राज, आदि प्रशिक्षुओं ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्लस टू हाई स्कूल हथियावां के प्राचार्य चंद्रदेव प्रसाद यादव वरीय शिक्षक बृजेश कुमार, सुभाष कुमार, ज्योति कुमारी, स्मिता कुमारी ने सभी प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी । साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा के अध्यक्ष अंजेश कुमार ने प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए कहा कि वीर कुंवर सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का कार्यक्रम का आयोजन करना बहुत ही सराहनीय एवं अनुकरणीय कार्य है । 1857 के सिपाही विद्रोह में कुंवर सिंह सबसे महत्वपूर्ण और प्रभावशाली स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे। महाविद्यालय के उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि - जब 1857 में भारत के सभी भागो में लोग ब्रिटिश अधिकारियो का विरोध कर रहे थे, तब बाबु कुंवर सिंह अपनी आयु के 80 साल पुरे कर चुके थे। इसी उम्र में वे ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ लड़े। लगातार गिरती हुई सेहत के बावजूद जब देश के लिए लढने का सन्देश आया, तब वीर कुंवर सिंह तुरंत उठ खड़े हुए और ब्रिटिश सेना के खिलाफ लड़ने के लिए चल पड़े, लड़ते समय उन्होंने अटूट साहस, धैर्य और हिम्मत का प्रदर्शन किया था। प्रशिक्षुओं को बधाई देने वाले में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सर्वेश सर्वेश कुमार राय सहायक प्राध्यापक रविंद्र कुमार, राकेश गिरी, विश्वजीत कुमार, उदयभान, स्मिता कुमारी खशबु कुमारी विभा कुमारी, रघबीर शंकर, राजा राम, सीता राम सिंह, आसित अमन शामिल है।



जयंती समारोह में शामिल शिक्षक एवं प्रशिक्षु छात्र - छात्राएं।

# महावीर ने दुनिया को अहिंसा का पढ़ाया पाठ



साफ-सफाई करते छात्र एवं प्रशिक्षु शिक्षक।

चापाकल पर पानी लेने को लेकर विवाद

25/4/19

**दैनिक भास्कर**

## राष्ट्रकवि दिनकर की मनाई गई पुण्यतिथि

सिटी रिपोर्टर शेखोपुरसराय



कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राएं।

शेखोपुरसराय प्रखंड अंतर्गत साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा के प्रांगण में राष्ट्रकवि दिनकर की पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान साई कॉलेज के प्राध्यापकों ने राष्ट्रकवि द्वारा निर्मित कविताओं का पाठ किया। वहीं कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने अपनी रचनाओं की भी प्रस्तुति दी। मौके पर महाविद्यालय के अध्यक्ष अंजेश कुमार ने कहा कि दिनकर जी का जन्म 23 सितंबर 1908 को बिहार के बेगूसराय जिले के सिमरिया गाँव में हुआ था। उन्होंने पटना विश्वविद्यालय से इतिहास, दर्शनशास्त्र और राजनीति विज्ञान में बीए किये थे। उनकी महान रचनाओं में रश्मिरथी और परशुराम की प्रतीक्षा शामिल है। उर्वशी को छोड़कर दिनकर की अधिकतर रचनाएँ वीर रस से ओतप्रोत है। भूषण के बाद उन्हें वीर रस का सर्वश्रेष्ठ कवि माना जाता है। महाविद्यालय के उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि दिनकर जी अहिंदी भाषियों के बीच हिन्दी के सभी कवियों में सबसे ज्यादा लोकप्रिय थे और अपनी मातृभाषा से प्रेम करने वालों के प्रतीक थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राचार्य सर्वेश कुमार राय, सहायक प्राध्यापक रविंद्र कुमार, अस्मिता कुमारी, खुशबू कुमारी, निभा कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

---

**प्रभात खबर** 6/8

...क संवेदना व्यक्त करने ...मति सदस्य मानी जाती ...साथ क्षेत्र के समस्या ...लावा अधिकारियों में को गायब कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि लंबे संघर्ष के बाद जांच की कार्रवाई में बड़े अनियमितताओं का भी खुलासा हुआ. लेकिन संचिका गायब हो जाने की स्थिति में जांच इस मामले में विद्यालय के वरीय शिक्षक शैलेंद्र प्रियदर्शी को कई माह पहले प्रभार लेना था. इस दिशा में पुनः सख्त आदेश के बाद भी प्रभार अब तक नहीं एचएम के द्वारा प्रभार नहीं दिया जा सका.

## याद किये गये राष्ट्रकवि दिनकर



साईं कॉलेज में आयोजित समारोह में शामिल प्रशिक्षु शिक्षकगण.

### 44वीं पुण्यतिथि पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा दी गयी श्रद्धांजलि

**बरबीघा (शेखपुरा).** सिंहासन खाली करो कि जनता आती है' जैसी क्रांतिकारी पंक्तियों के साथ उर्वशी, रश्मि रथी जैसे पद्य संग्रह के रचयिता राष्ट्रकवि के नाम से विभूषित रामधारी सिंह दिनकर को बुधवार को विभिन्न संस्थाओं के द्वारा उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि दी गयी. संस्थापक प्राचार्य के पद को सुशोभित कर चुके फ्लस टू उच्च विद्यालय में स्थापित उनके आदमकद प्रतिमा पर विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद हसन जुनैद वारसी सहित सभी शिक्षकों ने माल्यार्पण किया और उनके व्यक्तित्व कृतित्व तथा रचनाओं की चर्चा करते हुए, उपस्थित छात्र-छात्राओं को इन से प्रेरणा लेने की नसीहत दी. इसी प्रकार साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग महाविद्यालय के चेयरमैन अंजेश कुमार की अध्यक्षता में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में नामांकित प्रशिक्षु शिक्षकों ने रामधारी सिंह दिनकर की रचनाओं का पाठ करते हुए साहित्यसेवी के रूप में राष्ट्रकवि को याद किया. एसकेआर कॉलेज के पाली विभागाध्यक्ष तथा साहित्य परिषद के सक्रिय सदस्य डॉ. वीरेंद्र पांडेय, प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. कृष्ण मुरारी प्रसाद सिंह, जगदंबा उच्च विद्यालय के शिक्षक डॉ. शशांक कुमार, इतिहासकार डॉ. सुखेंदु मोहन, शिक्षाविद डॉ. अजय झा आदि गण्यमान्य लोगों ने भी राष्ट्रकवि दिनकर को नमन किया और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की.

---

**आज**

## धूमधाम से मनायी गयी राष्ट्रकवि दिनकर की पुण्यतिथि



बरबीघा ( शेखपुरा ) ( ससू )। ओनामा स्थित साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग के प्रांगण में राष्ट्रकवि दिनकर की पुण्यतिथि समारोहपूर्वक मनायी गयी। जिसमें साई कॉलेज के प्राध्यापकों ने राष्ट्रकवि द्वारा निर्मित कविताओं का पाठ किया एवं अपनी रचनाओं से भी सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। महाविद्यालय के अध्यक्ष अंजेश कुमार ने कहा कि दिनकर जी का जन्म 23 सितम्बर 1908 को बिहार के बेगूसराय जिले के सिमरिया गांव में हुआ था।

उन्होंने पटना विश्वविद्यालय से इतिहास, दर्शनशास्त्र और राजनीति विज्ञान में बीए किये थे। उनकी महान रचनाओं में रश्मिरथी और परशुराम की प्रतीक्षा शामिल है। दिनकर की अधिकतर रचनाएं वीर रस से ओतप्रोत है। इसी तरह महाविद्यालय के उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि दिनकर जी अहिंदी भाषियों के बीच हिन्दी के सभी कवियों में सबसे ज्यादा लोकप्रिय थे। अपनी मातृभाषा से प्रेम करने वालों के प्रतीक थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राचार्य सर्वेश कुमार राय, सहायक प्राध्यापक रविन्द्र कुमार, राकेश गिरी, विश्वजीत कुमार, उदयभान, अस्मिता कुमारी, खुशबू कुमारी, निभा कुमारी, प्रियंका कुमारी, रघुवीर शंकर, राजाराम आसित, अमन, सीताराम सिंह सहित सभी प्राध्यापक एवं प्रशिक्षु उपस्थित थे।

---

**दैनिक जागरण** 25/4/19

स्मरण | लोगों ने किया राष्ट्रकवि द्वारा लिखित कविताओं का पाठ

## पुण्यतिथि पर याद किए गए राष्ट्रकवि



दिनकर जी की पुण्यतिथि पर उपस्थित प्रशिक्षु • जागरण

संवाद सहयोगी, बरबीघा : हम उसी धर्म की लाश यहां ढोते हैं, शोणित से सन्तों का कलंक धोते हैं। इन पंक्तियों के रचयिता राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की पुण्यतिथि पर समारोह आयोजित कर याद किया गया।

मुख्य समारोह का आयोजन साई कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनामा में किया गया। मौके पर लोगों ने राष्ट्रकवि द्वारा लिखित कविताओं का पाठ किया। साथ ही स्वरचित रचनाओं का पाठ भी किया। मौके पर प्रशिक्षुओं ने भी अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी। महाविद्यालय के अध्यक्ष अंजेश कुमार ने कहा कि दिनकर जी का जन्म 23 सितंबर 1908 को बिहार के बेगूसराय जिले के सिमरिया गांव में हुआ था। ... विश्वविद्यालय से इतिहास ... और राजनीति विज्ञान में ... उनकी महान रचनाओं में ... परशुराम की प्रतीक्षा शामिल है। उर्वशी को छोड़कर दिनकर की अधिकतर रचनाएं वीर रस से ओतप्रोत है। भूषण के बाद उन्हें वीर रस का सर्वश्रेष्ठ कवि माना जाता है।

महाविद्यालय के उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि दिनकर जी अहिंदी भाषियों के बीच हिन्दी के सभी कवियों में सबसे ज्यादा लोकप्रिय हैं और अपनी मातृभाषा से प्रेम करने वालों के प्रतीक हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राचार्य सर्वेश कुमार राय, सहायक प्राध्यापक रविंद्र कुमार, राकेश गिरी, विश्वजीत कुमार, उदयभान, अस्मिता कुमारी, खुशबू कुमारी, निभा कुमारी, प्रियंका कुमारी, रघुवीर शंकर, राजाराम, आसित, अमन, सीता राम सिंह, सहित अन्य उपस्थित थे।